सूर्योदय 7:01 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.5 न्यू | 17 अधि |
| धर्मशाला | 11.5 न्यू | 22 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,706.67 |
| निफ्टी | 26,202.95 |
| सोना | 1,26,591 |
| चांदी | 1,64,359 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 30 नवंबर 2025 | 15 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 333, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS

NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.) / Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC / Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.: B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE: ITI in ELECTRICIAN, SANITARY HEALTH INSPECTOR, SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL), FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY: B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES: M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING: B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION: D.EL.Ed, B.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

CONTACT FOR ADMISSION: 9816005139, 9816400520, 9816700520 9816242139, 9816102238 / Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in, Email: abhilashigroup@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडेन के 92% ऑर्डर्स किए रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में जारी किए गए 92% एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स को रद्द कर दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने का दावा है कि ये सभी ऑटोपेन (मशीन से दस्तखत) से साइन किए गए थे, जो बिना बाइडेन की मंजूरी के अवैध हैं। इस कदम से बाइडेन के कई महत्वपूर्ण एक्जीक्यूटिव ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े नियम शामिल हैं। उन्होंने बाइडेन को 'स्लीपी (सुस्त) जो' और 'क्रुक्ड (चालाक) जो' कहते हुए धमकी दी कि अगर बाइडेन इन दस्तावेजों पर अपनी सहमति का दावा करेंगे तो उन पर 'झूठे बयान' के आरोप लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

### प. बंगाल में भी वक्फ संशोधन कानून लागू

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसंबर 2025 तक केंद्र सरकार की एमआईडी वेबसाइट पर अपलोड करें। वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

**एजेंसी नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट का यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं। ईडी ने इन नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- नादौन में शहरी भूमि अभिलेखों की होगी आधुनिक और वैज्ञानिक मैपिंग -पेज 2
- हिमाचल के जंगल: दो सदियों का दोहन और आज का संकट -पेज 3
- पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता: नेगी -पेज 5
- सड़क सुरक्षा और नशे पर नकेल के लिए एक्शन में जिला प्रशासन -पेज 10
- कालाअंब के डिजिटल विजन के मालिकों के खिलाफ वारंट जारी -पेज 12

# सस्ते राशन की पात्रता में गड़बड़झाला

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हिमाचल में 2222 मृतकों को भी मिल रहा राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत मिलने वाले सस्ते और मुफ्त राशन की पात्रता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई सूची ने मानो पूरे सिस्टम की परतें उधेड़कर रख दी हैं। 28.24 लाख लाभार्थियों में से 5 लाख 71 हजार 625 लोगों को 'संदिग्ध' बताया गया है। इनमें 2222 ऐसे नाम शामिल हैं, जिनकी मौत का प्रमाण पत्र जारी हो चुका है, फिर भी वे अब भी राशन कार्डों में दर्ज हैं। यह आंकड़ा प्रशासनिक लापरवाही की एक ऐसी तस्वीर पेश करता है, जो आम आदमी के हक पर भारी पड़ती रही है।

केंद्र की रिपोर्ट में कई और चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। 2918 वाहनधारक अब भी मुफ्त राशन ले रहे हैं, जबकि हजारों परिवार आय सीमा और भूमि सीमा से बाहर पाए गए हैं। वहीं फूड एंड सिविल सप्लाई विभाग की अपनी जांच में 40 हजार दोहरे पंजीकरण भी पकड़े गए, जिसके बाद संदिग्ध लाभार्थियों की कुल संख्या अब 5.32 लाख मानी जा रही है।




**5.71 लाख 'संदिग्ध' लाभार्थी केंद्र ने भेजी लिस्ट**

जानकारी के मुताबिक, जिला स्तर पर टीमें घर-घर जाकर पात्रता की दोबारा जांच कर रही हैं और अब तक 21 हजार से अधिक लाभार्थियों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है।

### अपात्रों को लिस्ट से बाहर करने के आदेश

**केंद्र** का मानना है कि बहुत से लाभार्थियों के पास वाहन, कई परिवारों की वार्षिक आय तय सीमा से अधिक, एक हेक्टेयर से ज्यादा खेती योग्य भूमि, कुछ मृतक भी राशन कार्ड से शामिल, कई कार्डधारकों ने 6 महीनों से राशन नहीं लिया और कुछ ने डबल पंजीकरण करवा रखा है। केंद्र ने फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद ऐसे लोगों को पात्रता लिस्ट से बाहर करने को कहा है, ताकि योजना का लाभ पात्र गरीबों को मिल सके।

### एनएफएसए के तहत यह मिलती है सुविधा

**एनएफएसए** में तीन कैटेगरी में राशन दिया जा रहा है। प्राथमिकता प्राप्त घरेलू (पीएचएच), बीपीएल और अंत्योदय शामिल हैं। हिमाचल में करीब 7 लाख राशन कार्डधारक एनएफएसए के तहत राशन ले रहे हैं। इसमें प्रति राशन कार्ड हर सदस्य को दो किलो चावल निशुल्क, जबकि आटा 1 रुपए 20 पैसे प्रतिकिलो दिया जा रहा। राशन कार्ड में प्रति सदस्य 2 किलो 800 ग्राम आटा दिया जा रहा है। इसके अलावा चीनी 13 रुपए प्रतिकिलो, सभी दालें व रिफाइंड, तेल एपीएल से 10 रुपए सस्ता दिया जा रहा है।

### एनएफएसए में इनको किया गया है शामिल

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा चयनित बीपीएल, अंत्योदय परिवारों को एनएफएसए में शामिल किया गया है। इनके अलावा, एकल नारी, विधवाओं, दिव्यांगों को भी एनएफएसए के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इसके लिए व्यक्ति के पास कोई गाड़ी, एक हेक्टेयर से ज्यादा खेती योग्य जमीन और परिवार में कोई सरकारी नौकरी में नहीं होनी चाहिए।

### अपात्रों की वेरिफिकेशन जारी: सुरेंद्र राठौर

**फूड** एंड सिविल सप्लाई के एडिश्नल डायरेक्टर सुरेंद्र राठौर ने बताया कि केंद्र की ओर से भेजी गई सूची के आधार पर सभी संदिग्ध नामों की गहन जांच चल रही है। विभाग का दावा है कि पात्र गरीबों का हक किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा और जो लोग गलत तरीके से सूची में शामिल हुए हैं, उन्हें बाहर किया जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश को नए साल में मिलेगा नया मुख्य सूचना आयुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के दोनों अहम पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, लेकिन अब नए साल की दस्तक के साथ प्रदेश को नए नियुक्त अधिकारी मिलने की उम्मीद जग गई है। सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं। 27 दिसंबर शाम पांच बजे तक दावेदार अपने आवेदन दे सकेंगे।

**एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म विभाग ने मांगे आवेदन 27 दिसंबर अंतिम तारीख**

जानकारी के अनुसार लगभग पांच महीने से सीआईसी और छह महीने से आईसी का पद रिक्त है। इन दोनों पदों के खाली रहने से सूचना आयोग लगभग ठहर-सा गया है और आरटीआई अपीलों का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है।

सुनवाई के अभाव में कई मामले फाइलों में कैद हैं और आम लोग हक़-ए-मालूमात से वंचित महसूस कर रहे हैं। माना जा रहा है कि नए साल की शुरुआत में आयोग की रौनक लौटेगी। राज्य सरकार जुलाई में भी इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित कर चुकी थी, जिसमें करीब 22 दावेदारों ने दस्तावेज जमा करवाए थे।

विभाग ने इसके बाद चयन संबंधी फाइल सरकार को भेज भी दी थी, मगर सरकार ने पुराने विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया। इसके चलते अब दोबारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक कार्यकाल

**सूचना** का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(5) व (6) के अनुसार वही व्यक्ति इन पदों का पात्र होगा, जो सार्वजनिक जीवन में उच्च मर्यादा रखता हो और कानून, विज्ञान एवं तकनीक, सामाजिक सेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंपर्क या प्रशासन जैसे क्षेत्रों में गहरा अनुभव रखता हो। वहीं सांसद, विधायक, राजनीतिक दल से जुड़े लोग या लाभ के किसी पद पर बैठे व्यक्ति इन पदों के लिए अयोग्य माने जाएंगे। इन पदों पर नियुक्ति तीन वर्ष या फिर 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगी।

# उत्तराखंड से जुड़े दिल्ली ब्लास्ट के तार

## आतंकी उमर के संपर्क में था बनभूलपुरा का मौलाना आसिम, गिरफ्तार

**एजेंसी, हल्द्वानी**

दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकी उमर के तार हल्द्वानी से जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, उमर के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स खंगालते हुए दिल्ली पुलिस की टीम शुक्रवार रात करीब ढाई बजे हल्द्वानी के बनभूलपुरा में पहुंची और बिलाली मस्जिद के इमाम मौलाना आसिम को पकड़ अपने साथ दिल्ली ले गई।

देर रात मुस्लिम बाहुल क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के बाद तनाव और माहौल बना रहा, जिसके बाद मस्जिद के पास पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए हैं, इसके साथ ही पूरे बनभूलपुरा एरिया में भी चेकिंग की जा रही है, हर आने जाने वाले वाहन की सघन तलाशी की जा रही है। रात को ही एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा और सीओ भवाली अमित सैनी, सीओ रामनगर सुमित कुमार पांडे और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस ने सुबह मस्जिद और इमाम के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। (अनंत ज्ञान)

### आतंकी शाहीन के फ्लैट से 18.50 लाख मिले



**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में शामिल डॉ. शाहीन सईद के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के फ्लैट से 18.50 लाख कैश सहित सोने के बिस्किट और गहने मिले है। अलमारी से अरब देशों की करेंसी भी मिली है। वीरवार की रात को जांच एजेंसी एनआईए शाहीन को लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अंदर शाहीन का 22 नंबर फ्लैट है। इस फ्लैट में वह काफी समय तक रही। जांच एजेंसी ने फ्लैट में रखी अलमारी का लॉक खुलवाया तो अंदर सीक्रेट लॉकर मिला। इसको खुलवाया गया तो अंदर कई पैकेट रखे हुए थे। इन पैकेट में 500-500 रुपए के नोट थे। टीम ने पैसे गिने तो ये 18.50 लाख रुपए निकले।

## मुनीर को मिली ताकत से संयुक्त राष्ट्र चिंतित

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को मिलीं बेहताशा ताकत पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। यूएन ह्यूमन राइट एजेंसी के हाई कमिश्नर वोल्कर टर्क ने कहा कि 27वां संविधान संशोधन न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है। टर्क ने शुक्रवार रात को बयान जारी कर कहा कि यह बदलाव उन जरूरी कानूनी नियमों (रूल ऑफ लॉ) को भी कमजोर कर सकता है, जिनसे देश में कानून-व्यवस्था बनी रहती है। बता दें कि पाकिस्तान में 12 नवंबर को संसद ने सेना की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट की ताकत कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दी थी। (अनंत ज्ञान)



# मुख्यमंत्री के अचानक दिल्ली जाकर शिमला लौटने से सियासी हलचल तेज

## राजधानी शिमला का माहौल भी एकाएक गरमाया

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** धर्मशाला के तपोवन में चल रहे शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शनिवार को भले ही न हो पाई हो, लेकिन सियासत के गलियारों में हलचल तेज रही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार सुबह अचानक दिल्ली रवाना हुए और शाम को वापस शिमला भी लौट गए। दिल्ली में उन्होंने हाईकमान से मुलाकात की। दिलचस्प यह रहा कि दिल्ली में पहले से ही डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार मौजूद थे। इन तीनों नेताओं की एक साथ मौजूदगी ने सियासी फिजा में नए सवाल पैदा कर दिए कि आखिर क्या रणनीति बुनी जा रही है। थोड़ी ही देर बाद वे सीधे शिमला लौट आए, जिसने पूरे घटनाक्रम को और रहस्यमयी बना दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को मुख्यमंत्री के लौटते ही राजधानी का माहौल भी एकाएक गरमा गया है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार के पदभार ग्रहण का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन कांग्रेस के लिए किसी शक्ति प्रदर्शन से कम नहीं माना जा रहा, जहां मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, सभी मंत्री, फ्रंटल संगठनों के नेता और हिमाचल मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल भी मौजूद रहेंगी। विनय कुमार के लिए यह एक तरह से अपनी ताकत दिखाने का मौका होगा, तो वहीं पार्टी के लिए गुटबाजी के सभी साये हटाकर एकजुटता का संदेश देने का अवसर।

**दिल्ली में पहले से मौजूद थे डिप्टी सीएम मुकेश और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय**

### सुक्खू के मास्टर स्ट्रोक के साथ विनय कुमार से तालमेल बैठाने पर भी चर्चा



**सबसे** दिलचस्प बात यह है कि अब तक संगठन चुनावों पर दूरी बनाए रखने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू ने अचानक विनय कुमार के नाम पर अपनी सहमति जता दी है। इसे सियासी हलकों में मास्टर स्ट्रोक की तरह देखा जा रहा है। विनय कुमार पहले ही साफ कर चुके हैं कि संगठन और सरकार एक सुर, एक ताल और एक दिशा में आगे बढ़ेंगे और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। अब सुक्खू और विनय के बीच यह नया तालमेल आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति का स्वरूप बदलेगा या फिर यह केवल औपचारिकता साबित होगा। यही देखने लायक होगा। फिलहाल, शिमला से लेकर दिल्ली और धर्मशाला तक की यह सियासी यात्रा कई नए संकेत छोड़ गई है।

# सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण भारत में सैकड़ों फ्लाइट्स प्रभावित

## दुनियाभर में एयरबस के ए-320 विमानों में सोलर रेडिएशन का खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सॉफ्टवेयर अपटेड के कारण भारत में इंडिगो और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइन्स की ए-320 सीरीज की सैकड़ों फ्लाइट्स के प्रभावित हुई हैं।




दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए-320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे तक कुल 338 विमानों में से ए-320 सीरीज के 189 विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन पूरा हो चुका है। सभी प्रभावित विमानों में सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन 30 नवंबर को सुबह 5:29 बजे तक पूरा होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### 6,000 फ्लाइट्स पर असर

**तकनीकी** खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए-320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके कारण दुनियाभर में 6,000 विमानों के ऑपरेशन पर असर पड़ सकता है। सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण भारत में अब तक कोई उड़ान रद्द नहीं हुई है, लेकिन कुछ उड़ानों में 60-90 मिनट की देरी हो रही है। भारत में इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ए-320 सीरीज के विमानों का संचालन करती हैं।

**मौसम** शुष्क ठंड से मिलेगी राहत; 27 शहरों में 10 डिग्री से नीचे आया पारा, कई जगह कोहरा

# हिमाचल में 4 दिसंबर से बारिश और बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से चला आ रहा ड्राइ स्पेल (सूखे का समय) टूटने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, चार दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इससे 4 और 5 दिसंबर को अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले कुछ एक क्षेत्रों में हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार बन रहे हैं।

प्रदेश में डेढ़ महीने से बारिश नहीं हुई। इससे सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है। प्रदेश के सभी शहरों में रात का पारा 10 डिग्री या इससे नीचे गिर गया है। इससे ऊंचे क्षेत्रों के साथ साथ मैदानी इलाकों में भी निरंतर ठंड बढ़ रही है। तीन जगह का तापमान माइनस यानी जमाव बिंदू से नीचे, 16 शहरों का 5 डिग्री से कम और 26 जगह 10 डिग्री से नीचे गिर गया है। सुबह और शाम व रात के वक्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।



**लाहौल-स्पीति के ताबो में पड़ रही कड़ाके की ठंड, तापमान माइनस 7.1 डिग्री पहुंचा**

लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है, यहां का तापमान माइनस 7.1 डिग्री पहुंच गया। इसके अलावा कुकुमसेरी में भी पारा माइनस 5.7 डिग्री और कल्पा में तापमान माइनस 0.4 डिग्री तक गिर चुका है। किन्नौर के रिकांगपिओ, सेअबाग, भुंतर और मनाली सहित कई शहरों में न्यूनतम तापमान 0 से 3 डिग्री के बीच तक गिर गया है।

### कोहरे से विजिबिलिटी 100 मीटर से भी नीचे


**राज्य** के ऊना, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों में कई जगह शनिवार सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। इससे कई जगह विजिबिलिटी 100 मीटर से भी नीचे गिर गई। अगले कल और परसों भी मौसम विभाग ने इन जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट जारी कर रखा है। राज्य के सुंदरनगर, बजौरा, सोलन, पालमपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जैसे अपेक्षाकृत कम ऊंचाई वाले शहरों में भी पारा 5 डिग्री से नीचे तक जा पहुंचा। इन इलाकों में भी सुबह के समय कोहरा छा रहा है। इससे लोगों की दुश्वारियां बढ़ रही है।

### शिमला से ज्यादा ठंडे हुए सोलन व कांगड़ा

**प्रदेश** की राजधानी शिमला की तुलना में मैदानी इलाकों में ज्यादा ठंड पड़ रही है। शिमला का रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोलन का 2.7 डिग्री, कांगड़ा का 4.6 सुंदरनगर 2.0 डिग्री, भुंतर 2.0 डिग्री, पालमपुर 4.0 डिग्री, मनाली 1.3 डिग्री, धर्मशाला 5.5 डिग्री, मंडी का 4.7 डिग्री, हमीरपुर का न्यूनतम तापमान 3.7 और बिलासपुर का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री तक लुढ़क गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में राज्य में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।

## भारत के स्वभाव में झगड़ा नहीं, भाईचारा : भागवत

**एजेंसी, मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा, 'झगड़ों में पड़ना भारत के स्वभाव में नहीं है, देश की परंपरा ने हमेशा भाईचारे और सामूहिक सद्भाव पर जोर दिया है।' भारत का राष्ट्रवाद का कॉन्सेप्ट पश्चिमी व्याख्याओं से पूरी तरह अलग है। नागपुर में नेशनल बुक फेस्टिवल में भागवत ने कहा, 'एक बार जब कोई राय बन जाती है, तो उसके अलावा कुछ भी मंजूर नहीं होता। ऐसी राय दूसरी बातों के लिए दरवाजा बंद कर देती हैं। उन बातों को बहस कहा जाता है।' भागवत ने कहा कि पश्चिम देश नेशनहुड के बारे में हमारे विचार नहीं समझते, इसलिए उन्होंने इसे नेशनलिज्म कहना शुरू कर दिया। राष्ट्र का हमारा कॉन्सेप्ट वेस्टर्न देशों के नेशन के आइडिया से अलग है। (अनंत ज्ञान)



# विनय कुमार आज संभालेंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय पूरे रंग में डूबा दिखाई दिया। स्वागत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया, जहां हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा से लेकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, राज्य सहकारी बैंक निदेशक मंडल के सदस्य हरिकृष्ण हिमराल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का मुआयना किया। रविवार को कांग्रेस संगठन अपने नव नियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार का औपचारिक स्वागत करेगा। दोपहर बाद विनय कुमार राजीव भवन में पदभार ग्रहण करेंगे। समारोह में प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रतिभा सिंह सहित मंत्रिमंडल के सदस्य व विधायक मौजूद रहेंगे। नए अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर राजीव भवन में उत्साह देखा गया। निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिभा सिंह स्वयं विनय कुमार को कुर्सी पर आसीन कर पार्टी की परंपरा को आगे बढ़ाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 तक बंद रहेगी सुजानपुर-चरोट-चौरी सड़क

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर-चरोट-चौरी सड़क के अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात एक दिसंबर से 25 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही एक से 25 दिसंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सुजानपुर-पटलांदर सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### निहारी-बुहली सड़क 30 तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर उपमंडल में निहारी-बुहली सड़क के अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात एक दिसंबर से 30 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही एक से 30 दिसंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक करोट-दोसड़का-सुजानपुर और बड़बाड़र-बनाल,दोसड़का-सुजानपुर सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### सेवानिवृत कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से मानक सहायक उप निरीक्षक बंसी लाल की सेवानिवृति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन हमीरपुर में समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (एल0आर0) हरीश गुलेरिया जिला हमीरपुर, हमीरपुर पुलिस परिवार के पुलिस कर्मी तथा सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मचारी के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। जिला पुलिस हमीरपुर परिवार सेवानिवृत होने वाले उपरोक्त पुलिस कर्मचारी के स्वस्थ, समृद्ध व मंगलमय जीवन की कामना करता है।

### रोपा गांव में घर से चुराए गहने व नकदी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर में घर से नकदी चुराने का मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार रोपा गांव की सुमना देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह घर पर मौजूद नहीं थी तो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर जेवरात व नकदी चुरा कर ले गए है। थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### एसपी भगत को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उच्च शिक्षा के उपनिदेशक डॉ मोही राम चैहान तथा स्टाफ ने एसपी भगत सिंह ठाकुर को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीपीओ राजेंद्र शर्मा डॉ सुशील बन्याल, अनुपमा शर्मा प्रवक्ता जीजीपीएसएस हमीरपुर अजय शर्मा नोडल अधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे। डिप्टी डायरेक्टर ने भगत सिंह ठाकुर को उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिये धन्यवाद किया और सेवानिवृति की बधाई देते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को हमीरपुर वासी हमेशा याद रखेंगे।

### मनोहर लाल कौंडल हर सहायता में आगे

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की पंचायत प्लासी के निवासी मनोहर लाल कौंडल समाज सेवा में हमेशा अग्रिम पंक्ति में दिखाई देते हैं। हैदराबाद के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी मनोहर लाल कौंडल लंबे समय से जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर रहे हैं, फिर भी उन्होंने कभी भी प्रसिद्धि की इच्छा नहीं रखी। अनंत ज्ञान से बातचीत में उन्होंने बताया कि वे समाज सेवा केवल आत्मिक संतुष्टि के लिए करते हैं और खुद को सिर्फ ईश्वर की कृपा का माध्यम मानते हैं। हाल ही में उन्होंने पंचायत बड़ा के दोवड़ खुर्द निवासी कृष्ण कुमार मल्ला की बेटी की शादी के लिए 16,000 रुपये का राशन दान किया। इससे पूर्व सरसैंह निवासी राजेश कुमार की बेटी की शादी हेतु लगभग 90,000 रुपये की सहायता तथा चमराल में स्व. ललित कुमार के बेटे की शादी के लिए धाम हेतु राशन उपलब्ध करवाया। इसके अलावा धरोह स्थित हनुमान मंदिर के दंगल अखाड़े के निर्माण में भी उन्होंने उदार दान दिया है।

### वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में कॉमर्स विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं संसाधन व्यक्ति प्रदीप कुमार ने छात्रों को पूंजी बाजार की संरचना, निवेशक संरक्षण, सुरक्षित निवेश उपायों तथा वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि निवेश करते समय जोखिम प्रबंधन और विश्वसनीय स्रोतों की पहचान कितनी आवश्यक है। सेमिनार की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने की और विभाग के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. कल्पना ठाकुर सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में वित्तीय जागरूकता और निवेश संबंधी समझ को मजबूत किया।

### शिक्षा में आधुनिक बदलावों पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, रंगस।** रंगस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह में हिमाचल प्रदेश वैंकबर्ड क्लासिस फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन कांगड़ा के चेयरमैन डॉ. मोहन लाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शिक्षा को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों, जैसे अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत और स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। डॉ. मोहन लाल ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाने की शुरुआत है। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और नशे से दूर रहने, समर्पण और अनुशासन की प्रेरणा दी गई। प्रिंसिपल नरेश ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। लोगों ने स्कूल के विकास हेतु उदारतापूर्वक दान दिया, जिसमें 1000 से 1100 रुपये तक के योगदान शामिल थे। पंचायत प्रतिनिधि, अभिभावक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शादी की बधाई राशि 3100 रुपए निर्धारित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बधाई मांगने वाले किन्नर समाज के लोग अब बधाई के मनमर्जी के पैसे लोगों से नहीं ले सकते हैं। लोगों की मिल रही शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए नगर परिषद नादौन ने किन्नर समाज के लोगों के रेट निर्धारित कर दिए हैं। जिससे आम जनता को राहत मिलेगी। नगर परिषद नादौन की बैठक में निर्णय लिया गया है कि लड़के की शादी की बधाई के किन्नर समाज के लोग अब अधिकतम 3100 रुपए ले सकेंगे और बेटे के जन्म दिन की बधाई की अधिकतम राशि 2100 रुपये निर्धारित की है। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने की। बैठक में उपाध्यक्ष ऊषा सौंधी,पार्षद मनोरमा देवी,सुषमा अवस्थी,अनीता सहित अन्य पार्षद व नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### एडमिट कार्ड जारी, 3 दिसंबर से शुरू होंगे पेपर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने आगामी दिसंबर व जनवरी माह में प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए हैं। इस बार परीक्षा में 16726 नियमित सेमेस्टरों के परीक्षार्थी बैठेंगे, जबकि 12408 री-अपीयर व 43 अभ्यर्थी ऐसे हैं जो विशेष मौके के तहत परीक्षाएं देंगे। इस प्रकार कुल 29177 अभ्यर्थियों ने परीक्षा देने के लिए आवेदन किए हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों के नियमित सेमेस्टरों और री-अपीयर की परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होंगी, जो सात जनवरी तक चलेंगी। परिक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। दिसंबर और जनवरी माह में होने वाली परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिनमें बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमएससी, एमबीए पर्यटन, बीएचएमसीटी, योग विषयों के नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर और विशेष मौके के तहत डिग्री पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### प्रबंधक समिति के चुनाव 27 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर ब्लॉक की दी सराहकड़ प्राथमिक कृषि सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरुआत हो गई है। सभा के प्रधान ने बताया कि नामांकन 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक सभा कार्यालय में होंगे। नामांकन पर आपत्तियां 15 दिसंबर व वापसी 17 दिसंबर को निर्धारित की गई है। चुनाव प्रचार 25 दिसंबर को समाप्त होगा व 27 दिसंबर को 9 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा व उसी दिन नई प्रबंधक समिति का चयन किया जाएगा।

# नशे के विरुद्ध खड़े नहीं हुए तो कुछ भी नहीं बचेगा : न्यायमूर्ति विवेक सिंह

## बड़ू में विशाल विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश ने नशे की समस्या पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायधीश एवं राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने बड़ू स्थित बहुतकनीकी महाविद्यालय के मैदान में आयोजित विशाल विधिक साक्षरता शिविर में नशे की बढ़ती समस्या पर गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि समाज नशे के खिलाफ एकजुट नहीं हुआ तो भविष्य में परिवार, समाज और देश की व्यवस्थाएँ खतरे में पड़ जाएंगी। उन्होंने बच्चों की संस्कारयुक्त शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल एक अपराध नहीं, बल्कि कई अन्य अपराधों को जन्म देता है। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया



बड़ू में विशाल विधिक साक्षरता शिविर के दौरान न्यायमूर्ति विवेक सिंह व अन्य।

कि इस वर्ष प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के तहत 1714 केस दर्ज हुए हैं, जिनमें हमीरपुर जिले में 84 केस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसे रोकना अकेले सरकार के बस की बात नहीं है और समाज को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के अति शोषण से प्राकृतिक आपदाएँ उत्पन्न होती हैं और विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी आवश्यक है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी ने मुख्य अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया और शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। शिविर में सीएमओ डॉ. प्रवीण चैधरी, हिम अकादमी स्कूल की छात्रा अनन्या, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता परमजीत सिंह और डिग्री कॉलेज के छात्र जतिन धीमान ने नशा और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन रघु ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, अन्य अधिकारी और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनियों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी।

## आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को साइप्रस का समर्थन : अनुराग



संसद में साइप्रस प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, स्पीकर ओम बिरला और अन्य सांसद।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद भवन में स्पीकर ओम बिरला एवं अन्य सांसदों के साथ साइप्रस प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष अनीता दिमेत्रियु के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक में भाग लिया।

बैठक में भारत और साइप्रस ने लोकतांत्रिक सहयोग, आपसी साझेदारी और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि दोनों देशों के संबंध दशकों पुराने हैं और साइप्रस ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान कर इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया। बैठक में संसदीय प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और नागरिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

साइप्रस प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मंच पर भारत के मार्गदर्शन और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। 30 वर्षों बाद हो रही यह संसदीय यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों में मील का पत्थर मानी जा रही है। दोनों पक्षों ने रचनात्मक संवाद और ऐतिहासिक मित्रता के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में मजबूत नींव रखी।

# नादौन में शहरी भूमि अभिलेखों की होगी आधुनिक और वैज्ञानिक मैपिंग

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नगर परिषद नादौन में नक्शा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, शहरी भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण तथा वैज्ञानिक मैपिंग प्रक्रिया के उद्देश्य से ग्राउंड ट्रुथिंग प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेकटर लैंड रिकार्ड अभिषेक वर्मा, संयुक्त निर्देशक राखी सिंह तथा एएसओ संजय स्वरूप द्वारा की गई। इस अवसर पर सर्वे ऑफ इंडिया से अनुराग शर्मा, एमपीएसईडीसी के सदस्य, एसपीएमयू अर्वन लेंड रिकार्ड के प्रतिनिधि डॉ. मनोज, एक्स्ट्राजेन के तकनीकी विशेषज्ञ, नगर परिषद नादौन के कार्यकारी अधिकारी, सेटलमेंट अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स तथा अन्य सम्बद्ध अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एमपीएसईडीसी भोपाल द्वारा विकसित तथा नक्शा सॉफटवेयर द्वारा प्रदत्त रोवर डिवायस की संयुक्त कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। निदेशक महोदय ने सॉफ्टवेयर रोवर इंटीग्रेशन, फील्ड एक्यूरेसी, डेटा आउटपुट तथा तकनीकी



प्रक्रियाओं का स्थल पर निरीक्षण एवं परीक्षण किया।

इसी क्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा रोवर्स की टेस्टिंग भी सम्पन्न की गई। नक्शा कार्यक्रम के चरणबद्ध क्रियान्वयन से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिय गए ताकि संपूर्ण मैपिंग कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सटीक बनाया जा सके।

प्रशिक्षण के इस प्रथम चरण में नगर परिषद नादौन एवं नगर निगम पालमपुर को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण में ग्राउंड ट्रुथिंग, वास्तविक समय में डेटा कैप्चर,जियो-टैगिंग,सीमा सत्यापन डेटा अपलोडिंग एवं वर्कफ्लो समझ नक्शा कार्यक्रम की संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया शामिल हैं। यह

- **डायरेक्टर ने शुरू किया ग्राउंड ट्रुथिंग प्रशिक्षण**
- **सरकार ने नक्शा पायलट प्रोजेक्ट के लिए नादौन व पालमपुर को चुना**

प्रोजेक्ट शहरी भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता, सटीकता तथा डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर परिषद नादौन एवं पालमपुर में इसके क्रियान्वयन से शहरी क्षेत्रों में भूमि से संबंधित सूचनाएं अधिक सुलभ, अद्यतन एवं वैज्ञानिक रूप में उपलब्ध होंगी।

# सीएम ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए मंजूर किए 9 सुपर स्पेशियलिटी विभाग : सुनील बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में ढांचागत सुधार के लिए अभूतपूर्व निर्णय ले रहे हैं।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनत्तम टैक्नोलॉजी लाने के लिए एक विस्तृत योजना का खाका तैयार किया है। इसी कड़ी में, हमीरपुर के मेडिकल कालेज में कार्डियोलॉजी, नैफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी सहित 9 सुपर स्पैशियलिटी विभाग स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे आने वाले समय में लोगों को हमीरपुर में ही पीजीआई स्तर की चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इसी मेडिकल



ताल स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

कालेज में एक अलग मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ताल स्कूल में पुराने भवन की जगह नए भवन एवं प्रयोगशाला के निर्माण के लिए वह मुख्यमंत्री से बजट का प्रावधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की मदद के बगैर ही प्रदेश सरकार के अपने संसाधनों से एक विशेष पैकेज जारी किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक

- **मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने ताल स्कूल के मेधावी नवाजे**

रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में नागरिक आपूर्ति निगम के बीओडी मेंबर विक्रम शर्मा, एचपीएमसी के बीओडी मेंबर राजेश ठाकुर, कांग्रेस नेता राकेश वर्मा, पार्टी के अन्य नेता, एसएमसी अध्यक्ष संजीवन पटियाल, शिक्षक, अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# भगवती स्कूल के मेधावी विद्यार्थी नवाजे

## नौनिहालों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के हेल्थ एवं रीसर्च विभाग के पूर्व सचिव एवं स्कूल के चेयरमैन डॉ विश्व मोहन कटोच, डीएसपी ई0 गौरवजीत सिंह नादौन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। चेयरमैन डॉ. विश्व मोहन कटोच और डॉ. किरण कटोच ने द्वीप प्रज्जवलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की ओर से ई अरविंद कटोच व प्रधानाचार्य आरती कटोच ने कार्यक्रम में आए विशेष अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरती कटोच ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों



भवगती स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें छोटा बच्चा जानके, बम-बम भोले, इतनी सी हंसी, मेरे देश की धरती, भेड़ा तेरियां हो, पंजाबी मैशअप, पहाड़ी लोकगीत, तु सिरमौर जिले की, पहाड़ी नाटी व ड्रोन शो विशेष आकर्षण रहे। देश के सभी राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिली। योगा व जिम्नास्टिक के करतबों से बच्चों ने हैरान किया ।

स्कूल चेयरमैन डॉ. विश्व मोहन कटोच ने छात्रों का आहवान किया कि वह पढ़ाई के साथ- साथ खेल कूद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज के समय में खेल एक उज्ज्वल करियर और सम्मान का पर्याय बन चुकी। उन्होंने बताया कि इस बर्ष राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में इस स्कूल की छात्रा रही सान्या कटोच ने जेई मेन में 97.4 परसैंटाइल और नीट में 550 स्कोर से परीक्षाएं प्रथम प्रयास में सफल की व अब मैडिकल की पढाई को चुनकर टांडा मैडिकल कालेज से एमबीबीएस कर रही है और अभिमन्यू परमार ने जेई मेन में 94.6 परसैंटाइल से परिक्षा पास की और अब एनआईटी से बीटैक कर रहा है।

## अब सरकार चलाने वाले भी महसूस कर रहे घुटन : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने दावा किया है कि हिमाचल की राजनीति अब बड़े मोड़ की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बीच मुख्यमंत्री का बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक दिल्ली रवाना होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस सरकार अंदरूनी कलह और भारी अस्थिरता से जूझ रही है तथा आने वाले दिनों में बड़ा राजनीतिक भूचाल संभव है। जारी प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस के कई कैबिनेट मंत्री और विधायक अब मुख्यमंत्री की कार्यशैली से खफा हैं। जनता पहले ही परेशान थी, अब सरकार चलाने वाले भी घुटन महसूस कर रहे हैं। धर्मशाला सत्र के दौरान विधानसभा परिसर का लगभग सूना रहना इस बात का सबूत है कि जनता को अब सरकार से कोई अपेक्षा नहीं बची। जहां पहले हजारों फरियादी और आम लोग दिखाई देते थे, वहां आज मायूसी और खालीपन है। उन्होंने कहा कि सुक्खू भाजपा में गुटबाजी का आरोप लगाते रहे, जबकि सच्चाई यह है कि असली गुटबाजी अब कांग्रेस के भीतर खुलकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि पेंशनर, कर्मचारी, महिलाएं, युवा, बच्चे व बुजुर्ग हर वर्ग अपने आपको प्रताड़ित महसूस कर रहा है। राणा ने दावा किया कि जिन नौ विधायकों ने कांग्रेस छोड़ी, वे सुक्खू सरकार की तानाशाही, बदइंतजामी और निकम्मेपन से तंग थे।

## बीएमओ ने टौणी देवी अस्पताल की जमीन की निशानदेही करवाने के लिए लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** टौणी देवी अस्पताल परिसर से सटी निजी भूमि पर पिछले कुछ दिनों से खुदाई का कार्य किया जा रहा है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, टौनी देवी द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी बमसन को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि पड़ोसी भूमि पर खुदाई के दौरान अस्पताल की भूमि में पैर रखते हुए निर्माण कार्य किया गया है, जिससे अस्पताल के भवन को नुकसान पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने मांग की है कि विवादित भूमि की हदबंदी करवाई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस सीमा तक निर्माण कार्य किया जा सकता है और अस्पताल की परिसंपत्तियों को कोई खतरा न हो। बीएमओ ने अपने पत्र में आग्रह किया है कि प्रशासन या संबंधित विभाग से एक सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाए और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। तहसीलदार सौरव धीमान ने बताया कि अस्पताल भूमि की शीघ्र निशानदेही करवा दी जाएगी।

## हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए इंटरव्यू 3 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए द्वारा हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए भर्ती साक्षात्कार 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार 19 से 40 वर्ष आयु के पुरुष उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता के रूप में दसवीं फेल, दसवीं पास या इससे अधिक योग्यता स्वीकार्य है। चयन के लिए उम्मीदवार की लंबाई कम से कम 168 सेमी तथा वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर दिया जाएगा और 17,500 से 23,000 रुपये तक मासिक वेतन सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पात्र उम्मीदवार अपने मूल प्रमाणपत्र और हिमाचली प्रमाणपत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# जाहू में कुत्तों की भरमार, बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे अभिभावक

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज उपमंडल के मुख्य व्यापारिक कस्बे जाहू में इन दिनों कुतों की भरमार है। पिछले कुछ समय से कुतों के बढ़ते आतंक से स्कूली बच्चों सहित दोपाहिया वाहन चालकों को सड़क से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। कुछ कुत्ते तो ऐसे हैं जो वाहन के पीछे भागना शुरू कर देते है। दो पहिया वाहन चालकों के पीछे भागने से कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। कुछ महीने पहले जाहू में कुतों के द्वारा तीन लोगों को काटा था जिससे जाहू में दहशत का माहौल पैदा हो गया था।

बच्चों को स्कूल जाते समय इन कुत्तों की काफी डर रहता है। कुत्तों के काटने के डर से कई बार तो अभिभावकों को बच्चों को खुद स्कूल छोड़ने और लाने जाना पड़ रहा है। कई बार बुजुर्ग भी घरेलू सामान लेने के लिए दुकानों में आते हैं, लेकिन अब इन कुत्तों के झुंड से छर का माहौल बना हुआ है। ऐसे में लोगों का घर से वहार निकलना



मुश्किल होता जा रहा है। जाहू बस अड्डे पर कुत्ते झुंड में घूमते दिखाई दे रहे हैं जिससे यात्रीयों व दुकानदारों को इनके द्वारा काटने का डर सता रहा है। लोगों देश राज रजनीश कुमार, कुनलदीप कुमार , मैहर सिंह, राजेश कुमार, सन्त राम, सुरेश कुमार व अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन कुत्तों की समस्या से छुटकारा दिलाया जाए। जाहू पशुचिक्तिसालय के डॉ. अभिषेक ने बताया कि एंटी रेबीज डे पर 20 कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्शीन लगाई गई है। अगर लोग लावारिश कुत्तों को पकड़ने में सहायता करते हैं तो अन्य कुत्तों को भी एंटी रेबीज वैक्शीन लगाई जा सकती है।

**कार्यक्रम** राजराजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

# नितिन मिस्टर व ज्योति राव बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजराजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह रहे जबकि विशेष अतिथि के रूप में श्वेता सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज ज्योति एवं सहेलियों द्वारा राग गुणकली में पेश सरस्वती वंदना 'हंस वाहिनी जगत व्यापिनी वाणी मां' से हुआ।

इस मौके पर प्रिया शर्मा द्वारा पेश गजल 'होठों से छू लो' को खासी तवज्जो मिली। अंजली व सहेलियों द्वारा पेश पंजाबी गिद्दा तथा तनू द्वारा प्रस्तुत सोलो डांस ने भी खूब तालियां बटोरीं। हेम लता एवं सहेलियों द्वारा पेश गीत 'म्हारे देश रा दिल शिमला' ने भी सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का आकर्षण ज्योति राव व सहेलियों द्वारा पेश नारी रही। इसके बाद करी



राजराजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया।

लैणी करी लैणी पहाड़ां री सैर' को खूब सराहना मिली। बेदांशी द्वारा पेश गीत 'तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी हैरान हूं' को खूब सराहना मिली। रिया तथा शिल्पा ने डयुट डांस से समां बांध दिया जबकि खेल और शवेता, प्रांजली तथा सहेलियों द्वारा पेश समूह नृत्य भी कार्यक्रम की शोभा बने। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान तथा मुख्य अतिथि ने मिस तथा मिस्टर फ्रेशर चुने। उन्होंने नितिन तथा ज्योति राव को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के अन्दर कोई ना कोई हुनर छिपा होता है जिसे पहचानकर उसे प्रदर्शन के लिए बाहर लाना शिक्षक समाज का अहम कत्तर्व्य है। उन्होने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि छात्र अपने देश की महान सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहना न कि पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हों। इससे पहले प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर राज राजेश्वरी प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर कौर रानी, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजयुमो कोटखाई-नावर मंडल का 'एक बूथ-10 यूथ' अभियान कल से



भाजयुमो कोटखाई-नावर मंडल पदाधिकारी आगामी 'एक बूथ-10 यूथ' अभियान को लेकर रणनीति बनाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजयुमो कोटखाई-नावर मंडल ने युवा जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से एक दिसंबर से 20 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष निशांत घालटा ने बताया कि 1 बूथ-10 यूथ अभियान के तहत मंडल के सभी 77 बूथों पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर युवाओं से संवाद करेंगे और प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 नए युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा का मार्गदर्शन संगठन के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके नेतृत्व से युवा मोर्चा का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। निशांत घालटा ने कहा कि वर्तमान सरकार की विफलताओं और रोजगार को लेकर किए जा रहे दावों से युवाओं में बढ़ती नाराज़गी को देखते हुए यह अभियान महत्वपूर्ण है। युवा मोर्चा का उद्देश्य भाजपा की विचारधारा और विकासवादी सोच को हर गांव तक पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक युवा संगठन से जुड़ें और मजबूत राजनीतिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

### आईजीएमसी ठेका मजदूरों की मांगों पर त्रिपक्षीय बैठक 6 दिसंबर को



आईजीएमसी में वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव को मांग पत्र सौंपते सीटू और यूनियन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आईजीएमसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने न्यूनतम मजदूरी का पूर्ण भुगतान, फोटोयुक्त पहचान पत्र, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, समय पर वेतन, विस्तृत वेतन पर्ची, चार जोड़ी वर्दी, ईपीएफ, ईएसआई लागू करने और श्रम समझौतों की अनुपालना जैसी मांगें रखीं। यूनियन ने विभिन्न इकाइयों में मजदूरों की संख्या बढ़ाने और सुपरवाइजरों की बदसलूकी पर कार्रवाई की भी बात कही। वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक ने यूनियन, आईजीएमसी प्रशासन और ठेकेदारों की त्रिपक्षीय बैठक 6 दिसंबर को शाम तीन बजे बुलाने की पुष्टि की है। यूनियन ने चेताया कि यदि बैठक में आउटसोर्स मजदूरों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा और मजदूर हड़ताल तक भी जा सकते हैं।

### राष्ट्रीय गोष्ठी में चंबा चप्पलों पर मानव का शोध पत्र 'मोचड़ू' प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्लीच इंडिया फाउंडेशन और एफडीडीआई हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 29 नवंबर से आरंभ तीन दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी में मानव ने डॉ. अंजलि वर्मा के साथ चंबा चप्पलों पर आधारित महत्वपूर्ण शोध पत्र 'मोचड़ू' प्रस्तुत किया। इस गोष्ठी का शीर्षक टेल्स बिलो द हील्स रखा गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय पनही की ऐतिहासिक परंपरा को प्रकाश में लाना था। शोध पत्र में चंबा में विभिन्न कालखंडों में प्रचलित चप्पलों और जूतों का विस्तृत वर्णन किया गया। इसके साथ ही गजेटियर और चंबा के तत्कालीन शासकों द्वारा कारीगरों को जारी किए गए प्रशस्ति पत्रों को भी प्रमाण स्वरूप शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने मोचड़ू का सांस्कृतिक महत्व रानी सुनयना के 10वीं शताब्दी के गीत के आधार पर भी रेखांकित किया। राष्ट्रीय गोष्ठी में मानव का शोध पत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने चंबा चप्पल बनाने वाले उन कारीगरों के साक्षात्कार भी प्रस्तुत किए, जिनकी छह से अधिक पीढ़ियां इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं और जो आज भी अपने पूर्वजों के औजारों का उपयोग करते दिखाई देते हैं।

### सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अधीक्षक वीरेंद्र ठाकुर सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग में लगभग 39 वर्षों तक अपनी निष्ठा, ईमानदारी और शांत स्वभाव से अलग पहचान बनाने वाले अधीक्षक ग्रेड-1 वीरेंद्र ठाकुर शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। निदेशालय में आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि 28 जनवरी 1987 को क्लर्क के रूप में शुरू हुई उनकी यात्रा विभाग के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुशासन, विश्वसनीयता और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न शाखाओं को मजबूत किया तथा अपने पेशेवर कौशल और सरल व्यवहार से सहयोगियों का विश्वास जीता। अतिरिक्त निदेशक महेश पठानिया ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, शांतिपूर्ण और सुखद भविष्य की कामना की, वहीं विभागीय साथियों ने भी उन्हें आनंदमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हिमाचल के जंगल : दो सदियों का दोहन और आज का संकट

## देवदार और बांस की घटती संख्या, चीड़ का तेजी से विस्तार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** पहाड़ों की हरियाली का इतिहास सिर्फ वृक्षों की कहानी नहीं, बल्कि दो सौ वर्षों के उस निरंतर दोहन का सिलसिला है, जिसने राज्य के जंगलों की नसों में गहरी दरारें बना दी हैं। अंग्रेजी शासन के दौरान देवदार को रेलवे स्लीपरों में बदला गया, चिर पाइन से राल की बेहिसाब निकासी हुई और बांस, फर, कैल जैसी प्रजातियां नमी सहेजने की अपनी मूल भूमिका में लगातार पीछे धकेली गईं। 1869 से 1885 के बीच लाखों देवदार काटे गए और 1910-1920 के बीच चिर पाइन की संख्या दो लाख साठ हजार से बढ़कर 21 लाख 35 हजार तक पहुंच गई। यह वही ऐतिहासिक कटान है जिसकी परछाईं आज भी हिमाचल के जंगलों की सांसों में धुएं की तरह घुली हुई है।

जानकारी के अनुसार, पिछले दो दशकों में विकास परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, चार लेन विस्तार, सुरंगों और जलविद्युत निर्माण ने हिमाचल के वन क्षेत्र को गहरा आघात दिया है। सरकारी अभिलेख दिखाते हैं कि 2001 से 2023 के बीच चार हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि विभिन्न निर्माणों के नीचे समा गई। जंगलों की संरचना में चिंताजनक बदलाव दर्ज हो रहे हैं, चीड़ की तेज बढ़त बांस और देवदार जैसे पानी-सहेजक वनों को सीमित कर रही है। अप्रैल 2024 से अब तक 1684



जंगल आग की घटनाएं दर्ज की गईं, जिनसे 17471 हेक्टेयर क्षेत्र जल चुका है। यह परिदृश्य बताता है कि हिमाचल के जंगल जलवायु परिवर्तन और मानव दबाव के दोहरे कुआंर में फंसते जा रहे हैं।

बांस के क्षय और चीड़ के विस्तार ने पहाड़ों के प्राकृतिक जल संतुलन को जोखिमपूर्ण ढलान पर ला दिया है। कई क्षेत्रों में परंपरागत धारे और कुहलों की धड़कन कमजोर पड़ चुकी है, मिट्टी की ऊपरी परत आग और कटान की मार से बुरी तरह दबी हुई है और वन्यजीवों के प्राकृतिक मार्ग टूटकर मानव बस्तियों की ओर मुड़ रहे हैं। यह बदलती हुई पर्यावरणीय बनावट संकेत देती है कि हिमाचल का जैविक आधार अब पहले जैसा दृढ़ नहीं रहा। पहाड़ों की हरियाली अपनी ही राख में भविष्य की छाया खोज रही है।

#### जमीनी स्तर पर सरकारी कार्य योजना कमजोर

**वन** प्रबंधन योजनाएं, फायर प्रिवेंशन कार्यक्रम और डिजिटल निगरानी व्यवस्था हर वर्ष नए वादों के साथ घोषित होती हैं, पर जमीनी स्तर पर इनकी गूंज कमजोर मिलती है। कई पंचायतों में फायर लाइनें समय पर साफ नहीं होतीं, फायर वॉचर की संख्या कम है और मुआवजा पौधारोपण अधूरा रह जाता है।

#### ग्रामीण स्तर तक जागरूक अभियान चलाने की जरूरत

**विशेषज्ञों** का कहना है कि अगर हिमाचल ने मिश्रित वानिकी, बांस, देवदार के पुनर्विस्तार, चीड़ के अनियंत्रित प्रसार पर रोक और ग्राम स्तर पर सहमति अनिवार्य करने जैसे कदम तुरंत नहीं उठाए, तो अगले दशक में जल संकट और भूमि क्षरण की स्थितियां और अधिक भयावह रूप ले सकती हैं।

# खुले में शराब पी तो एक्साइज एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

- चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान में हर नागरिक की सहभागिता अनिवार्य
- जिला स्तरीय एन-कोर्ड समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिले में नशा-निवारण को लेकर प्रशासन ने फिर सख्त रुख अपनाया है। मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने और नशे की जड़ों को खत्म करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला स्तरीय एन-कोर्ड समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें नशा मुक्त हिमाचल अभियान को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। एनआईसी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। बैठक में नशे के सेवन, अवैध कारोबार, जागरूकता गतिविधियों और रोकथाम से जुड़े सभी मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार का चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान समाज के हर वर्ग की भागीदारी से ही सफल होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सूचना प्रणाली को मजबूत करना जरूरी है ताकि नशे के कारोबार में शामिल लोगों की जानकारी तुरंत संबंधित एजेंसियों तक पहुंच सके। सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 46 के तहत एक हजार से पांच हजार रुपए तक जुर्माना और तीन महीने तक कैद का प्रावधान है। इसी तरह किसी विवाह स्थल, होटल, धर्मशाला या वाणिज्यिक परिसर में बिना अनुमति मदिरा परोसने पर पचास हजार से एक लाख रुपए तक दंड निर्धारित है, जबकि नियमों का बार-बार उल्लंघन होने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

#### शिक्षण संस्थानों पर रहेगी कड़ी निगाह

**बैठक** में मादक पदार्थों की तस्करी के तरीकों, अवैध चूरा-पोस्त व गांजे की खेती पर निगरानी, शिक्षण संस्थानों में नशा-रोधी जागरूकता को बढ़ावा देने, प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू करने और नशामुक्ति व पुनर्वास केंद्रों की स्थिति की समीक्षा भी की गई। साथ ही एनडीपीएस कानून, हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम 1989 और प्रदेश की एकीकृत नशा-निवारण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई।

# संजौली मस्जिद मामले में हिंदू संघर्ष समिति ने निकाली शव यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संजौली में विवादित मस्जिद गिराने की मांग को लेकर चल रहे क्रमिक अनशन के बाद शनिवार को हिंदू संघर्ष समिति ने शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया। समिति ने सरकार के खिलाफ शव यात्रा निकाली और पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अब अनशन नहीं किया जाएगा और आगे की कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई का इंतजार किया जाएगा।

> सरकार का पुतला किया दहन, नमाज पढ़ने को लेकर विवाद

शुक्रवार को मस्जिद में कुछ लोगों द्वारा नमाज पढ़े जाने के बाद समिति ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। समिति पदाधिकारियों के अनुसार मस्जिद कमेटी ने सभी को नमाज अता करने से मना किया था, इसके बावजूद रियासत अली नामक व्यक्ति कुछ लोगों को लेकर मस्जिद में पहुंचा और नमाज पढ़ी। उनका कहना है कि मौलवी शहजाद ने जुमे की नमाज पढ़ाने से स्पष्ट इनकार किया था, इसके बावजूद नमाज अता की गई, जो नियमों का उल्लंघन है।

**कोर्ट में सुनवाई का इंतजार :** समिति का कहना है कि वह अब शांतिपूर्वक न्यायालय के निर्णय का इंतजार करेगी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मनाही के बावजूद नमाज पढ़ने की घटना ने विवाद को और भड़का दिया है, जिससे लोगों में रोष बढ़ गया है।

# कांग्रेस की संघ पर टिप्पणियां घटिया मानसिकता का परिमाण : डॉ . सिकंदर

- मंत्री जगत सिंह नेगी संघ और जयराम के फोबिया से ग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्र निर्माण में लगे संगठन पर की जा रही टिप्पणियां उनकी घटिया और संकुचित मानसिकता को दर्शाती हैं।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस वही पार्टी है जिसने मेक इन इंडिया जैसी राष्ट्रीय पहल का उपहास उड़ाया था, लेकिन आज ब्रह्मोस मिसाइल की उपलब्धि ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है और कई देश इसे लेने के लिए उत्सुक हैं। डॉ. सिकंदर कुमार के अनुसार, कांग्रेस नेताओं का बार-बार सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक पर प्रमाण मांगना देश विरोधी मानसिकता का परिचायक है, जबकि मंत्री जगत सिंह नेगी संघ और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के फोबिया से ग्रस्त होकर लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिंदू-विरोधी सोच किसी से छिपी नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव जीतते ही दिया गया विवादित बयान 'हम 97 प्रतिशत हिंदू आबादी को हराकर सत्ता में आए हैं' कांग्रेस की तुष्टीकरण राजनीति और उसके चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों से कांग्रेस की सांठगांठ समय-समय पर सामने आती रही है, जबकि संघ वर्षों से राष्ट्रसेवा और सामाजिक एकता के लिए समर्पित रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी भाषा और समाज को बांटने वाली राजनीति को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं करेगी तथा कांग्रेस से संघ और समाज के प्रति की गई टिप्पणियों पर सार्वजनिक क्षमा मांगने की मांग करती है।

# सेटेलाइट फोन मॉकड्रिल में कई उपमंडल रहे खामोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सेटेलाइट फोन मॉकड्रिल के दौरान कंट्रोल रूम में व्यवस्था की समीक्षा करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शनिवार को आयोजित सेटेलाइट फोन कम्यूनिकेशन मॉकड्रिल के दौरान जिले के कई उपमंडल खामोश रहे। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से सेटेलाइट फोन के माध्यम से सभी एसडीएम से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन कोटखाई, कुमारसेन, जुब्बल, शिमला शहरी, शिमला ग्रामीण, चौपाल, ठियोग, क्वार और रामपुर से संवाद स्थापित नहीं हो सका। वहीं, अन्य उपमंडलों से संपर्क सफल रहा।

- बीएसएनएल को डोडरा-क्वार में सिग्नल सुधारने के निर्देश

उपायुक्त ने बताया कि डोडरा-क्वार क्षेत्र में लगातार बनी सिग्नल समस्या को बीएसएनएल प्रबंधन के संज्ञान में लाया गया है, ताकि आपदा के समय संचार बाधित न हो और राहत कार्य प्रभावित न हों। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि नियमित मॉकड्रिल से फील्ड स्टाफ की दक्षता बढ़ती है और आपदा की घड़ी में सेटेलाइट फोन के संचालन में किसी तरह की दिक्कत नहीं आती।

उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभ्यास लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिससे संचार तंत्र और मजबूत हो सके। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी सोमेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

### रोहडू में युवक की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में नशे की जकड़ बढ़ती चिंता का सबब बनती जा रही है। इसी कड़ी में रोहड़ू उपमंडल में 19 साल के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने प्रशासन और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया है। युवक को अचानक तबीयत बिगड़ने पर गंभीर हालत में रोहड़ू अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। प्रारंभिक जांच में चिट्टे की ओवरडोज की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने युवक की पहचान गोपनीय रखते हुए मामले में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। उधर, शिमला जिला पुलिस के रिकॉर्ड बताते हैं कि बीते एक वर्ष में नशा तस्करी के 242 मामले दर्ज हुए और लगभग 530 लोग गिरफ्तार किए गए, जिनमें अंतरराज्यीय चिट्टा गिरोहों के सदस्य भी शामिल हैं।

शिमला में हुई तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 की समीक्षा बैठक में बोले डीसी-

# बिना अनुमति के तंबाकू सामग्री बेचने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक शनिवार को शिमला में आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निगम, आबकारी तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 की प्रगति पर चर्चा की गई और अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। अभियान 9 अक्तूबर से आरंभ होकर 8 दिसंबर तक जिले में चल रहा है, जिसके तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और नगर क्षेत्रों में जन-जागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि तंबाकू सेवन युवाओं के लिए गंभीर खतरा है और समाज को इससे मुक्त करवाना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री रोकने के लिए कठोर आदेश जारी किए हैं। अब ढीली सिगरेट, बीड़ी और अन्य तंबाकू सामग्री बिना अनुमिति बेचने पर कानूनी कार्रवाई होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव और शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय सचिव को पंजीकरण प्राधिकारी के अधिकार सौंपे गए हैं, जो अपने क्षेत्र में बिक्री और अनुपालन की निगरानी करेंगे। किसी भी दुकान को तंबाकू बेचने से पहले अनिवार्य रूप से अनुमति लेनी होगी, जबकि शिक्षण संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में बिक्री पूर्ण रूप से निषिद्ध रहेगी। 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी किशोर को तंबाकू उत्पाद बेचने पर कठोर दंड का प्रावधान है। दुकानों में चेतावनी पट्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा, तंबाकू प्रचार प्रतिबंधित रहेगा और नियम तोड़ने पर अनुमति रद्द की जा सकती है। संबंधित आदेश सभी विभागों व पुलिस को भेज दिए गए हैं ताकि इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया जा सके।

#### 30 गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य

**जिला** शिमला में 30 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रत्येक गांव में को-ऑर्डिनेशन कमेटी गठित होगी जिसमें ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी शामिल रहेंगे। गांव के किसी सम्मानित व्यक्ति को तंबाकू एंबेसडर बनाया जाएगा, जो गांव को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में पहल करेगा। निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही किसी गांव को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा।

# विधानसभा छोड़ कांग्रेस का धरना संवैधानिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह : डॉ . राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल के राजनीतिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्री और सत्ता पक्ष के विधायक अपनी ही सरकार द्वारा आयोजित विधानसभा सत्र को छोड़कर सड़क पर धरने पर बैठ गए।

> सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए सड़क पर उतरी



उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक व्यवस्था के लिए गंभीर संकट बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का तख्तियां उठाकर विधानसभा परिसर में धरना देना और मंत्रियों का सड़क पर नारेबाजी करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने तीन वर्षों के कर्ज, अव्यवस्था और अराजकता को छिपाने में जुटी है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि जनता अपने हक की लड़ाई के लिए सड़क पर है, लेकिन सत्ता का आनंद ले रही सरकार भी सड़क पर उतर आई है, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस ने स्वयं अपनी नाकामी स्वीकार कर ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन साल में 45 हजार करोड़ का कर्ज, दर्जनों चेयरमैन-वाइस चेयरमैन की नियुक्तियां और माफिया के संरक्षण ने प्रदेश को आर्थिक रूप से तोड़ दिया है, जबकि सरकार अब भाजपा और संघ को गाली देकर अपनी असफलता छिपाने का प्रयास कर रही है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार देश भर में कमजोर पड़ चुका है और बिहार की हार के बाद हिमाचल में सरकार की बौखलाहट सड़क पर दिख रही है।

**मसला** | ट्विन ट्यूब टनल पर लग चुकी रोक, धरती की बेचैनी ने खोली कई परतें

# भट्टाकुफर में फोरलेन निर्माण पर उभरी नई चिंता

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला की शांत पहाड़ियों में यकायक बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। मेहली-ढली रोड पर विकसित हुए अचानक बड़े गर्त ने न केवल भूगर्भीय अस्थिरता को उजागर किया, बल्कि प्रशासन के लिए भी चेतावनी की घंटी बजा दी। चट्टानी द्रव्यमान में गहरी दरारें, सतत रिसाव, बिजली-पानी की लाइनों का उजागर होना और आसपास के मकानों में आई संरचनात्मक टूट-फूट इस बात की ओर संकेत करती है कि पहाड़ के भीतर कुछ गंभीर परिवर्तन चल रहे हैं। भू-वैज्ञानिक शाखा की प्राथमिक रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह सामान्य घटना नहीं, बल्कि धरती की उन परतों का विरोध है, जो फोरलेन परियोजना के कारण लगातार दबाव झेल रही थीं।

जानकारी के अनुसार इसी चिंता को देखते हुए जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने

- ढली-मेहली की धरती का बिगड़ा संतुलन

राष्ट्रीय राजमार्ग-05 के तहत भट्टाकुफर में बन रही ट्विन ट्यूब टनल की खुदाई, ब्लास्टिंग और हर प्रकार के निर्माण कार्य को पिछले दिनों तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। यह रोक केवल औपचारिक कार्यवाही नहीं बल्कि जन सुरक्षा के हित में लिया गया सख्त और आवश्यक निर्णय था। भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि निर्माणाधीन टनल का अक्ष ठीक प्रभावित क्षेत्र के नीचे से गुजर रहा है, जिससे खुदाई गतिविधियों का असर पूर्ण रूप से नकारा नहीं जा सकता।

फोरलेन परियोजना को लेकर शिमला में असंतोष कोई नई बात नहीं है। लंबे समय से स्थानीय लोग पहाड़ों के अंधाधुंध छेदन का विरोध करते रहे हैं। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने भी कई बार इस परियोजना के तौर-तरीकों पर खुलकर सवाल उठाए हैं। उनकी अधिकारियों से तीखी नोकझोंक, टकराव की स्थितियां और कई बार तो गर्मागर्म बहसें शिमला के प्रशासनिक गलियारों में सुर्खियों का हिस्सा बन चुकी हैं। स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठन और पर्यावरण प्रेमी लगातार यह चेतावनी देते रहे हैं कि पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ खिलवाड़ एक दिन किसी बड़े संकट का रूप ले सकता है। आज का भूस्खलन उनके डर को सच साबित करता दिखाई दे रहा है।

#### पर्यावरणीय असंतुलन और बढ़ते खतरे

**फोरलेन** निर्माण ने न केवल पहाड़ की सतह को घायल किया है, बल्कि धरती की गहराइयों तक उसका असर पहुंच चुका है। भूगरिया सेक्शन की सुरंग जिन घरों के नीचे से निकल रही है, वहां रहने वाले परिवार लगातार भय के साये में हैं। दरारें रोज चौड़ी हो रही हैं, मिट्टी का रिसाव बढ़ता जा रहा है, और लोगों के घर अब आशियाने से ज्यादा जोखिम में खड़े ढांचे दिखाई देने लगे हैं। प्रशासन ने ब्लास्टिंग अनुमति भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है, पर स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रोक बहुत पहले लग जानी चाहिए थी।

#### निगरानी बढ़ी, पर समाधान की राह अभी लंबी

**जिला** प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र की निरंतर निगरानी, विशेषज्ञ एजेंसियों की तैनाती और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की विस्तृत जांच आने वाले दिनों में तस्वीर और साफ करेगी, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि शिमला अब विकास और विनाश के बीच खड़ी उस दहलीज पर पहुंच चुका है, जहां हर निर्णय का असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। पहाड़ों की भाषाहीन पीड़ा आज भट्टाकुफर में साफ सुनाई देती है और यह आवाज शायद अब अनसुनी नहीं की जा सकती।

### शिमला में आइस स्केटिंग सीजन समय से पहले शुरू होने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की शुरुआती सर्दियों ने इस बार लक्कड़ बाजार स्थित ऐतिहासिक प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक को निर्धारित समय से लगभग दो सप्ताह पहले खोलने का रास्ता साफ कर दिया है। लगातार गिरते तापमान ने रातों को -1 डिग्री से जीरो डिग्री के बीच ला दिया है, जिससे बर्फ जमने की आदर्श स्थिति बनने लगी है। रिंक प्रबंधन ने बताया कि पहली परत जम चुकी है और टीमें रात भर पानी का छिड़काव कर सतह को तैयार कर रही हैं। बर्फ तैयार करने वाली टीम के सदस्य आजाद के अनुसार अनुकूल मौसम ने काम की गति तेज कर दी है और यदि इसी तरह ठंड जारी रही तो रविवार तक ट्रायल सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। संयुक्त सचिव पंकज प्रभाकर ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों में शून्य से नीचे तापमान बना रहा तो सार्वजनिक स्केटिंग का कार्यक्रम भी जल्द घोषित किया जाएगा। मौसम का यह शुरुआती ठंडापन इस साल स्केटिंग दिनों की संख्या बढ़ाने की उम्मीद भी जगाता है, जिससे शिमला की सदियों पुरानी स्केटिंग संस्कृति को एक नया जीवन मिलने वाला है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीके स्कूल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में खेलेंगे

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागकुंजा जयसिंहपुर के खिलाड़ी, जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल की ट्रॉफी अपने नाम की है। अब राष्ट्रीय आट्या पाट्या प्रतियोगिता, जो चंडीगढ़ में 12 से 14 दिसंबर को होने जा रही है, उसमें हिमाचल प्रदेश की टीम से खेलेंगे। इस टीम में अद्वित चौहान, साहिल, करण बैंस, साकेत सौंखला का हुआ चयन।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पुन्नर स्कूल में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत रैली निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्या प्रियंका ठाकुर ने की। विद्यार्थियों को किसी भी नशे से दूर रहन की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में हेल्थ एजुकेटर ब्लॉक भवारना से दया देवी, आशा वर्कर और स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शनि देव मंदिर कुठमां में लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, गगल।** शनि देव मंदिर कुठमां में शनि देव के भक्त गौरव कुमार जो अमृतसर एयरपोर्ट पर हवाई यातायात के प्रभारी हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे पहले गौरव कुमार कांगड़ा एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने अमृतसर एयरपोर्ट से कुठमां आकर शनि देव का भंडारा लगाया, जिसमें हजारों शनि भक्तों ने लंगर ग्रहण किया।

### स्टूडेंट्स ने किया सदन की कार्यवाही का अवलोकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने प्रदेश विधानसभा का दौरा कर सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया। विभाग के प्रशिक्षण एवं नियोजन सेल के तहत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधायी प्रक्रिया, मीडिया की भूमिका और संसदीय प्रणाली की बारीकियों को समझाना था। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना कटोच, प्रो. आदित्य कांत, डॉ. हर्ष मिश्रा और डॉ. मोनिका ने छात्रों को रवाना किया, जबकि समन्वयक डॉ. चंदन आनंद पूरे दौरे में साथ रहे। छात्रों ने गैलरी से कार्यवाही देखकर नीति-निर्माण और पत्रकारिता कवरेज की प्रक्रिया को करीब से समझा।

### बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने राजकीय उच्च पाठशाला झिओल धर्मशाला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शिविर में प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी दंड की जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रक्षा ने सभी को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलवाई। जिला समन्वयक मनमोहन सिंह ने 1098 हेल्पलाइन और बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी दिशा गुप्ता व अन्य अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं व अधिकारों पर जानकारी साझा की। लगभग 70 बच्चों सहित स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी की।

### रिया मिस फ्रेशर और मुस्कान बनी मिस ब्यूटीफुल



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बीएमआरटी कैप्टन सौरभ कालिया मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज पालमपुर में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया ।प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, एयर कमोडोर/यूनिट हेड बीएमआरटी डॉ. बिमल राय दुबे, कायाकल्प प्रमुख डॉ. अशुतोष गुलरी, हेड विश्रांति राकेश कोरला मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित किया। मिस फ्रेशर रिया ठाकुर, मिस ब्यूटीफुल मुस्कान नाग तथा मिस पर्सनालिटी मेधाश्री छात्राएं मिस फ्रेशर के रूप में सम्मानित हुईं। यह आयोजन कैप्टन सौरभ कालिया की स्मृति में स्थापित इस संस्थान की समर्पित छात्र विकास नीति को दर्शाता हैज

# कुछ वर्षों से संस्थानों में कम हो रही विद्यार्थियों की संख्या : राकेश

## प्रदेश शिक्षा सचिव बोले- हिमाचल में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन समय की मांग

**धर्मशाला में जिले के स्कूल प्रमुखों की कार्यशाला आयोजित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन समय की मांग है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से शिक्षण संस्थानों में लगातार विद्यार्थियों की संख्या कम होती जा रही है। यह बात प्रदेश शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने शनिवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित ऑडिटोरियम में जिलेभर के स्कूल मुखियों की कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में शिक्षा सचिव ने हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था में विभाग और सरकार की ओर से किए जा रहे नव परिवर्तनों के बारे में उपस्थित विद्यालय प्रमुखों को जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में लागू की गई क्लस्टर व्यवस्था के प्रमुख बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। सचिव ने आंकड़ों के माध्यम से प्रदर्शित किया कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन समय की मांग है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से शिक्षण संस्थानों में लगातार विद्यार्थियों की संख्या कम होती जा रही है। इस कारण से प्रदेश में कई विद्यालय बंद हो चुके हैं। अतः समय की मांग है कि एक साथ मिलकर इन चुनौतियों का सामना किया जाए। क्लस्टर व्यवस्था के कई बिंदुओं पर उन्होंने विस्तार से बात की और उपस्थित विद्यालय प्रमुखों के कई प्रश्नों का मौके पर जवाब भी दिया।

### एक हजार से अधिक शिक्षकों ने लिया भाग

**कार्यशाला** में जिले के 363 प्रधानाचार्य, 185 मुख्य अध्यापक, 353 केंद्रीय मुख्य शिक्षक व 23 खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों सहित लगभग 1000 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में विद्या समीक्षा केंद्र व यूडीआइएसई पोर्टल की जानकारी समग्र शिक्षा शिमला टीम की ओर से प्रस्तुतियों से दी। कार्यशाला में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक अजय सम्बयाल, सेकेंडरी कमलेश कुमारी, कंचन ज्योति, स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा, धर्मशाला कालेज प्रधानाचार्य राकेश पठानिया, सहायक निदेशक संजय ठाकुर व उप जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भट्ट, सुधीर भाटिया भी उपस्थित रहे।

# खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता और भंडारण का रखें ध्यान : कत्याल

## उचित मूल्य की दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की ओर से धर्मशाला एवं कांगड़ा विकास खंडों में उचित मूल्य की दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों का निरीक्षण किया गया। इसमें उचित मूल्य की दुकान सिविल लाइन धर्मशाला एवं सीएएस सदरपुर, आंगनबाड़ी केंद्र जोगीपुरा, बिलानी, फलोर मिल टांडा, अप्पर सदरपुर तथा राजकीय माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला बॉडर बला का निरीक्षण किया गया।

उचित मूल्य की दुकानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित किए जा रहे खाद्यान्नों का निरीक्षण किया गया तथा दृष्टि निरीक्षण करने पर खाद्यान्नों की गुणवत्ता अच्छी पाई गई तथा उचित मूल्य की दुकानों पर आईईसी मैटिरियल प्रदर्शित पाया गया । अध्यक्ष द्वारा उचित मूल्य की दुकानधारकों को निर्देश दिए कि वे शिकायत पुस्तिका ऐसे उचित स्थान पर रखें, जहां पर उपभोक्ता अपनी शिकायत को शिकायत पुस्तिका में दर्ज कर सकें। आंगनबाड़ी केंद्रों में खाद्य वस्तुओं का भंडारण सही प्रकार से किया गया था तथा रिकॉर्ड भी नियमानुसार तैयार किया गया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे समन्वित बाल विकास योजना के तहत बच्चों धात्री महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें तथा खाद्य वस्तुओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। पीएम पोषण के तहत स्कूलों में उपलब्ध करवाए जा रहे मध्याह्न भोजन के संबंध में निरीक्षण के दौरान के पाया कि बच्चों को उचित गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा था। स्कूलों के प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण एवं सही मात्रा में भोजन उपलब्ध हो।

## तीन साल का हिसाब भारी, सुक्खू सरकार से उम्मीदें खत्म : विश्व चक्षु



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रेस बयान में कहा कि विधासनभा के शीतकालीन सत्र में जनता की गैरमौजूदगी सरकार की असफलता पर सबसे बड़ा मुहरनामा है। उन्होंने कहा कि जनता सरकार को अपना नहीं मान रही, यही कारण है कि इस बार तपोवन सत्र में फरियादी पहुंच ही नहीं रहे हैं। अब प्रदेश का हर पीड़ित वर्ग, पूर्व पेंशनर्स सरकार व विधानसभा में घेराव करने के लिए पहुंच रहे हैं। सड़कों में बैठकर 80-80 वर्ष के बुजुर्ग चक्का जाम करने के लिए मजबूर हो रहे हैं, इससे बड़ी आपदा राज्य के लिए नहीं हो सकती। चक्षु ने कहा कि जनता ने सरकार को आईना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि जब सरकार जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ ले, अधिकारियों की मनमानी चरम पर हो और भ्रष्टाचार नई ऊंचाइयों को छूने लगे, तब जनता का सरकार से मोह भंग होना स्वाभाविक है। आज हालात यह हैं कि लोग अपनी पीड़ा लेकर सदन तक आने को भी तैयार नहीं, क्योंकि उन्हें पता है कि इस सरकार में सुनवाई होने वाली नहीं। चक्षु ने कहा कि सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि जब जनता खुद सदन से दूरी बना लेती है, तो उसकी विदाई के कदम भी तेज हो जाते हैं।

# 3 दिसंबर को जोरावर स्टेडियम में गरजेंगे ओबीसी

## ओबीसी संघर्ष समिति के बैनर तले होगा प्रदर्शन, सरकार के समक्ष उठाई जाएंगी लंबित मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल व अन्य।

**ओबीसी** संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग तीन दिसंबर को जोरावर में गरजेंगे। दिन में सुबह 11 बजे सिद्धबाड़ी में समुदाय के लोग एकत्र होंगे और इसके बाद जोरावर तक विरोध रैली निकाली जाएगी।

जोरावर में पहुंचने के बाद धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा कि 20 सितंबर को कांगड़ा से धर्मशाला तक सामाजिक न्याय यात्रा के जरिये पहले ही ओबीसी समुदाय अपनी ताकत दिखा चुका है। हालांकि, इस बार विरोध-प्रदर्शन के जरिये प्रदेश सरकार को ओबीसी के मुद्दों की याद दिलाई जाएगी। ओबीसी समुदाय बड़ा प्रदर्शन और घेराव भी कर सकता है, लेकिन समुदाय नहीं चाहता कि विधानसभा में किसी प्रकार का माहौल खराब हो। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओबीसी समुदाय से जुड़े माननीयों ने भी समुदाय के मुद्दों को विधानसभा में उठाना तो दूर उस पर बात तक नहीं की है। केवल बैजनाथ के विधायक पंचायत चुनाव में देरी के लिए यह कहा कि सरकार चुनाव से पहले ओबीसी की जनगणना करवाना चाहती है, लेकिन जब तक प्रदेश की जनता की गणना नहीं होगी, तब तक ओबीसी की आबादी कितनी यह कैसे साफ होगा। उन्होंने जिला कांगड़ा की बात करते हुए कहा कि पंद्रह में से 13 विस क्षेत्र ओबीसी बाहुल्य हैं, लेकिन किसी एक भी विधायक ने भी ओबीसी पर बात नहीं की है। उन्होंने विधानसभा में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप लगाने पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों को चाहिए कि जनता की मांगों पर चर्चा कर उनका हल निकाले। न कि सदन की गरिमा को खराब करें। उन्होंने कहा कि न तो प्रदेश सरकार और न विपक्ष ओबीसी की मांगों पर बात करना चाहता है। उन्होंने चेताया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक ओबीसी के मुद्दे उठाएं और उन पर चर्चा की समुदाय की मांगों को पूरा करने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि जल्द अगर इस पर फैसला न हुआ तो आगामी समय में सरकार का घेराव किया जाएगा और आने वाले 2027 के चुनाव में पक्ष और विपक्ष के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। इस दौरान समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## ब्लू स्टार इंडिया में 80 पदों पर भर्ती, 1-2 दिसंबर को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि ब्लू स्टार इंडिया के लिए ऑपरेटर और अप्रेंटिस के पुरुष एवं महिला कुल 80 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए आईटीआई फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वेल्डर ट्रेड में योग्यता आवश्यक है। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 से 20,800 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को दो पासपोर्ट फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल शैक्षणिक दस्तावेज, बायोडाटा और अनुभव प्रमाणपत्र साथ लाना होगा। इंटरव्यू 1 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय नूरपुर तथा 2 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय देहरा में सुबह 10:30 बजे आयोजित होंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 96500-74838 पर संपर्क किया जा सकता है।

## थुरल में भाजपा किसान मोर्चा ने की परिचय बैठक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा मंडल के किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अनुसूचित मोर्चा की परिचय बैठक महेंद्र प्रताप चौहान, प्रवीण तानोत्रा, सागर भाटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थुरल मंडल के गतिशील अध्यक्ष विकास धीमान की विशेष उपस्थित रही।

बैठक में थुरल मंडल के महामंत्री विजय राणा , भंडारी राम व तीनों मोर्चों के महामंत्री, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने सभी कार्यकर्ताओं को मंडल द्वारा नई जिम्मेवारी मिलने की बधाई दी और संगठन से संबंधित हर कार्यों को बूथ स्तर पर पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का आग्रह किया। आगामी 4 दिसंबर को धर्मशाला में कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जो आक्रोश रैली होने जा रही है, उसकी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 3 साल के कार्यकाल से लोग तंग आ गए हैं और बड़ी भारी संख्या थुरल मंडल के कार्यकर्ता और जनता जनार्दन धर्मशाला का रुख करेगी।

### आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित

# शिक्षा एक अनमोल रत्न, जिसके बिना जीवन अधूरा : पवन काजल

**अनंत ज्ञान, गगल**

**आदर्श** मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा का वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विधायक पवन काजल ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रबंधक सुभाष ढालोरियां ने मुख्य अतिथि पवन काजल को टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पवन काजल ने कहा के शिक्षा एक अनमोल रत्न है, क्योंकि शिक्षा के बिना शिष्य का जीवन अधूरा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया के स्कूल में अध्यापक ही एक ऐसा गुरु है, जिसके बताए हुए रास्ते पर चलकर शिष्य बड़ी से बड़ी मंजिले तह कर लेता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को भी चाहिए की समय-समय स्कूल में जाकर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और अध्यापकों के साथ तालमेल रखें। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पंजाबी डांस, हरियाणवी डांस, हिमाचली डांस, योग और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं, मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों को देखा और उनकी सराहना की तथा एक-एक हजार रुपए दिए। सभी अध्यापिकाएं को दो-दो हजार रुपए दिए और स्कूल प्रबंधक को 21 हजार रुपए दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



स्कूल प्रबंधक ने मुख्य अतिथि काजल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## जनविरोधी सरकार के खिलाफ 4 दिसंबर को धर्मशाला चलो : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं तथा देहरा भाजपा जिला के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले भाजपा के 'महाघेराव' में अभूतपूर्व संख्या में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक और निर्णायक बनाएं। बिक्रम ने कहा कि यह महाघेराव कांग्रेस सरकार की विफलताओं, टूटे वादों, आर्थिक अव्यवस्था और जनता पर बढ़ाए जा रहे बोझ के खिलाफ हिमाचल की सामूहिक आवाज है। प्रदेश में हर वर्ग किसान, कर्मचारी, युवा, व्यापारी और महिला कांग्रेस सरकार की नीतियों से पीड़ित है। ऐसे में यह आंदोलन प्रदेश की जनता के सम्मान, अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। आज पूरा हिमाचल बदलाव की ओर देख रहा है। जनता का गुस्सा और निराशा साफ दिख रही है। महंगाई चरम पर, आपदा पीड़ितों को न्याय नहीं, कर्मचारियों के मुद्दों पर वादाखिलाफी, बेरोजगार युवाओं के लिए अवसर बंद, विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में भाजपा का यह महाघेराव सरकार को जगाने और जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का बड़ा अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जसवां-परागपुर और देहरा के सभी साथियों से निवेदन है कि 4 दिसंबर को धर्मशाला अवश्य पहुंचें। आप सभी परिवार सहित आएं और इस ऐतिहासिक जन-आंदोलन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाला यह महाघेराव उसी परिवर्तन की शुरुआत है।

# सर्वोदय संस्थान में वार्षिकोत्सव की धूम, पहले दिन योग प्रमाण पत्र वितरित




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी धर्मशाला स्थित बगली के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में पूर्व विधायक एवं युवा भाजपा नेता विशाल नेहरिया ने बताया कि युवा वर्ग को देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। इसमें नवीनतम खोजों के बारे में जानकारी देते हुए छात्रों ने अपने विचार रखे और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को विकसित करने की आवश्यकता बताई। बतौर मुख्य अतिथि विशाल नेहरिया ने बताया कि आम तौर पर लोग हर्बल उत्पादों व दवाओं का सेवन करने के लिए अधिक उत्साहित हैं। बिना ऑपरेशन के कोई इलाज संभव है तो सिर्फ इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से ही हो सकता है, जिससे कैंसर, रसौली व पत्थरी तक बिना दुष्प्रभाव के ठीक हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित इलैक्ट्रोहोम्योपैथी शिक्षण संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में योग का अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव कम होता है। संस्थान निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर संस्थान को गौरवान्वित किया है।

# नई पीढ़ी को नेहरू की फिलॉसफी से अवगत करवाना जरूरी : डॉ. राजेश

## दौलतपुर स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि रहे शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




छात्रा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की पढ़ी जीवन गाथा।

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की फिलॉसफी वाली किताब 'द विजनरी' को लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलतपुर पहुंचे।

दरअसल, डॉ. राजेश शर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलतपुर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बनकर गए थे, लेकिन इसी दौरान वह भी इस बात को देखकर अचंभित रह गए कि मंच से एक छात्रा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जीवन गाथा पढ़ना शुरू कर दी। छात्रा ने अपनी बात को इतने बेहतरीन तरीके से पेश किया कि वहां मौजूद छात्र-छात्राएं आसानी से पंडित नेहरू के जीवन को व उनकी शिक्षाओं को समझ पाए। डॉ. राजेश के लिए यह पल इसलिए भी स्वर्णिम थे,चूंकि वह स्वयं इन दिनों पंडित नेहरू पर द विजनरी नाम किताब को हर छात्र व युवा तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जैसे ही छात्रा ने पंडित नेहरू पर अपनी बात समाप्त की तो डॉ. राजेश ने उस छात्रा को द विजनरी नामक किताब भेंट की। इस दौरान स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा को एजुकेशन के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दोहराया है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू अपने आप में एक संस्थान है, बच्चों को पंडित नेहरू की फिलॉसफी बताना आज के युग में प्रासंगिक है। इसलिए ही स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को लेकर द विजनरी नाम से एक किताब निकाली है, जिसका विमोचन बाल दिवस पर किया गया है। उन्होंने दोहराया कि इस किताब के माध्यम से वह बच्चों तक नेहरू जी के विजन को पहुंचाना चाहते हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि नेहरू जी जैसी शख्सियत के कारण ही आज हम आजाद देश में बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि आज की पीढ़ी को नेहरू की फिलॉसफी से अवगत करवाना जरूरी है। डॉ. राजेश का इससे पहले स्कूल पहुंचने पर स्टाफ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# डाडासीबा कॉलेज के रिहान व वंशिका बने बेस्ट एथलीट




बाबा कांशीराम कॉलेज डाडासीबा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य जतिंदर कुमार की अध्यक्षता में और स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. रामपाल के कुशल निर्देशन में यह प्रतियोगिता हुई। 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़ सहित लांग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, जैवलिन थ्रो और रस्साकशी स्पर्धा करवाई गई। लड़कों में रिहान ने बेस्ट एथलीट का खिताब जीता, जबकि लड़कियों में वंशिका ने सभी इवेंट्स में बेहतरीन बढ़त बनाकर बेस्ट एथलीट ट्रॉफी अपने नाम की। मीनाक्षी, आजाद, आयुष, प्रीति, हर्ष, रितेश, आरती, तनु के प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। प्रो. देवेंद्र सिंह, खेमचंद, शीतल देवी, कार्यालय अधीक्षक अंबरीश, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष अंजना सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# विद्यार्थी जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है अनुशासन: किशोरी

## विधायक ने बक्शी प्रताप सिंह स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**




बक्शी प्रताप सिंह स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित।

**बैजनाथ।** बक्शी प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चढ़ियार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन सफलता की प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है। बिना अनुशासन के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आयोजित होने वाले ऐसे समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करते हैं। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जागरूकता पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दीं। शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यालय को प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए प्रदान करने की भी घोषणा की। समारोह के दौरान विधायक किशोरी लाल ने चढ़ियार क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़कों की टारिंग का कार्य पूरा किया गया है और नई पेयजल योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। साथ ही चढ़ियार अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती व लैब की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी।

# न्यूज ब्रीफ

## एसटीटी ट्रेनिंग कोर्सः आज तक करें इनरोलमेंट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आईटीआई बड़ोह में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पांच दिवसीय एसटीटी ट्रेनिंग (रूफटॉप सोलर पीवी इंस्टॉलेशन एंड मेंटेनेंस) कोर्स चलाया जा रहा है। यह कोर्स इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन और इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेड के पासआउट प्रशिक्षार्थियों के लिए है। प्रत्येक बैच में 20 सीटें हैं। इच्छुक प्रशिक्षार्थी 30 नवंबर तक अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र और आधार कार्ड सहित इनरोलमेंट करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मुनीश कुमार, अनुदेशक इलेक्ट्रीशियन (98163-87538) से संपर्क कर सकते हैं।

## आईटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू 3 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह में 3 दिसंबर को स्वराज इंजन लिमिटेड द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। रोल एसोसिएट ट्रेनी आईटीआई के लिए 300 पदों पर मैकेनिक मोटर व्हीकल, फिटर, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टर्नर, मशीनिस्ट आदि ट्रेड के पासआउट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट (डिप्लोमा) के पदों के लिए संबंधित डिप्लोमा धारक शामिल होंगे। वेतन 15,150-16,065 रुपए मासिक, साथ में भोजन, ड्रेस अलाउंस, सेफ्टी शूज, दिवाली गिफ्ट और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। आवश्यक दस्तावेज और पासपोर्ट फोटो साथ लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 82193-43359 या 93061-97730 पर संपर्क करें।

## शाहपुर में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में एमएसएमई मंत्रालय की रैंप योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं सतीश चौधरी, सतिंदर सिंह, तरुण बनर्जी और जतिंदर सिंह ने स्टार्टअप उद्यम, वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन सुविधाओं और व्यवसाय स्थापना के चरणों पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और आधुनिक उद्यमिता एवं नवाचार से परिचित होने में मदद करते हैं। यह पहल स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही।

## न्यूगल स्कूल भवारना में एनएसएस कैंप आयोजित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना में पहला एनएसएस कैंपस आयोजित हुआ, जिसमें 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़घवार पंचायत की प्रधान सोनिया बंटा व उपप्रधान शिवालिक नरयाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया और बच्चों के साथ सफाई अभियान में भी भाग लिया। स्कूल परिसर, सरदारों की बाबड़ी, खेल मैदान और डेंटल चौक के कूड़े-कचरे हटाए गए। बच्चों द्वारा बनाए मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रधान सोनिया बंटा ने बच्चों को सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी और 3,100 रुपए रिफ्रेशमेंट के लिए स्कूल को प्रदान किए।

## लायंस क्लब ने बांटे बच्चों को गर्म कंबल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** लायंस क्लब धर्मशाला द्वारा विभिन्न सरकारी प्राइमरी स्कूलों में गरीब बच्चों को अध्यक्ष लायन मोहिंद्र सिंह धीमान की अध्यक्षता में गर्म कंबल वितरित किए गए। झियोल स्थित प्राइमरी स्कूल में 22 बच्चों, जूहल प्राइमरी स्कूल में 18 बच्चों, बनगोटू स्कूल में 26 बच्चों और गमरू स्कूल में 25 बच्चों को कंबल वितरित किए गए। अध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्कूल भेजा जाए। इस दौरान लायन प्रजेश मल्ही, लायन बीके शर्मा, एससी धीमान, प्रदीप चौधरी व एसएस बैंस ने सभी बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

## विद्युत पेंशनर्स इकाई नगरोटा सूरियां के चुनाव 10 को

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां की मासिक बैठक 10 दिसंबर को नगरोटा सूरियां में आयोजित होगी। बैठक में गुलेर से हरसर तक और नगरोटा सूरियां से गाहलियां, सलोल, लपियाणा, दुराना तक के पेंशनर्स भाग लेंगे। बैठक में चुनाव जिला अध्यक्ष ई. आरआर राणा की देखरेख में होंगे। प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप खरवाडा, उपाध्यक्ष पवन मोहल, जिला सचिव रमेश भंडारी, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश धीमान, सतिंद्र चौधरी सहित अन्य उपस्थित होंगे। पेंशनर्स से अपील की गई है कि वे 11 बजे समय पर उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए 98160-21041 पर संपर्क करें।

## संजय ने रझूं स्कूल के बच्चों को बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रझूं में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि संजय चौहान ने बच्चों को इनाम वितरित किए और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य वेद प्रकाश ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपलब्धियों व चुनौतियों से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कला, संस्कृति और भारतीय परंपराओं में अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और कौशल विकास में सहायक रहा।

## बतरा कॉलेज से पुस्तकालय अध्यक्ष सेवानिवृत्त

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को पुस्तकालय अध्यक्षा श्यामा आजाद सेवानिवृत्ति हो गई। इसय अवसर पर स्टाफ सेक्रेटरी प्रो. राजीव भोरिया ने उनका स्वागत करते हुए उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अमरजीत कुमारी मधुबाला और शशि ने उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बधाई दी। मुख्यातिथि ने अपने 28 वर्षीय कार्यकाल के अनुभव साझा किए और शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित की गईं।

## बैजनाथ में भाजपा ने 'महाघेराव' को लेकर की बैठक

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ और बड़ा भंगाल में भाजपा की बैठक, धर्मशाला रैली की तैयारियों पर चर्चा बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र बीड़ और बड़ा भंगाल में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक 4 दिसंबर को धर्मशाला में कांग्रेस सरकार की नाकामियों के विरुद्ध प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई। जानकारी मंडल भाजपा महामंत्री चेतक कंवर ने दी। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, जिला महामंत्री अभिमन्यु भट्ट, शीला, चुन्नीलाल भंगलिया, धनीराम ठाकुर और कर्मवीर पॉल उपस्थित रहे।

# पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : नेगी

### कहा- राजस्थान के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश सरकार दे रही प्रक्रिया को गति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बागवानी** एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में पौंग बांध विस्थापितों की शासी निकाय की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नॉन-ऑफिशियल सदस्यों के साथ इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन तथा देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में पौंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों पर चर्चा की गई। नेगी ने कहा कि पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं का स्थायी समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अक्तूबर 2024 में हुई पिछली राज्यस्तरीय बैठक के बाद कई प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों पर प्रभावी प्रगति दर्ज की गई है।



राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में हुई पौंग विस्थापितों की शासी निकाय की समीक्षा बैठक।

## पौंग से प्रभावित क्षेत्रों के वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत

**पौंग** बांध से प्रभावित क्षेत्रों में पारिस्थितिक और सामाजिक प्रभावों के वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है। इस उद्देश्य से जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता (योजना) के नेतृत्व में एक विशेष तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जो पौंग बांध क्षेत्र का व्यापक फ्लड सर्वे कर तकनीकी अध्ययन तैयार कर राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

राष्ट्रीय स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके उपरांत, राजस्व मंत्री ने पोडा निधि के शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि पोडा निधि के माध्यम से पोंग बांध विस्थापितों को घर की मरम्मत एवं विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस निधि का अधिकतम उपयोग कर अधिक से अधिक पात्र विस्थापितों को इसका लाभ पहुंचाया जाए।

## 9905 विस्थापितों को राजस्थान में भूमि आवंटित

**राजस्व** मंत्री ने बताया कि कुल 16,352 विस्थापितों में से 9,905 को राजस्थान में भूमि आवंटित की जा चुकी है, जबकि शेष पात्र परिवारों के मामलों की प्रक्रिया जारी है। कुछ प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने और राजस्थान सरकार की धीमी कार्यवाही के कारण विलंब हो रहा है। सरकार लगातार राजस्थान के साथ समन्वय स्थापित कर रही है तथा अधिकारियों को नियमित रूप से भेजकर साइट निरीक्षण और लंबित मामलों का समाधान कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित कर लंबित भूमि आवंटन, मुआवजा और पट्टा संबंधी मामलों को शीघ्र सुलझाने का अनुरोध किया जाएगा।

## राजस्व मंत्री की आरएसएस पर टिप्पणी की भाजपा प्रवक्ता ने की कड़ी निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई टिप्पणी को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने इस टिप्पणी को निंदनीय करार देते हुए नेगी पर तीखा हमला बोला है। संजय शर्मा ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति स्वयं कांग्रेस की विचारधारा को ही ठीक से नहीं समझ पाया, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रव्यापी संगठन को क्या समझ पाएगा। संजय ने संघ के कार्यों की महत्ता को बताते हुए इतिहास का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कभी आरएसएस के कार्यों पर किसी तरह की अंगुनर नहीं उठाई थी, बल्कि उन्होंने हमेशा संघ के राष्ट्र सेवा के कार्यों को सराहा था। शर्मा ने दावा किया कि महात्मा गांधी ने संघ के राष्ट्रीय संस्कृतवाद की भी खुलकर प्रशंसा की थी, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आरएसएस देश और समाज के लिए रचनात्मक कार्य कर रहा है।

### नई जोड़ी



बिलासपुर डियारा सेक्टर के रजत गुप्ता और शिमला की ममता को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



दसलेहड़ा के रजनीश शर्मा और शाहतलाई की मनीषा शर्मा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## भारत-द. अफ्रीका टी-20 मैच की ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में इंडिया और साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू हो गई है। 14 दिसंबर को खेले जाने वाले मैच के लिए कारपोरेट बॉक्स की टिकट बीस हजार रुपए में उपलब्ध है, जबकि 1500 से 1750 रुपए की टिकटें भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि धर्मशाला में खेले जाने वाले क्रिकेट मैचों को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जाता है। देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से भी क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला मैच देखने पहुंचते हैं, विशेषकर जिस देश का मैच धर्मशाला में हो रहा हो, उस देश के क्रिकेट प्रेमियों की संख्या भी अधिक रहती है। 14 दिसंबर के टी-20 मैच का कारपोटरेट बॉक्स से आनंद लेने के लिए 20,000 रुपए का ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गया है। जानकारी के अनुसार, मैच को लेकर नए स्टैंडों की ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग के लिए स्लॉट खुला है। इसके तहत मैच की ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए अधिकृत एक ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप पर 1500 से 1750 रुपए की सबसे सस्ती टिकटों का स्लॉट फिर एक बार बुकिंग के लिए खुला है। इसके साथ ही 5000 रुपए,9,000 रुपए व 12500 रुपए की ऑनलाइन टिकट की बिक्री चल रही है।

**कारपोरेट बॉक्स टिकट 20 हजार की 1500 से 1750 की भी टिकट उपलब्ध**

## करुणामूलक परिवारों के हक के लिए आगे आएं विधायक : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विधानसभा के तपोवन में जारी शीतकालीन सत्र में करुणामूलक संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार और राज्य मीडिया प्रभारी गगन कुमार ने करुणामूलक नियुक्तियों से जुड़े लंबित मामलों को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग हर विधानसभा से सैकड़ों मामले वर्षों से पेंडिंग पड़े हैं, जिसके लिए प्रभावित परिवार लगातार विधायकों और मंत्रियों के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा लाई गई 3 लाख फ्लैट पॉलिसी के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया, लेकिन कहा कि इसके दो प्रमुख बिंदुओं पर करुणामूलक परिवार मुख्यमंत्री से सीधे चर्चा करेंगे। अजय ने आग्रह किया कि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों के करुणामूलक आश्रितों के समर्थन में आगे आएं और उनकी आवाज बनकर मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से बात रखें।

# प्रदेश को हर दिन कर और कर्ज के बोझ के तले दबा रही सरकार : जयराम

### बोले- आरएसएस के बारे में एक भी अपमानजनक शब्द स्वीकार नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के नाम पर सत्ता में आई व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू की सरकार कर और कर्ज की सरकार बन गई है। अपने 3 साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने सिर्फ बेतहाशा कर्ज लिए हैं और प्रदेशवासियों पर लगातार कर लादे हैं। शनिवार को धर्मशाला से जारी प्रेस बयान में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार की एक ही उपलब्धि है कि हर महीने 1000 करोड़ से ज्यादा का कर्ज ले रही है। 35 महीने के कार्यकाल में सुख की सरकार के कर्ज का आंकड़ा 40000 करोड़ के पार पहुंच रहा है।



इस दौरान सरकार द्वारा सुविधाओं के नाम पर लगने वाले शुल्क में कई कई गुना के वृद्धि हुई है और नए-नए तरह के टैक्स लादे गए हैं। सुक्खू सरकार देश की इकलौती सरकार है, जिसने जीएसटी घटने के बाद भी सीमेंट के दम पर एजीटी बढ़ाकर आपदाग्रस्त प्रदेश के लोगों के घर बनाने की राह कठिन की है। जयराम ने कहा कि पूरा प्रशासनिक अमला 3 साल के जश्न की तैयारी में लगा है। मुख्यमंत्री से लेकर हर विभाग के आखिरी पंक्ति का खड़ा कर्मचारी इस जश्न को सफल बनाने में जुटा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस जश्न पर होने वाले खर्च का वहन राजस्व विभाग कर रहा है। यह बातें हम नहीं सरकार के आधिकारिक दस्तावेज बता रहे हैं। आज हिमाचल की पूरी सरकार जश्न की तैयारियों में लगी है, लेकिन कोई भी नेता जश्न को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है।

इससे सरकार की नीयत और असलियत का पता चलता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक प्रतिष्ठित, अनुशासित और राष्ट्रसेवा को समर्पितदुनिया का सबसे बड़ा संगठन है, जिसने समाज के विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आरएसएस का मूल सिद्धांत 'एकात्म मानववाद' हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान देने की भावना पर आधारित है। संघ के बारे में किसी भी प्रकार की गलत टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है।

## पेंशन संशोधन के वंचित केस महालेखाकार को भेज जाएं : कृष्ण स्वरूप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के डीडीओ वर्ष 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के पेंशन संशोधन के वंचित केस महालेखाकार कार्यालय शिमला में भेजें। जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कांगड़ा जिले के सभी विभागों के डीडीओ से मांग की है कि वित्त विभाग प्रदेश सरकार के पत्र संख्या नंबर पिन-11-10-1/2025 दिनांक 21 नवंबर 2025 के अनुसार, जनवरी 2016 से पहले जिन पेंशनर्स के पेंशन संशोधन के केस अभी नहीं भेजे हैं, उन को तुरंत भेजा जाए। प्रधान ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिन पेंशनर्स के मेडिकल बिल काफी वर्षों से लंबित पड़े हैं, उनके लिए बजट जारी किया जाए, ताकि पेंशनर्स को उनकी राशि का भुगतान हो सके।

प्रधान ने उन पेंशनर्स से भी अनुरोध किया है कि जो 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए हैं तथा जिनके पेंशन संशोधन के केस अभी नहीं गए हैं, उनको अपने-अपने विभागों से तुरंत भिजवाएं, ताकि उनको इसका लाभ मिल सके।

## शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए किए जा रहे अहम बदलाव : बाली



पंडित राघवानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों को इनाम बांटे।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**स्कूल** मंच बच्चों में आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा निर्धारित करने में अहम भूमिका निभाता है। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नगरोटा के उस्तेहड़ स्थित पंडित राघवानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बच्चों को हमेशा नया सीखने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अहम बदलाव किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने मुख्य अतिथि के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट और स्कूल की समस्त गतिविधियों का विवरण दिया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। आरएस बाली ने परीक्षाओं, खेलों, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। उन्होंने स्कूल ग्राउंड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की और संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए निजी खाते से 1 लाख रुपए दिए।

## रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी शिमला ने किया बैजनाथ का दौरा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी दोरजे छेरिंग नेगी शिमला द्वारा ब्लॉक बैजनाथ का दौरा किया। इस दौरान बैजनाथ व बीड सहकारी सभाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रबंधक कमेटी के साथ सहकारी सभाओं के उत्थान के लिए सहकारी सभाओं को कंप्यूटरीकृत करने के दिशा निर्देश जारी किए। इस अवसर पर रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं दोरजे छेरिंग नेगी, अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सभाएं मनोज चौहान,उप पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार, सहायक पंजीयक सहकारी सेवाएं पालमपुर मीरा देवी व ब्लॉक इंस्पेक्टर सुरेश कुमार व रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने ऐतिहासिक शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की बैजनाथ प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमित कपूर, सचिव मोहित कुमार व अन्य सदस्य ने आरसीएस शिमला दोरजे छेरिंग नेगी व अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सेवाएं धर्मशाला मनोज चौहान को मंदिर का चित्र देकर सम्मानित किया।

# पैराग्लाइडिंग एरिया में हाइटेंशन बिजली तारों में लगेंगे एरियल मार्कर बॉल्स

### 21 नवंबर को दाडनू में बिजली की तारों में फंस गया था पैराग्लाइडर

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** धर्मशाला में पैराग्लाइडिंग एरिया में पायलटों को उड़ान के दौरान बिजली की तारें नजर आएं, उसके लिए पर्यटन विभाग ने पहल की है। इसके तहत विभाग ने हाइटेंशन बिजली तारों में एरियल मार्कर बॉल्स लगाने के लिए बिजली बोर्ड को पत्र लिखा है, जिससे कि आपात स्थिति में लैंडिंग के दौरान पायलटों को बिजली की तारें दिख सकें।

**पर्यटन विभाग ने विद्युत बोर्ड को लिखा पत्र**

यह पहल पर्यटन विभाग ने 21 नवंबर को घटित हादसे से बचने के लिए की है। गौरतलब है कि इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट से टेंडम उड़ान भरने के बाद पायलट रिंकू और तेलंगाना की तामला चंद्रिका रानी आपात लैडिंग के दौरान बिजली की तारों में फंस गए थे। इस हादसे की तकनीकी रिपोर्ट भी विभाग की ओर से तैयार की गई थी, जिसमें विशेषज्ञों और पायलट के बयान के अलावा पायलट के कैमरे की रिकॉर्डिंग को भी जांचा गया।

## आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास करने पर नहीं दिखी थी बिजली की तारें

**तकनीकी** टीम के निरीक्षण में सामने आया है कि हादसे के दिन एक तरह से रोटर डिवेलप (भंवर जैसी स्थिति) हो गया था और हवा का दबाव बढ़ने के चलते ग्लाइडर एक तरफ को झुकने लगा। इस पर पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास किया, जिस दौरान उन्हें बिजली की तारें नहीं दिखी और हादसा हो गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पायलट और पर्यटक को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था। इस रिपोर्ट के आधार पर अब पर्यटन विभाग ने सुरक्षा बिंदुओं को दुरुस्त करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

> **विद्युत** बोर्ड को पत्र लिखकर पैराग्लाइडिंग क्षेत्र में बिजली तारों में एरियल मार्कर बॉल्स लगाने को पत्र लिखा गया है। तकनीकी जांच में सामने आया था कि रोटर डिवेलप हुआ था और आपात लैंडिंग के दौरान पर्यटक बिजली की तारों को नहीं देख सका था। पायलट की ओर से कोई लापरवाही जांच में सामने नहीं आई है।
> **-विनय धीमान, जिला पर्यटन अधिकारी।**

# सांगेड पुल के पास ट्रक में सोए ड्राइवर पर स्प्रे करके लूटे 80 हजार, एक लुटेरा गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पठानकोट-जालंधर मार्ग पर हुई लूटपाट की घटना।

**इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार सुबह पठानकोट-जालंधर मार्ग के संगेड़ पुल के पास एक ट्रक ड्राइवर चंदन शर्मा निवासी जवाली के साथ 80 हजार रुपए लुटने की घटना पेश आई। चंदन शर्मा ट्रक नंबर एचपी 97-5092 में होशियारपुर से लौट रहा था और सुबह करीब 3:00 बजे सो गया। सुबह 4:45 बजे ट्रक में सोते समय किसी ने ट्रक का शीशा तोड़कर उन पर स्प्रे किया, जिससे वह अस्वस्थ हो गए। जब ट्रक का दरवाजा खुला, तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति ट्रक का दरवाजा खोलकर भाग रहा है। चंदन शर्मा ने उसका पीछा किया, लेकिन रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दूसरा व्यक्ति रामपाल, उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान पहले व्यक्ति ने तेज हथियार से हमला किया, जिससे चंदन शर्मा को हल्की चोटें आईं। लुटेरे भागने में सफल हो गए, लेकिन मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति मौके पर गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे की पहचान पवन कुमार पुत्र कर्मचंद निवासी लखनपुर, जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। दूसरा आरोपी रामपाल भी लखनपुर का निवासी है, उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत करने का संदेश गया है।

**बैठक** प्रदेश में पहली बार होगा नेशनल मास्टर्स हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन

# ऊना में जुटेंगे देशभर के हॉकी खिलाड़ी

**31 मार्च से पहले ऊना स्टेडियम में होगा आयोजन**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**ऊना** जिले में देशभर के हॉकी खिलाड़ी जुटेंगे। हिमाचल में पहली बार मास्टर्स नेशनल हॉकी चैंपियनशिप होने जा रही है। इसके अलावा, प्रदेश में होने वाली स्टेट हॉकी चैंपियनशिप का खाका तैयार कर लिया है।

शनिवार को धर्मशाला में हॉकी हिमाचल की बैठक अध्यक्ष रणवीर सिंह निक्का की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आगामी समय में नेशनल हॉकी चैंपियनशिप व स्टेट चैंपियनशिप की रणनीति बनाई गई। रणवीर सिंह निक्का ने महिला व पुरुष वर्ग की नेशनल हॉकी चैंपियनशिप 31 मार्च 2026 से पहले ऊना में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है। हिमाचल की स्टेट हॉकी चैंपियनशिप के चार आयोजन होंगे, जो कि 31 मार्च से पहले करवाए जाएंगे, जिनमें जूनियर वुमेन और सब जूनियन वुमेन नूरपुर में, पुरुष वरिष्ठ वर्ग की मंडी में और महिला सीनियर हॉकी चैंपियनशिप हमीरपुर में करवाने का निर्णय लिया गया है। नेशनल चैंपियनशिप के लिए देशभर के खिलाड़ी ऊना में आएंगे। इसका आयोजन ऊना में निर्मित स्टेडियम में हॉकी हिमाचल के पैट्रन सतपाल सत्ती की देखरेख में करवाया जाएगा।



धर्मशाला में बैठक के बाद प्रेसवार्ता करते हिमाचल हॉकी के अध्यक्ष रणवीर सिंह निक्का।

## सुविधाएं देने को हॉकी इंडिया भी तैयार

**रणवीर** निक्का ने कहा कि हिमाचल की बेटियों ने कबड्डी और क्रिकेट में आगे आकर नाम कमाया है। हॉकी खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हॉकी इंडिया भी तैयार है। प्रदेश के जो खिलाड़ी हॉकी खेलने बाहर जाते हैं, कई बार उन्हें सुविधाएं नहीं मिलती, जिससे वे आगे बढ़ने से वंचित रह जाते हैं। हिमाचल में हॉकी की टीम स्ट्रांग नहीं है। हॉकी गेम को बढ़ावा देने में कुछ कमियां हैं, खिलाड़ियों को शिमला स्टेडियम में दूर पड़ता है, ऐसे में ऊना और नूरपुर में खिलाड़ियों को सुविधाएं मिलें तो वे भी इस खेल में आगे आ सकते हैं। हॉकी हिमाचल के अध्यक्ष ने बताया कि हिमाचल हॉकी से 14 युवा आर्मी में गए हैं। 6 युवा पुलिस में भर्ती हुए हैं। तमिलनाडू के चेन्नई में आयोजित बैठक में पता चला कि उस राज्य में जो भी खिलाड़ी नेशनल खेलकर आते हैं, उन्हें नौकरी में प्राथमिकता के आधार पर आगे किया जाता है, ताकि उनका हौंसला बुलंद हो।

# मुख्य सचिव ने किया टांडा मेडिकल कॉलेज का दौरा



मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने मरीजों, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से बातचीत की।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**मुख्य** सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को डॉ. मेडिकल कॉलेज टांडा का दौरा किया और संस्थान की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी प्राचार्य एवं फैकल्टी सदस्यों के साथ चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य सचिव, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और निदेशक चिकित्सा शिक्षा के साथ समन्वय कर इन मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि महाविद्यालय की अधोसंरचना, सेवाओं और मरीज देखभाल सुविधाओं को और सशक्त किया जा सके। उन्होंने शल्य चिकित्सा विभाग, हाई डिपेंडेंसी यूनिट तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मरीजों, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से बातचीत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, उनकी उपलब्धियों व विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# बिलासपुर मार्केट में खड़े लोहे के गार्डर बने सिरदर्द

## चारपहिया वाहनों की एंट्री बंद; बाजार के भीतर दो-दो अस्पताल, मरीजों को मुश्किलों से होना पड़ रहा दो-चार

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण इलाके मेन मार्केट में सड़क के बीच गाड़े गए लोहे के गार्डर अब गंभीर समस्या का रूप ले चुके हैं। कई साल पहले भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के नाम पर लगाए गए ये गार्डर आज लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं हैं। स्थिति यह है कि बाजार के भीतर दोपहिया वाहन तो किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन किसी भी प्रकार का चारपहिया वाहन एंबुलेंस, कार, टैक्सी, पिकअप अंदर प्रवेश ही नहीं कर सकता। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि इसी बाजार के भीतर दो बड़े अस्पताल स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों मरीज जांच, एक्स–रे, लैब टेस्ट और अन्य उपचारों के लिए आते हैं, परंतु गार्डरों की वजह से वाहनों को अंदर आने की अनुमति नहीं होने के कारण मरीजों को गार्डरों तक ही उतारना पड़ता है और परिजनों को उन्हें उठाकर या स्ट्रेचर पर बाजार के भीतर तक ले जाना पड़ता है। यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि कई मामलों में मरीजों की हालत को और गंभीर बना देती है।

व्यापारियों और आम नागरिकों ने बताया कि इन गार्डरों के कारण बाजार वर्षों से अव्यवस्थित है, परंतु इनके हटाने की दिशा में किसी भी विभाग ने कदम नहीं उठाया। जबकि यह क्षेत्र व्यापार, स्वास्थ्य सेवाओं और आम आवाजाही तीनों दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्यापारियों का कहना है कि सामान की आवाजाही बाधित होने से कारोबार प्रभावित होता है, वहीं मरीजों के परिजन इसे मानवता के खिलाफ व्यवस्था बता रहे हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा


मुख्य बाजार बिलासपुर में सड़क के बीचों बीच गाड़े गए लोहे के गार्डर, जो लोगों के लिए परेशानियों का कारण बनते हैं।

### अस्पतालों तक कैसे पहुंचेंगी एंबुलेंस?

**लोगों** का सवाल है कि जब बाजार के भीतर अस्पताल मौजूद हैं, तो सड़क को इस तरह बंद कर देना किस योजना का हिस्सा था? क्या प्रशासन ने कभी सोचा कि आपात स्थिति में एंबुलेंस भी अंदर नहीं जा पाएगी? स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि या तो गार्डरों को हटाया जाए, या फिर किसी वैकल्पिक मार्ग के माध्यम से वाहनों की नियंत्रित एंट्री सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों और आम जनता को राहत मिले। जनता का कहना है कि गार्डर सुरक्षा के नाम पर लगाए गए थे, लेकिन अब ये जनता की सुरक्षा और सुविधा दोनों के लिए खतरा बन चुके हैं।

> 80 के दशक में इस मार्केट में एक भयानक दुर्घटना घटी थी। एक ट्रैक्टर की ब्रेक फेल हो गई थी और उस घटना में काफी लोगों को चोटें आई थीं। इस कारण ये गार्डर सुरक्षा की दृष्टि से यहा लगाए गए थे। जहां तक मरीजों के जाने-लाने का प्रश्न है, तो मरीज नीचे की ओर से यानी राजमार्ग से भी ले जाए जा सकते हैं, वहां पर इस तरह का कोई अवरोध नहीं है।
>
> – नरेंद्र पंडित, अध्यक्ष, व्यापार मंडल बिलासपुर

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्हाणी सड़क पर कल तक बंद रहेगा यातायात

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि सेर से सुन्हाणी सड़क पर निर्माण कार्य के सुचारू निष्पादन के लिए आगामी 1 दिसंबर तक यातायात बंद रहेगा। इस अवधि में यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान यातायात को वाया समोह-रैली-सुन्हाणी मार्ग तथा भल्लू-बलगाड़ मार्ग से डायवर्ट किया गया है। इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, वीआईपी वाहन, स्कूल बसें तथा अन्य आवश्यक सेवा वाहनों को इस अवधि में इस मार्ग पर आवागमन की अनुमति होगी।

### घुमारवीं में आज खुलेगा हिमुडा का कार्यालय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** क्षेत्र के लोगों के लिए राहतभरी खबर है। हिमुडा का नया डिवीजन कार्यालय अब घुमारवीं में ही स्थापित किया जा रहा है। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी रविवार यानी 30 नवंबर को इस कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यालय बडू वार्ड स्थित राजस्व सदन भवन में अस्थायी रूप से संचालित होगा। इसके साथ ही बिलासपुर और हमीरपुर सब-डिवीजन भी यहीं से कार्य करेंगे, जिससे अब लोगों को मंडी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### प्रशिक्षु शिक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदर्श शिक्षा कॉलेज अमरपुर के प्रशिक्षु छात्रों के लिए कॉलेज प्रबंध द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण जिला मंडी में रिवालसर तथा नयना देवी मंदिर ले जाया गया। मंदिर के पुजारी से मंदिर के इतिहास को जाना गया तथा यह ज्ञात हुआ कि यह एक ऐतिहासिक दार्शनिक स्थल है, यहां जो भक्त सच्चे मन से कामना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर प्रांगण में छात्रों ने भक्ति गीतों पर भजन व नृत्य किया तथा प्रशिक्षुओं ने मनमोहक नजारों को कैमरे में कैद किया। इस भ्रमण के लिए कॉलेज अध्यक्ष डीएन शर्मा, प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने छात्रों को भ्रमण की अनुमति देने के साथ शुभकामनाएं भी प्रदान की।

### 'आरएसएस पर टिप्पणी पर माफी मांगें मंत्री नेगी'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा आरएसएस पर टिप्पणी करने की बीडीसी उपाध्यक्ष घुमारवीं सतीश ठाकुर ने घोर निंदा की है। मंत्री को आरएसएस के इतिहास और विकास की जानकारी पूरी पढ़नी चाहिए। उन्हें ज्ञान होना चाहिए कि आरएसएस राष्ट्र प्रेम जगाती है और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका योगदान करती है। उन्होंने कहा कि मंत्री को यह भी ज्ञान होना चाहिए कि आरएसएस को बने आज 100 वर्ष हो गए हैं जिसकी भारतवर्ष में 83000 से ज्यादा शाखाएं कार्यरत हैं और 39 विदेश में भी शाखाएं कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक आज इस संगठन के पास हैं। मंत्री को अपनी टिप्पणी के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### नम्होल स्कूल में दी बैंक योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा नम्होल के मैनेजर ऋषिकेश मीणा ने शनिवार को नम्होल स्कूल में विद्यार्थियों को बैंकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बच्चों को बताया कि बैंक में किस प्रकार खाते संचालित होते हैं, बचत का महत्व क्या है और डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए। मैनेजर ने विशेष तौर पर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लिंक, अज्ञात कॉल, फर्जी मैसेज, ओटीपी साझा करने और संदिग्ध ऐप्स से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करें। विद्यालय प्रबंधन ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के लिए बेहद उपयोगी हैं और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### जमथल में 19वीं खेल प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** जमथल में दो दिवसीय 19वीं खेल प्रतियोगिता का आयोजन युवक मंडल जमथल द्वारा किया गया। इसमें हिमुडा के निदेशक जितेंद्र चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंडल प्रधान रोहित ठाकुर व सदस्यों ने मुख्यातिथि को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। हर साल की भांति इस साल भी खिलाड़ियों ने कब्बड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से युवा का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम उपप्रधान शशि ठाकुर ने किया था, जो निरंतर सालों से चली आ रही है। मंडल उपप्रधान रिशु, सचिव रजनीश, बृजलाल व पंकज ने दर्शकों और खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। वॉलीबाल में इनकम टैक्स चंडीगढ़ और बरठी की टीम ने हिस्सा लिया वहीं कब्बड्डी में कई स्थानीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समजसेवी व मुख्यातिथि जितेंद्र चंदेल ने मंडल को सहयोग राशि प्रदान की व सरकार की तरफ से आगामी खेल आयोजन के लिए कब्बड्डी मैट, कुर्सियां व अन्य उपयोगी समान दिलाने का आश्वासन दिया।

### एसआईवीटी सेंटर के छात्रों ने ली नवाचारों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर मुख्य कार्यालय घुमारवीं के एमडी सतीश शर्मा ने बताया कि इस बार एसआईवीटी बंगाणा सेंटर के विद्यार्थियों ने मंडी जिला में स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय और नाईलेट मंडी का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में छात्रों ने विभिन्न उद्योगों और संस्थानों का भ्रमण किया और नवीनतम तकनीक और नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एमडी सतीश शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करना था। छात्रों ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में आयोजित सेमिनार में भाग लिया। जहां उन्हें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए। उन्होंने नाईलेट मंडी का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें नवीनतम तकनीक और नवाचारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। छात्रों ने मंडी के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया, जिनमें मंडी का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक पड्डल मैदान भी शामिल है।

### मजारी स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रावमा विद्यालय मजारी में सत्र का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। बीते पांच दिनों से चल रही तैयारियों का परिणाम छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रूप में दिखाया। खेड़ण दे दिन चार व रोहड़ू जाना मेरी अमिये जैसे गीतों पर अध्यापक एवं अभिभावक भी नाटी की थाप पर झूम उठे। समारोह के मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी संजीव चौधरी ने वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत, लक्ष्य निर्धारण और नई शिक्षा नीति 2020 द्वारा प्रोत्साहित डिस्कशन, डिस्कवरी और इंक्वायरी-बेस्ड शिक्षण पद्धति को अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के विकास हेतु उन्होंने अपनी ओर से ₹11,000 की राशि भी भेंट की। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेल व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त की। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणामों पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

# मंत्री धर्माणी ने घुमारवीं अस्पताल के डॉक्टर्स व स्टाफ को किया सम्मानित

## अस्पताल प्रशासन को पहली बार सफल सिजेरियन प्रसव करवाने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं सिविल अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक करवाए गए दो जटिल सिजेरियन प्रसवों के लिए अस्पताल के डॉक्टर्स एवं अन्य संबंधित स्टाफ को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. अभिनव गौतम, डॉ. दीपक, तकनीकी स्टाफ उमेश, पूजा, अंकुश, तथा वार्ड स्टाफ सीता और रमा शामिल हैं। धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में पहली बार जटिल सिजेरियन प्रसव करवाकर डॉक्टरों एवं तकनीकी स्टाफ ने बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के आधारभूत ढांचे को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं घर के समीप ही उपलब्ध हो सकें।


सिविल अस्पताल घुमारवीं के स्टाफ के साथ नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी।

### प्रत्येक बच्चे में होती है विशेष क्षमता

**घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हर बच्चे में अलग क्षमता होती है, जिसे पहचानकर निखारने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य तय कर 'आई एम द बेस्ट' की भावना के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। धर्माणी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। कोठी क्लस्टर के 10 विद्यालयों के लगभग 800 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा पर बड़ा बजट खर्च कर रही है, ताकि बच्चों का भविष्य मजबूत हो सके।

### मारकंड में मनाया विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** सीएच मारकंड में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के निर्देश पर कार्यक्रम की अध्यक्षता दंत चिकित्सक डॉ. निधि ने की। इस दौरान डॉ. निधि और हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने बताया कि हर साल 20 मार्च को ओरल हेल्थ डे मनाने का उद्देश्य दांतों और मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में सही ब्रशिंग तकनीक, दिन में दो बार ब्रश करने, नरम बालों वाले ब्रश के उपयोग, मसूड़ों की मसाज, संतुलित आहार, जंक फूड और तंबाकू सेवन से बचने पर जोर दिया गया। डॉ. निधि ने सभी प्रतिभागियों का डेंटल चेकअप किया और उचित ब्रश व पेस्ट चुनने की सलाह दी। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने मौखिक अस्वच्छता से होने वाली बीमारियों पर जानकारी दी और ब्रशिंग का लाइव डेमो भी दिया। कार्यक्रम में स्लक्त प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें तीन प्रतिभागियों को वाटर बॉटल देकर सम्मानित किया गया। अंत में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शपथ दिलाई गई और उपस्थित 52 लोगों को फल वितरित किए गए।

# थाना कोलियां में मतदान सूची में गड़बड़ी का आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

ग्राम पंचायत माकड़ी के वार्ड –5 (थाना कोलियां) में मतदाता सूची 2025 में भारी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर को शिकायत सौंपी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वार्ड में कई पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं, जिससे भविष्य में उन्हें मतदान करने के अधिकार से वंचित होना पड़ सकता है। शिकायतकर्ता सुभाष चंद, पुत्र पलटू राम ने बताया कि वे लंबे समय से इसी पंचायत के स्थायी निवासी हैं, लेकिन जब उन्होंने नई मतदाता सूची 2025 का अवलोकन किया, तो पाया कि परिवार के कई सदस्यों और अन्य ग्रामीणों के नाम सूची से गायब हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे सभी नियमित रूप से चुनावों में भाग लेते आए हैं और यह त्रुटि चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगाती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत अधिकारी तथा संबंधित कर्मियों की लापरवाही के कारण यह गड़बड़ी हुई है। उनका कहना है कि नियमों के अनुसार ऐसी त्रुटियां नहीं होनी चाहिए थीं और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी मतदाता को उसके अधिकार से वंचित न होना पड़े। शिकायत पत्र में 17 से अधिक ग्रामीणों ने अपने नामों के हटाए जाने का उल्लेख किया है। इनमें बुजुर्ग महिलाएं, पुरुष तथा अनुसूचित जाति परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन मामले की तुरंत जांच करे और गलत तरीके से हटाए गए नामों को पुनः मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

> ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपी शिकायत जांच करवाने की मांग

# बरठीं बस हादसा: मृतकों के परिजनों को अभी तक नहीं मिला पूरा मुआवजा

अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता उपमंडल के बरठीं में भल्लू पुल पर हादसा हुए करीब दो माह हो गए हैं, लेकिन मृतकों के परिजनों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। भल्लू पुल के पास पहाड़ी से गिरे मलबे से एक चलती बस चपेट में आ गई थी, जिसमें 16 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपए और केंद्र सरकार ने दो लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की थी। दो माह बाद भी पीड़ित परिवारों को अब तक 25 हजार रुपए प्रारंभिक राहत राशि ही मिली है। मृतकों के परिजनों ने बताया कि सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर वे थक चुके हैं, लेकिन मुआवजा अब भी फाइलों में अटका हुआ है। एक मृतक के परिजन ने बताया कि हाल ही में पटवारी ने उन्हें फोन कर फिर दस्तावेज जमा करवाने के लिए कहा है। सभी दस्तावेज जमा करवा दिए थे और अब फिर मांगे जा रहे हैं।

वहीं, उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को पच्चीस हजार मुआवजा दे दिया गया है। उनके डॉक्यूमेंट लोड हो चुके हैं। जैसे ही टैजरी से अप्रूव हो जाएंगे। उसके बाद सभी परिजनों को पैसे मिल जाएंगे।

### बरठीं स्कूल में विवेक ने नवाजे 90 मेधावी

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विवेक कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्राथमिक क्लस्टर स्कूल खरोटा, मोहिं और राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला बरठीं के बच्चे भी उपस्थित रहे और उनको भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें गिद्दा व नाटी ने खूब वाहवाही लूटी। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने विभिन्न वर्गों और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 90 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया, साथ ही विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने वाले लोगों को भी सम्मान प्रदान किया। उन्होंने 15 दिनों के भीतर स्कूल में टेबल टेनिस देने का वादा भी किया।

# आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने में मोर्चे निभाएंगे निर्णायक भूमिका: पायल वैद्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भाजपा की प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत में विभिन्न मोर्चे महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका अदा करेंगे। वह श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मोर्चे पार्टी के जनाधार को मजबूत बनाने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक मोर्चा हर बूथ स्तर पर अपनी टीमों का गठन करे और नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य तेज गति से आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति बूथ स्तर पर ही खड़ी होती है, इसलिए सभी मोर्चा पदाधिकारी आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपना विस्तार अभियान प्रभावी ढंग से चलाएं। सम्मेलन में विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि 'सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल सिद्ध हुई है। चुनावी वादे तो दूर, अपनी तथाकथित गारंटियां भी पूरा नहीं कर पाई है। विकास कार्य ठप पड़े हैं और पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है।


श्री नयना देवी विस क्षेत्र के मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करतीं पायल वैद्य।

# 15 दिसंबर तक करवाएं गेहूं फसल का बीमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला कृषि विभाग के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गेहूं की फसल का बीमा 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कृषि जोखिमों से होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। उपनिदेशक कृषि प्रेम चंद ठाकुर ने बताया कि गेहूं की फसल के लिए कुल बीमीत राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर है तथा प्रीमियम 12 प्रतिशत की दर से 7200 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है, जिसमें किसान द्वारा अनुदानित प्रीमियम 1.5 प्रतिशत की दस से 900 रुपए प्रति हेक्टेयर अथवा 72 रुपए प्रति बीघा की दर से वहन किया जाएगा तथा शेष राशि सरकार अनुदान के रूप में भरपाई करेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए किसान रत्न लाल सदर (मो. 7018083042), बृजेश चंदेल, घुमारवीं (मो. 9418463891), किशोर कुमार झंडूता (मो. 9817488310), मनोज ठाकुर श्री नयना देवी जी (मो. 7018306808) तथा कृषि बीमा कंपनी के जिला समन्वयक चंद्रशेखर के मोबाइल नंबर 9857075081, सदर ब्लॉक समन्वयक मदन लाल के मोबाइल नंबर 7018370005, घुमारवीं ब्लॉक समन्वयक अंकुर सोनी 7807589869 तथा झंडूता ब्लॉक समन्वयक विशाल कुमार 7832084842 से संपर्क कर सकते हैं।

# भारत विभाजन के समय महिलाओं पर हुए अत्याचारों की त्रासदी का किया जीवंत मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित एचपीयू युवा महोत्सव के तीसरे दिन रंगमंच की विविध और प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। दिन की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की प्रस्तुति से हुई, जिसमें गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. बलबीर सिंह चंदेल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। दूसरी प्रस्तुति राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के नाम रही, जिसमें द्रौपदी के चरित्र को अत्यंत सशक्त और भावपूर्ण रूप में मंचित किया गया। द्रौपदी के संवाद 'मैंने तो चौसर खेला ही नहीं, फिर मैं कैसे हारी गई?' ने पूरे सभागार को क्षणभर के लिए मौन कर दिया। दिन की अंतिम नाट्य प्रस्तुति राजकीय महाविद्यालय चंबा द्वारा प्रस्तुत एक अत्यंत संवेदनशील विषय पर आधारित रही, जिसमें भारत विभाजन के समय महिलाओं पर हुए अत्याचारों की त्रासदी को जीवंत किया गया।

# एफसीआई के बिलासपुर गोदाम के निरीक्षण में विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल द्वारा किए गए औचक निरीक्षण ने एफसीआई गोदाम बिलासपुर की असली सच्चाई सामने ला दी है। निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई, उसने विभाग और प्रशासन दोनों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी बृजेंद्र पठानिया ने बताया कि गोदाम की हालत बेहद जर्जर पाई गई। दीवारों व छत से पानी का रिसाव, चूहों की आवाजाही, कीट–पतंगों की भरमार, पक्षियों और असामाजिक तत्वों का आसान प्रवेश ये सभी स्थितियां संग्रहित खाद्यान्न के दूषित होने, बर्बाद होने और गुणवत्ता ह्रास का बड़ा खतरा पैदा कर रही हैं। ये वही खाद्यान्न है, जो टीसीपीडीएस, मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) और आईसीडीएस जैसी सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाखों लाभार्थियों तक पहुंचता है। ऐसे में गोदाम की बदहाली राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के सीधे उल्लंघन की स्थिति पैदा करती है। स्थिति की गंभीरता देखते हुए आयोग अध्यक्ष ने उपायुक्त बिलासपुर को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि एफसीआई. गोदाम को तुरंत अधिक सुरक्षित, साफ–सुथरे और उपयुक्त भवन में स्थानांतरित किया जाए। इसके लिए मिल्कफैड के खाली भवन या जिला प्रशासन के पास उपलब्ध किसी अन्य सुरक्षित भवन को विकल्प के रूप में प्रयोग करने की अनुशंसा भी की गई है।

पठानिया ने कहा कि विभाग इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रहा है और खाद्यान्न की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी जोखिम, चाहे संदूषण हो, खराबी हो या नुकसान इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण ने साफ कर दिया है कि अब इस गोदाम में खाद्यान्न रखना खतरे से खाली नहीं और प्रशासन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने होंगे।

> उपायुक्त को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश, गोदाम को शिफ्ट करने की सिफारिश

**मुहिम** 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' जागरूकता अभियान जिलेभर में पकड़ रहा गति

# चिट्टे को जड़ से खत्म करना जरूरी: महेंद्र धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा शुरू किया गया 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान जिलेभर में लगातार गति पकड़ रहा है। समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने के उद्देश्य से चल रहा यह अभियान अब जिले में हर पंचायत स्तर से लेकर सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न समुदायों तक पहुंचाया जा रहा है। अभियान के तहत सोसायटी के पदाधिकारी लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और उन्हें चिट्टे के खिलाफ इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शनिवार को इस अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने घुमारवीं में शिवा टैक्सी यूनियन के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें चिट्टे के खतरे के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी सदस्यों से इस पहल को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने और युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए आगे आने की अपील की। शिवा टैक्सी यूनियन के प्रधान सुरेश शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी इस चिट्टा नमक नशे के दलदल में फंसता जा रहा है।

सोसायटी द्वारा चलाया गया घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान बहुत ही सराहनीय कार्य है और हम सब टैक्सी यूनियन के सदस्य इस अभियान को संस्था के साथ मिलकर आगे बढ़ाएंगे ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे। संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा आज समाज में तेजी से फैल रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो आने वाले वर्षों में कोई भी परिवार इसकी चपेट से सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नशा युवा पीढ़ी को बर्बादी की राह पर ले जा रहा है और इसे जड़ से खत्म करना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है। सोसायटी के सदस्य अनिल धर्माणी, अमृतलाल कतना, बाबूलाल और सुनील दत्त ने समाज सुधारक समिति डाहड़ के प्रधान एवं पूर्व सैनिक पवन चंदेल, जन सेवा नारायण सेवा समिति के प्रधान, सेवानिवृत्त उपनिदेशक शिक्षा विभाग प्रकाश धीमान तथा इंसानियत संस्था डाहड़ के सदस्यों के साथ मिलकर इस जागरूकता अभियान को और मजबूती प्रदान की।



# राजनीति में अभद्र भाषा का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए खतरा: हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव हीरापाल सिंह ने कहा कि राजनीति का गिरता हुआ स्तर आज लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। यदि समय रहते इस अभद्र भाषा और व्यवहार पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में माहौल हिंसात्मक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि नेताओं द्वारा सोशल मीडिया, लोकसभा राज्यसभा, जनसभाओं व सार्वजनिक मंचों पर विरोधियों के प्रति 'बिलो द बेल्ट' टिप्पणियां, परिवारों पर निजी हमले और अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग पिछले 10 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। इससे लोकतंत्र का स्तर कमजोर हुआ है और राजनीति में विश्वसनीयता कम हुई है। उन्होंने कहा कि राजनीति का मूल उद्देश्य जनता के मुद्दे—सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय का समाधान होना चाहिए, लेकिन नेताओं की भाषा और आचरण इन मुख्य विषयों से ध्यान हटाकर राजनीतिक लाभ की ओर केंद्रित हो गया है। मुफ्त की रेवड़ियों के वादे, सत्ता में बने रहने की लालसा, और नैतिकता का ह्रास लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे से दूर रहने व मेहनत करने की प्रेरणा दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में बाल सभा के दौरान विशेष प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्थानीय गांव से हाल ही में हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवाओं में चयनित विनय रावत ने बच्चों के साथ अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे 12वीं कक्षा से ही उन्होंने पुलिस सेवा का लक्ष्य तय किया और कठिन परिश्रम, पढ़ाई और खेलकूद के माध्यम से इसे प्राप्त किया। बच्चों को हताश न होने, नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। विनय रावत की माता रेलमो देवी ने बच्चों से मेहनत करने की अपील की। कार्यक्रम में बच्चों ने सवाल पूछे, और पाठशाला ने विनय रावत को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### 170 बच्चों को गर्म स्वेटर किए वितरित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत सराहन के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रान में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्यातिथि प्रधान पवन कुमार और विशेष अतिथि जिला परिषद सदस्य मनोज मनु ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने पंजाबी, हिंदी, हरियाणवी गीतों और हिमाचली नाटकों की प्रस्तुतियों से मंच सजाया। अजय कुमार को बेस्ट ब्वॉय, काजल को बेस्ट गर्ल और मूबीना को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया। समारोह में कार्यकारी प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मनोज मनु ने स्कूल को गोद लेने की घोषणा की और निजी योगदान के रूप में 3100 रुपए दिए, साथ ही लाइब्रेरी के लिए जिला परिषद से एक लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यातिथि ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रैकसूट और 170 बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए।

### एएसआई ने छात्रों को दिया जीवन रक्षक संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक चंबा में शनिवार को एएसआई सुरेश कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के महत्व, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, जेब्रा क्रॉसिंग और ट्रैफिक लाइट का पालन करने जैसी महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने नशे में वाहन न चलाने, तेज गति से बचने और मोबाइल फोन का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने की चेतावनी दी। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा दूर की और गति सीमा के पालन व सतर्कता के महत्व को समझा। कार्यक्रम में भाषण, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में अभिनव प्रथम, आर्यन द्वितीय, यश तृतीय, जबकि सीनियर वर्ग में प्रियांशु प्रथम, विराट द्वितीय व शिवम तृतीय रहे। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा बढ़ाना था।

### नशे में धुत बेटे ने माता-पिता से की मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस चौकी कोटली के अंतर्गत रोशन लाल निवासी डाकघर साईगलू ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह और उसकी पत्नी मंडी से घर लौटे थे। पत्नी रसोई में खाना बना रही थी और वह आंगन में टहल रहा था कि तभी उनका बेटा खेम चन्द कहीं से शराब पीकर आया और अपने माता-पिता के साथ मारपीट की। पुलिस थाना सदर मंडी में मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ा रही है।

### बच्चों को पीटने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस स्टेशन में 28 नवंबर को कुलदीप पुत्र पंचू राम, निवासी फतेहपुर की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 126(2), 115(2), 352, और 351(2) के तहत एफआईआर संख्या 216/25 दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता कुलदीप ने बताया कि 28 नवंबर 2025 को उसकी चचेरी बहन की शादी थी। शाम लगभग 8 बजे जब उसकी बहन घर वापिस आ रही थी, तो उसके लड़के दीपक और कार्तिक और दो भांजे, आंगन में पटाखे चलाकर उसका स्वागत कर रहे थे। इस पर पड़ोसी प्रवीन कुमार पुत्र रोशन लाल की माता ने बच्चों को सड़क पर पटाखे चलाने को कहा। जब बच्चे सड़क पर गए, तो प्रवीन कुमार वहां आया और गुस्से में बच्चों को रोका। आरोप है कि उसने सीधे उसके बेटे दीपक की टांग पर किसी चीज़ से वार किया और मारपीट की, जिससे दीपक के घुटने और पैर में चोटें आईं। इसके अलावा, प्रवीन कुमार पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकियां देने का भी आरोप है। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने मामला पुष्टि करते गुए कहा कि मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### आग से घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भोले राम पुत्र बर्जू राम निवासी गांव भमसोई, डाकघर नगवांई, तहसील औट ने सूचना दी कि उनका लकड़ी व टिन की छत वाला आवासीय मकान अचानक आग की चपेट में आ गया। गुड्डू राम और राजेश कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे घर से धुआं उठता देखकर उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लकड़ी का मकान होने के कारण पूरा घर जलकर राख हो गया। आग में दो लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान सहित लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ। प्रारंभिक जांच में विद्युत शॉर्ट सर्किट कारण पाया गया है और किसी पर कोई संदेह नहीं है।

### तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा आरोपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना सुंदरनगर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज अभियोग में गिरफ्तार किए गए अभिषेक कुमार पुत्र बरडू राम निवासी डाकघर मैरमसीत तहसील सुन्दरनगर को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां माननीय न्यायालय ने आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड दी है।

### 23,500 रुपए छीनने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** संतोष कुमार निवासी मोल, खड़ीहार थाना जोगिन्द्रनगर ने पुलिस चौकी बस्सी में शिकायत दर्ज करवाई कि 27 नवंबर को खड़ीहार स्थित प्यार चन्द की सब्जी दुकान में उनसे 23,500 रुपए छीन लिए गए। शिकायत के अनुसार वह दुकान में बैठे थे और 25,000 रुपए निकाले, जिनमें से 1,500 रुपए उधारी चुकाने हेतु दिए और शेष 23,500 रुपए प्यार चंद ने झपट कर छीन लिए तथा उन्हें धक्का देकर बाहर निकाल दिया। दुकानदार दुकान बंद कर मौके से भाग गया। पुलिस थाना जोगिन्द्रनगर में अभियोग पंजीकृत कर आगे की जांच कर रही है।

### पैदल जा रहे राहगीर को मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गत रात को थाना औट के पास एनएच-03 पर एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें देशराज निवासी थलौट अपने चचेरे भाई बंटी के साथ पैदल घर जा रहा था कि तभी बोलेरो पिकअप तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए बन्टी को टक्कर मारकर फरार हो गया। थाना औट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बन्टी को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### चालान कर वसूला 2000 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 294 चालान, कोटपा के अंतर्गत 20 चालान किए तथा कुल 2000 रुपये जुर्माना वसूला है।

### जोगिंद्रनगर में धूमधाम से मनाया एनसीसी दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आरजीएम राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में एनसीसी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील भट्ट, वीएसएम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के साथ साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल, जोगिंद्रनगर के कुल 150 एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। अनुशासन के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कर्नल भट्ट ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के कैडेट्स द्वारा की गई सेक्शन फॉर्मेशन गतिविधि की विशेष प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सदस्य मौजूद रहे। एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) स्मृति ठाकुर ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

### प्रोफेशनल्स कांग्रेस का सदस्यता अभियान 15 तक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस की सदस्यता अभियान इन दिनों प्रदेश व जिला भर में 15 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नानक कश्यप ने देते हुए बताया कि यह ऑल इंडिया कांग्रेस का ही हिस्सा है जिसके माध्यम से देश में सभी प्रोफेशनल्ज़ को साथ जोड़ा जा रहा है।

# किलाड़ में दो किलोमीटर में दो शराब ठेके, स्थानीय लोगों की बढ़ी चिंता

## स्कूल और बैंक मार्ग पर शराब के ठेके खोलने का लोगों ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, किलाड़**

पांगी घाटी मुख्यालय किलाड़ में बस स्टैंड से अस्पताल तक महज दो किलोमीटर के मार्ग पर दो शराब के ठेके खोले गए हैं। इस मार्ग पर तीन बैंक और बच्चों का स्कूल भी स्थित है, जिससे स्थानीय लोग गंभीर चिंता में हैं। रोज़ाना छोटे बच्चे इस रास्ते से स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं, जबकि महिलाएं, बुजुर्ग और कर्मचारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं।

स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतनी आबादी वाले और भीड़भाड़ वाले मार्ग पर शराब की बिक्री की अनुमति देना क्या प्रशासन की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना नहीं है। कुल्लू के एक्साइज इंस्पेक्टर विक्रांत बैनर का कहना है कि आबादी ज्यादा होने के कारण




किलाड़ में बस स्टैंड-अस्पताल मार्ग पर खुला शराब का ठेका।

दो ठेके खोले गए हैं। लेकिन लोग पूछते हैं कि आबादी बढ़ने का मतलब क्या शराब के ठेकों की संख्या बढ़ाना है? स्थानीय जनता का कहना है कि सरकार नशे के खिलाफ अभियान चलाने की बात करती है, लेकिन स्कूल, बैंक और मुख्य सड़क के बीच शराब ठेके खोलना इससे विरोधाभासी है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि बच्चों और समाज के हित को प्राथमिकता देते हुए ठेकों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। स्थानीय लोगों का संदेश साफ है कि हम नशे से मुक्त पांगी चाहते हैं, न कि बच्चों के रास्ते में शराब के ठेके।

- 'नशामुक्त पांगी' की मांग ठेकों को हटाने की उठी आवाज
- बच्चों के स्कूल मार्ग पर शराब बिक्री से अभिभावक चिंतित

# आज से 13 अप्रैल तक बंद रहेंगे 'कार्तिक स्वामी मंदिर' के कपाट

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर जो भरमौर के कुगती में स्थित है जिसे भरमौर का आखिरी गांव भी माना जाता है मान्यता के अनुसार कार्तिक स्वामी को भगवान शिव का ज्येष्ठ पुत्र माना जाता है। इस बार कार्तिक स्वामी के कपाट (मघैर 15) यानी 30 नवंबर को बंद होने जा रहे हैं इसके बाद श्रद्धालु अगले वर्ष ही दर्शन कर पाएंगे।

कार्तिक स्वामी के कपाट अब अगले वर्ष बैसाखी वाले दिन 14 अप्रैल को खुलेंगे, आज के दिन श्रद्धालुओं की भी काफी भीड़ रहती है 30 नवंबर शाम से 13 अप्रैल तक कार्तिक स्वामी के कपाट बंद रहेंगे। इस दौरान पारंपरिक प्रथा को निभाते हुए विधिवत तरीके से विशेष पूजा अर्चना के बाद मंदिर के पुजारी व गुर द्वारा कपाट बंद किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस दौरान श्रद्धालु दर्शन करने ना आएं ताकि उन्हें निराश ना लौटना पड़े। मंदिर के कपाट जब बंद किए जाएंगे इस दौरान मंदिर के अंदर पानी से भरी हुई एक विशेष गड़वी मंदिर के



अंदर रखी जाएगी जिसे स्थानीय भाषा में (मशरवा) भी कहा जाता है। जिसे अगले वर्ष कपाट खुलने के दौरान देखा जाएगा। जिसका महत्व उस वर्ष पैदा होने वाले अनाज व मौसम से भी जुड़ा है जैसा कि यदि पानी की गड़वी भरी हुई है तो मौसम हरा भरा रहेगा वह फसल अच्छी होगी और यदि पानी की गड़वी आधी हुई तो बरसात कम व फसल सामान्य से भी कम होगी। और अगर पानी की गड़वी सूखी पाई जाती है तो ऐसे में बरसात ना के बराबर होगी वह खेतों में सूखा पड़ जाएगा। लगभग 144 दिनों के लिए मंदिर के कपाट बंद रहेंगे, इस दौरान मंदिर में किसी भी श्रद्धालु व्यक्ति विशेष का प्रवेश वर्जित रहेगा।

# सिहुंता-चंहाल-लाहड़ू डबल लेन सड़क मार्च माह तक होगी तैयार

**अनंत ज्ञान, भटियात**

सिहुंता-चंहाल खड्ड-लाहड़ू सड़क मार्ग पर डबल लेन निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। करीब 58 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह 30 किलोमीटर लंबा मार्ग अगले वर्ष मार्च तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने आश्वस्त किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

डबल लेन निर्माण के चलते सड़क चौड़ीकरण और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष तकनीकों से मजबूती का कार्य किया जा रहा है। कटिंग के बाद निकाले गए भारी मलबे को ट्रकों व टिपरों के माध्यम से निर्धारित डंपिंग साइट तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय मानकों का भी पालन सुनिश्चित हो सके। स्थानीय निवासी रमेश कुमार, विजय कुमार, राकेश कुमार, योगराज और संदीप कुमार का कहना है कि सड़क विस्तारीकरण से पूरे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और यातायात गतिविधियों में व्यापक वृद्धि होगी। सड़क बेहतर होने से चंबा मेडिकल कॉलेज से टांडा मेडिकल कॉलेज तक रेफर मरीजों को पहुंचाने में लगभग आधा घंटा कम समय लगेगा। लोगों का मानना है कि डबल लेन के शुरू होने से क्षेत्र में विकास की गति कई गुना बढ़ेगी।

सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग चंबा अनिल ठाकुर ने बताया कि निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के लिए मशीनरी को दोगुनी क्षमता से लगाया गया है। दैनिक आधार पर कार्य की मॉनिटरिंग हो रही है और मार्च 2026 तक सड़क को पूरी तरह डबल लेन में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। डबल लेन मार्ग का तैयार होना भटियात और चंबा क्षेत्र के लिए न केवल परिवहन सुविधा में क्रांतिकारी सुधार लाएगा, बल्कि पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा देगा।

## ईश्वर चंद के नेतृत्व में नई टीम समस्याओं के समाधान में जुटी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष सोहन वर्मा ने ब्लॉक किसान कांग्रेस भरमौर (II) का गठन कर नए पदाधिकारियों की सूची को स्वीकृति प्रदान की। इसे जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने जारी किया। जिला किसान कांग्रेस के महासचिव सुरेश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर ईश्वर चंद की नियुक्ति की गई थी। अब कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर सुभाष चंद, दौलत राम, करतार सिंह और किशो चंद, सचिव पद पर सुरजीत शर्मा, मदन लाल और तिलक राज; संगठन सचिव पद पर मनजीत भुवेटा और अशोक कुमार; कोषाध्यक्ष पद पर सुभाष चंद; सहायक कोषाध्यक्ष पद पर पवन कुमार; संयुक्त सचिव पद पर श्रीमान सिह और किशोरीलाल तथा प्रेस/मीडिया सचिव पद पर अशोक कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। जिला सचिव डॉ. दिनेश प्रिंगल को ब्लॉक का प्रभारी बनाया गया है। डॉ. दिनेश ने विश्वास व्यक्त किया कि ईश्वर चंद के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी किसानों और बागवानों की समस्याओं का समाधान कर प्रदेश सरकार के हितकारी कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएगी।

# बारगाह में एंटी-चिट्टा क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, युवाओं को नशामुक्ति का संदेश



बारगाह स्थित पुलिस ग्राउंड में शनिवार को एनएसयूआई जिला चंबा द्वारा 'एंटी चिट्टा—नशामुक्त चंबा: एक युद्ध नशे के विरुद्ध'

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के बारगाह स्थित पुलिस ग्राउंड में शनिवार को एनएसयूआई जिला चंबा द्वारा 'एंटी चिट्टा—नशामुक्त चंबा: एक युद्ध नशे के विरुद्ध' थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक एवं युवा नेता सुरजीत भरमौरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राउंड पहुंचने पर युवा खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता कश्मीर ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, तरुण कुमार और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि भरमौरी ने मैदान में पहुंचते ही एक क्रिकिटिंग शॉट लगाकर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने बढ़ते नशीले पदार्थों, विशेषकर चिट्टा, के प्रसार पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि देश, प्रदेश और जिले में इसका फैलाव बेहद गंभीर मुद्दा बन चुका है। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक होकर नशे के खिलाफ मज़बूती से लड़ने की आवश्यकता है। सुरजीत भरमौरी ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेलों और शारीरिक कसरत को जीवन में प्राथमिकता दें, क्योंकि यही स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की राह है।

उन्होंने एनएसयूआई टीम की सराहना करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार का आयोजन एक सराहनीय और प्रभावशाली पहल है।

## चिट्टे के सेवन से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। पुलिस थाना सुंदरनगर में शिकायतकर्ता सुरेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया, जिसमें बताया गया कि उनका छोटा साला संजय कुमार अचेत अवस्था में शशिकांत के घर पड़ा मिला। जांच के अनुसार 27 नवंबर को संजय कुमार और शशिकांत ने पहले शराब पी और उसके बाद चिट्टा का सेवन किया, जिससे संजय कुमार बेहोश हो गया। परंतु शशिकांत ने न तो परिवार को सूचित किया और न ही उसे अस्पताल ले गया, जिसके चलते संजय कुमार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी शशिकांत को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। मामले में पुलिस नशा तस्करी के संभावित स्रोतों की भी जांच कर रही है ताकि क्षेत्र में बढ़ रहे चिट्टा नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# आपदा पीड़ितों को अभी तक नहीं मिली राहत: डीएस ठाकुर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक डी.एस. ठाकुर ने प्रेस मीडिया से बातचीत के दौरान प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में क्षेत्र के कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएँ हुईं, जिनमें भारी जानमाल का नुकसान हुआ। इस आपदा में एक महिला की मृत्यु हो गई, लेकिन दुखद यह है कि उसकी बॉडी आज तक बरामद नहीं हो पाई है।

विधायक ठाकुर ने बताया कि करीब दर्जनों घरों को भारी नुकसान पहुँचा, लेकिन प्रभावित परिवारों को अभी तक सरकार की ओर से कोई ठोस सहायता या राहत प्रदान नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार केवल बड़े-बड़े दावे कर रही है—कहीं 7 लाख देने की बात, कहीं 1 लाख, तो कहीं पुनर्वास के लिए जमीन देने का वादा—लेकिन आज तक एक भी वादा जमीनी स्तर पर पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (ह॥) पर से मलबा हटाकर मार्ग तो खोल दिए गए हैं, लेकिन सड़क किनारे भारी मात्रा में मलबा जमा हुआ है, जो किसी भी वक्त हादसे को जन्म दे



आपदा राहत में देरी पर विधायक डीएस ठाकुर का सरकार पर हमला।

सकता है। वहीं, कई लिंक सड़कें अभी तक बंद पड़ी हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही पूरी तरह प्रभावित है।

ठाकुर ने बताया कि आपदा के बाद डलहौजी में पर्यटन में भारी गिरावट आई है, जबकि डलहौजी प्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि सच में संवेदनशील है, तो उसे पर्यटन व्यवसाय को पुनर्जीवित करने के लिए तत्काल राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा चुकी है। स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति पर बोलते हुए डी.एस. ठाकुर ने कहा कि उनकी विधानसभा में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि पिछली जयराम सरकार के कार्यकाल में जहाँ 8 डॉक्टरों की आवश्यकता थी, वहाँ सभी 8 पद भरे हुए थे, जबकि वर्तमान सरकार में स्वास्थ्य सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हैं और डॉक्टरों की कमी से मरीजों की परेशानियाँ बढ़ गई हैं।

विधायक ठाकुर ने सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि न तो सरकार ने रोजगार से जुड़े वादे पूरे किए, न ही महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा, और न ही किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा को पूरा किया गया।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनावों में देरी करके सरकार लोकतांत्रिक सिस्टम को कमजोर कर रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है। विधायक डी.एस. ठाकुर की यह मुखर बयानबाज़ी प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। क्षेत्र के लोग अब सरकार से अपेक्षा कर रहे हैं कि आपदा प्रभावित परिवारों की तुरंत सहायता की जाए, स्वास्थ्य और संपर्क सेवाओं को बहाल किया जाए, तथा पर्यटन व्यापार को मजबूती देने के लिए विशेष उपाय किए जाएं।

## 87 वर्षीय बुजुर्ग एक हफ्ते से लापता

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पिछले एक सप्ताह से लापता 87 वर्षीय बुजुर्ग आरआर शर्मा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वे 24 नवंबर से गायब हैं और दिल्ली के ढाका जौहर, मुखर्जी नगर (मकान नंबर 278, पिन-110009) में रहते हैं।

परिवार के अनुसार, आरआर शर्मा डिमेंशिया (मनोभ्रंश) से पीड़ित



हैं और भूलने की बीमारी के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। लापता होने के समय उन्होंने हरा हुडी, काला लोअर और काले स्नीकर्स पहन रखे थे। परिजन बेहद चिंतित हैं और आम जनता से उनके बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर संपर्क करने की अपील की है। कृपया नीचे फोन नंबर 8178006775 और 9540612044 पर संपर्क करें। किसी भी छोटी से छोटी सूचना से भी परिवार को बड़ी मदद मिल सकती है।

# लगमनवीं स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा सबका मन



लगमनवीं स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय लगमनवीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया। मुख्यातिथि सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक प्यारे लाल शर्मा रहे। उनके साथ विद्यालय के मुख्याध्यापक चंद्रशेखर, प्राइमरी की मुख्यध्यापिका सीमा शर्मा, कला अध्यापक प्रीतम चंद, प्राइमरी शिक्षक श्रीकांत तथा एसएमसी सदस्य वनीता शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्य, म प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्यारे लाल शर्मा ने अपनी ओर से उपस्थित सभी लोगों के लिए धाम (भोज) का विशेष प्रबंध किया। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 11 हजार रुपए बतौर पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ, एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन ने मुख्यातिथि और सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बघेईगढ़ में चंपा ठाकुर ने छात्राओं को दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बघेईगढ़ में एक विशेष अवसर देखने को मिला, जब उपनिदेशक (प्राथमिक) बलबीर सिंह तथा ओएसडी वरिष्ठ अधिकारी उमाकांत ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, अधोसंरचना और छात्राओं के समग्र विकास हेतु चल रहे कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए तथा छात्राओं से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को सुना।

दौरे के दौरान विद्यालय में एक और महत्वपूर्ण क्षण आया, जब अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी चम्पा ठाकुर ने केजीबीवी की छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने खेल और जीवन दोनों में अनुशासन, कड़ी मेहनत तथा आत्मविश्वास के महत्व पर प्रेरक शब्द साझा किए। चम्पा ठाकुर ने अपने संघर्षपूर्ण सफर का उल्लेख करते हुए छात्राओं को बताया कि सीमित संसाधनों के



बघेईगढ़ में उपनिदेशक व ओएसडी के दौरे के दौरान कबड्डी खिलाड़ी चंपा ठाकुर।

बावजूद सपनों को साकार किया जा सकता है, यदि मन में दृढ़ निश्चय और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता हो। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से मुलाकात कर छात्राओं में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। उन्होंने चम्पा ठाकुर से विभिन्न खेल तकनीकों, प्रशिक्षण पद्धतियों और मानसिक दृढ़ता से जुड़े सवाल पूछे। चम्पा ठाकुर ने सभी को खेलों में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए अब हर क्षेत्र में अवसरों के द्वार खुले हैं। अधिकारियों ने चम्पा ठाकुर के प्रेरक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अवसर छात्राओं में आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों अधिकारियों तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे दौरे छात्राओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

अनंत Classifieds

NAME CHANGE

**I, Ranjit Singh Rana** (58 Yrs.) S/o Sh. Davinder Singh Rana R/o Village Sanoura, P.O. Gaggal, Teh. & Distt. Kangra (H.P.) declare that I have changed my name from Ranjeet Rana to Ranjit Singh Rana. All Concerned note it.

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

**मैं, जुध्या देवी** पत्नी श्री रोशन लाल, निवासी गांव कनेहड़, पीओ पिपली, तहसील जोगिंदर नगर, उप तहसील मकरेड़ी, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अजुध्या देवी से बदलकर जुध्या देवी रख लिया है और जन्म तिथि 01/10/1958 है। सभी संबंधित नोट करें।

**जीवन** रोने के लिए नहीं है, जीने के लिए तो हंसना ही चाहिए। रोना पाप है, कोई क्यों रोए। जीवन का प्रवाह जैसे बहता है बहने देना चाहिए।
**-पं. सिद्ध विनायक**

## संपादकीय

# बेसहारा पशुओं को कौन दे सहारा?

हिमाचल प्रदेश में बेसहारा पशुओं की समस्या अब विकराल रूप धारण कर चुकी है। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में पशुपालन सदियों से जीवन का हिस्सा रहा है। लोग पारंपरिक रूप से पशुओं को पालन-पोषण के लिए रखते थे, लेकिन आधुनिक समय में पशुओं को केवल इसलिए पाला जाता है कि वे दूध या अन्य उत्पाद प्रदान करें। जैसे ही उनकी उपयोगिता समाप्त होती है, उन्हें सड़क पर छोड़ दिया जाता है। यह समस्या अत्यंत गंभीर है, क्योंकि ऐसे पशु अपने भोजन और आश्रय की तलाश में गांवों और शहरों में भटकते हैं।

बेसहारा पशु जब खेतों में चरते हैं तो किसानों की फसलें नष्ट हो जाती हैं। अगर खेतों में बाड़ लगाई जाती है तो ये पशु कचरे के ढेर या बचा-खुचा खाना खाकर पेट भरने की कोशिश करते हैं। कई बार ये प्लास्टिक और अन्य हानिकारक वस्तुएं भी निगल लेते हैं, जिससे उनकी सेहत प्रभावित होती है और कई पशु जल्दी ही मर जाते हैं। मृत पशुओं के उठाने और उनका निपटान करना भी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके अलावा, कभी-कभार हिंसक हो चुके पशु इंसानों के लिए भी खतरा बन जाते हैं।

इस गंभीर समस्या को विधानसभा में भी उठाया गया। पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी ने पशुओं की सुरक्षा और बेसहारा पशुओं के लिए प्रस्ताव पेश किया, लेकिन सार्थक परिणाम नहीं निकले और इसे वापस लेना पड़ा। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए कई तथ्य उजागर किए। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कुल 260 गोसदन हैं, जिनमें 15 सरकारी और 245 निजी क्षेत्र के हैं। इन गोसदनों में लगभग 21,360 गोवंश को आश्रय प्राप्त है। पंजीकृत गोसदनों के संचालन में अब तक करीब 71 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार छह और गोसदनों के निर्माण में लगी हुई है। हालांकि, जो आंकड़े सामने आए हैं, वे चिंताजनक हैं। जिस रफ्तार से पशु छोड़े जा रहे हैं, उसके मुकाबले गोसदनों की संख्या पर्याप्त नहीं है। केवल सरकार के प्रयासों पर निर्भर रहना समाधान नहीं है। कृषि मंत्री ने कहा कि जब तक जनभागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, पशुओं की समस्या जस की तस बनी रहेगी। इस दिशा में पंचायतों में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सक और पशुपालक, टीकाकरण, और अन्य संबंधित पहलुओं पर चर्चा होगी।

सरकार ने पशुओं की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। यदि बेसहारा पशुओं को सही समय पर सहारा और देखभाल नहीं मिलेगी, तो उनकी संख्या कम होने के साथ-साथ उनकी सेहत भी प्रभावित होगी। इससे न केवल पशुओं का नुकसान होगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी असर पड़ेगा। पशु हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में वृद्धि होगी। इसलिए आवश्यक है कि सरकार, पंचायत और समाज मिलकर रणनीतिक योजना बनाएं।

सरकार ने जिस दिशा में पहल की है, उसमें पंचायतों में सम्मेलन आयोजित करना, विश्वविद्यालय और पशु चिकित्सकों को शामिल करना और टीकाकरण अभियान चलाना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण कदम हैं। इन पहलों का सकारात्मक असर समय के साथ दिखाई देगा। समाज को भी पशुओं के प्रति संवेदनशील बनना होगा। लोगों को समझना होगा कि पशु केवल उपयोग की वस्तु नहीं हैं, बल्कि उनके जीवन की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान तभी संभव है जब स्थानीय समाज, प्रशासन और सरकार मिलकर सामूहिक प्रयास करें। गोसदनों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनके संचालन और निगरानी में पारदर्शिता लाना जरूरी है। इसके अलावा, पशुओं के लिए पर्याप्त चारागाह, पोषण और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यह केवल सरकारी प्रयासों का विषय नहीं है, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

पशुओं की सुरक्षा केवल उनका जीवन बचाने तक सीमित नहीं है। यह समाज के नैतिक मूल्य और सहिष्णुता का भी पैमाना है। बेसहारा पशु सड़क पर भूख, बीमारी और हिंसा का शिकार होते हैं। यदि समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा होती है, तो लोग इन्हें सड़क पर छोड़ने के बजाय गोसदनों और आश्रयों में भेजेंगे। यह एक ऐसा कदम है जो लंबे समय तक परिणाम देगा। समस्या का समाधान सामूहिक प्रयास, जागरूकता, गोसदनों का पर्याप्त निर्माण और प्रशासनिक निगरानी के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका


सुधा मल्होत्रा
जन्म : 30 नवंबर, 1936

**सुधा** मल्होत्रा (जन्म : 30 नवंबर 1936, दिल्ली) भारतीय फिल्म संगीत की उन चुनिंदा पार्श्वगायिकाओं में से हैं, जिन्होंने बेहद कम समय के भीतर अपनी प्रतिभा से एक विशिष्ट पहचान बना ली। बचपन में उनका परिवार लाहौर में रहता था। वहीं छह वर्ष की आयु में उन्होंने रेडक्रॉस के एक कार्यक्रम में पहली बार मंच पर गाया। उनकी स्पष्ट, मीठी और आत्मीय आवाज से प्रभावित होकर मशहूर संगीतकार मास्टर गुलाम हैदर ने उन्हें 'ऑल इंडिया रेडियो लाहौर' में बाल कलाकार के रूप में गाने का अवसर दिया। यही से उनके करियर की शुरुआत हुई। भारत विभाजन के बाद परिवार सहित दिल्ली आने के बाद सुधा ने फिल्मों में कदम रखा। 1950 और 1960 के दशक में उन्होंने 'आरजू', 'अब दिल्ली दूर नहीं', 'धूल का फूल', 'दीदी', 'काला पानी', 'बरसात की रात' और 'देख कबीरा रोया' जैसी कई लोकप्रिय फिल्मों के लिए यादगार गीत गाए। 1950 में 'आरजू' के गीत 'मिला दे नैन' की रिकॉर्डिंग के बाद संगीतकार अनिल बिस्वास द्वारा उनकी प्रशंसा ने उन्हें और भी आत्मविश्वास दिया। इस दौरान गीतकार साहिर लुधियानवी के साथ उनके कई गीत अत्यंत लोकप्रिय हुए, हालांकि इस संबंध को लेकर फैली चर्चाओं ने उनके निजी जीवन को प्रभावित किया।

सिर्फ 22 वर्ष की उम्र में उन्होंने पारिवारिक इच्छा को प्राथमिकता देते हुए 1960 में गिरधर मोटवानी से विवाह कर लिया और फिल्मों से दूरी बना ली। कई वर्षों बाद राज कपूर ने उन्हें फिल्म 'प्रेम रोग' के गीत 'ये प्यार था या कुछ और था' के लिए पुनः आमंत्रित किया, जो उनका अंतिम फिल्म गीत साबित हुआ। 2013 में भारत सरकार ने हिंदी फिल्म संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। ■


कविता | अनंत ज्ञान

## ममतामयी है मां

प्रवीण कुमार, गांव बाड़ां दा घाट (सरेल), जिला बिलासपुर

**मां** तेरे नेत्रों में है प्रेम सिंधु, तेरे शब्दों में है स्नेह अपार
वात्सल्य की तुम मूर्त हो, तुम हो ममता की कामधेनु
मां तुम हो ईश्वर साक्षात, मां तेरी गोद है
अनंत सुखों की खान, मां तुम ही हो प्रथम शिक्षक
देती हो संतान को अच्छे संस्कार एवं सर्वोत्तम ज्ञान
मां तुम हो अनूठी, तुम हो अत्यंत प्रिय
तुम्हारा अगाध, निश्छल प्रेम पाने, तेरे मातृत्व का सुख पाने
मेरे प्रभु कभी राम, तो कभी श्याम, बनकर वसुधा पर चले आते हैं
धन्य हो ममतामयी, वात्सल्यमयी मां, तुम्हारे गुणों को शब्दों में
कैसे करूं बयां, शब्दों से परे हो तुम मां, बारंबार तुम्हें नमन है मां

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वन संपदा का दोहन और पर्यावरण असंतुलन की त्रासदी


**तुलसी राम डोगरा**
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

कहते हैं कि है प्रकृति हमारी जीवन की सहचरी है इसके बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, इसमें शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं है, क्योंकि जहां जंगल हैं वहां पानी है, जहां पानी है वहां खेती, जहां खेती वहां मनुष्य का जीवन पूर्ण रूप से निर्भर है।

वास्तव में अगर जंगल ही नहीं रहेंगे तो मनुष्य तो क्या जीव-जंतु भी प्रायः लुप्त हो जाएंगे और प्रकृति ने जो हमें अनमोल व अद्‌भुत सौंदर्य का अपार स्नेह दिया है उससे शायद हम भविष्य में वंचित भी हो जाएं। पहाड़ों की पूरी जीविका ही वन-उपवन, उद्यान, खेती व पशु आधारित है और वास्तव में यही हमारे जीवन का सार भी है।

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के चारों ओर फैले हरे-भरे वनों से आच्छादित घने पहाड़ और इनमें जीवन जीने का आशियाना बनाए जीव-जंतु, जंगली जानवर, चहचहाने का अद्‌भुत कलरव का नाद करते हुए विभिन्न प्रकार के पक्षियों के झुंड व नाना प्रकार के अमूल्य औषधीय पौधे वास्तव में ऐसा लगता है कि मनुष्य का जीवन इन्हीं के सहारे पूर्ण रूप से टीका व आश्रित है, लेकिन, ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान में यह कुदरत की दी हुई इनायत आज शनैः-शनैः लुप्त होने के कगार पर हैं। इसका मुख्य कारण अंधाधुंध बड़ी-बड़ी पहाड़ियों का आए-दिन सीना छलनी करना और उसकी जद में हजारों वृक्षों का बलिदान। वहीं, आए दिन घने जंगलों में वन माफियाओं द्वारा चोरी छुपे रात्रि के समय भारी मात्रा में हरे-भरे चंदन, देवदार, खैर, वन औषधीय पौधों व अन्य बेशकीमती पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाना, नाना प्रकार की जंगली जड़ी- बूटियों का दोहन और जंगली जीवों का अवैध रूप से शिकार करने से प्रदेश की प्राकृतिक वन संपदा का आए-दिन क्षरण हो रहा है, जिसका खमियाजा प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें प्रतिवर्ष चेता रही हैं। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश में औषधीय पौधों की प्रचुर मात्रा है, लेकिन वन माफिया इसे भी चोरी-छुपे समेटने में लगा रहता है और इन बेशकीमती औषधीय पौधों को,जो देश में चिकित्सा की एलोपैथिक के काम आती हैं, तस्करी कर बाहर औने-पौने दाम में बेच देता है।

वैसे भी हिमाचल प्रदेश के घने जंगल औषधीय एवं सुगंध पौधों की प्रचुर मात्रा से अटे पड़े हैं, लेकिन इस बेशकीमती संपदा की ओर न तो कोई तव्वजो दी गई और न ही किसी योजना को अमलीजामा पहनाया गया, क्योंकि अभी तक प्रदेश में



इन औषधीय पौधों की खेती व्यावसायिक स्तर पर जोर नहीं पकड़ सकी है, जबकि इनकी खेती की वृद्धि और संभावनाओं की काफी गुंजाइश है।

चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे पुराना ग्रंथ 'चरक संहिता' भारत में बहुत पहले से ही उपलब्ध है। माना जाता है इसकी रचना ईसा पूर्व 1000 वर्ष पूर्व हुई थी। उसमें ऐसी 340 औषधियों के नाम दिए गए हैं,जिनकी प्राप्ति वनस्पतियों से होती थी। इनमें से अधिकतर जंगलों में ही मिल जाती थी।

इतना कुछ होते हुए भी औषधीय पौधों की खेती के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने न तो कोई ठोस योजना नहीं बनाई और न ही इसके प्रति शायद कोई ध्यान दिया हो, जबकि यह औषधीय प्राकृतिक रूप से ही उगती रहती हैं। दूसरी ओर, कई दशकों के दौरान देश में चिकित्सा की एलोपैथिक प्रणाली का प्रचलन काफी बढ़ा है। वनों के अंधाधुंध कटान से पर्यावरण इतना दूषित होता जा रहा है कि मनुष्य तो क्या पशु पक्षियों का जीना भी दूभर हो गया है। उसी का परिणाम है कि आज देश के वनों, ग्रामीण इलाकों तथा शहरों क्षेत्रों में पक्षियों, जिसमें से गौरैया जैसी प्रजाति पक्षी का अस्तित्व एक तरह से खत्म होता जा रहा है, वहीं गिद्ध जो हमारे पर्यावरण को संतुलित बनाएं रखते हैं वह भी शायद यदा-कदा कहीं नजर आ जाएं।

देश की राजधानी दिल्ली सहित अनेक महानगर आज गंभीर प्रदूषण संकट से जूझ रहे हैं। वायु की गुणवत्ता इतनी बिगड़ चुकी है कि लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। दमा, एलर्जी और हृदय संबंधी रोग बढ़ते एक्यूआई के कारण तेजी से फैल रहे हैं। दूसरी ओर, संचार टावरों का अनियंत्रित विस्तार पक्षियों के लिए भी खतरा बन रहा है, जबकि जंगली जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां लगातार विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं।

हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न पहाड़ी राज्यों में जंगलों को आग के हवाले करने की घटनाएं वन संपदा और वन्य जीवों दोनों को भारी क्षति पहुंचा रही हैं। निर्माण परियोजनाओं से निकला मलबा नदी-नालों और पहाड़ियों के पास फेंक देने से भूस्खलन और पर्यावरण असंतुलन का खतरा और बढ़ गया है। रसायनिक प्रदूषण के चलते जलीय जीवों का अस्तित्व भी संकट में है। यह स्थिति बताती है कि प्रकृति के प्रति मानव की लापरवाही किस हद तक बढ़ चुकी है। वन, नदियां, पहाड़ और जीव-जंतु केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के आधार हैं।

अतः राज्य सरकारों को कठोर नीतियां और प्रभावी निगरानी लागू करनी चाहिए, साथ ही उल्लंघन करने वालों पर सख्त दंड जरूरी है। आम नागरिकों को भी प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए जागरूक होकर प्रयास करना होगा। तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# विधानसभा या विरोध का मंच? जनता की उम्मीदों पर राजनीति का भारी बोझ


**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

जनता माननीयों को चुनकर विधानसभा में इस उम्मीद से भेजती है कि वह विकास कार्य और जनहित की योजनाएं बनाएंगे। धर्मशाला के तपोवन में चल रहा विधानसभा का शीतकालीन सत्र माननीयों के लिए विरोध प्रदर्शन का अखाड़ा बन गया है।

सत्तापक्ष 1500 करोड़ रुपए के लिए 'हाय ओ मोदिया...' कहकर विरोध कर रहा था। आर्थिक मदद नम्रता से मांगी जाती है, विरोध प्रदर्शन करने से जनता का भला नहीं हो सकता है। विपक्षी नेता कर्मचारियों की मांगों को लेकर सत्तापक्ष खिलाफ आमने सामने खड़े होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। क्या सच में विधानसभा सत्र में इसी के नाम पर सत्तापक्ष, विपक्ष सदन के समक्ष आमने-सामने खड़े होकर कभी भी अपना शक्ति प्रदर्शन कर सकते हैं? पंचायत चुनावों को लेकर सत्तापक्ष, विपक्ष में विधानसभा सत्र में तीखी नोक-झोंक दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्यपाल भी इस मामले पर अपनी तीखी प्रकिया दे चुके हैं। उनका तर्क है कि सरकारी मशीनरी में आपसी तालमेल की कमी के चलते जनता में पंचायत चुनावों को लेकर असामंजस्य है। सरकार प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लगा होने का रोना रो रही है। विपक्ष इसे लोकतंत्र की हत्या बताकर जनता को बरगलाना बता रहा है। हिमाचल की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि ऋण लेकर सरकार को काम चलाना पड़ रहा है। प्रदेश के हर व्यक्ति पर कर्ज का बोझ निरंतर बढ़ रहा ऐसा कहने में अतिश्योक्ति नहीं। विपक्ष के माननीय विधानसभा सत्र में दावा कर रहे कि उनकी वेतन वृद्धि को लेकर सोशल मीडिया में खूब विरोधाभास है। सच्चाई यह है कि माननीयों का वेतन अधिकतर शगुन दिए जाने में चला जाता है। सरकारों की शगुन योजनाओं का लाभ फिर किन लोगों को मिल रहा बड़ा सवाल है। माननीयों को अभी तक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला, विधायक निधि का पैसा भी समय पर नहीं मिल रहा है। ठेकेदार अपने भुगतान को लेकर सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार



खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछेक सरकारी विभागों के कर्मचारी भत्तों, पेंशन को लेकर सरकार से खफा चल रहे हैं। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को सहारा योजना की पेंशन पिछले पांच महीनों से लंबित है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव चलते जनता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं लेती हैं। हिमकेयर कार्ड सिर्फ नाम का बनकर रह गया है। जिलास्तरीय सरकारी अस्पतालों को छोड़कर निजी संस्थानों में आयुष्मान कार्ड का लाभ जनता तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पा रहा है, वहीं इस योजना से जुड़ी देनदारियां राज्य सरकार पर लंबित हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आपदा राहत हेतु घोषित 1500 करोड़ रुपए की राशि अब तक प्रदेश को प्राप्त न होना भी जनता में असंतोष पैदा कर रहा है।

पंचायत चुनावों में देरी, डिजास्टर एक्ट का लंबा लागू रहना और आरक्षण रोस्टर समय पर न बन पाना सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है। जनता यह समझना चाहती है कि डिजास्टर एक्ट वास्तव में कितने समय के लिए आवश्यक है। आपदाओं के चलते मंडी सहित कई जिलों में बड़ी संख्या में लोगों की जानें गईं और पुनर्वास एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है। सड़कें जर्जर हैं, अवैध खनन, पहाड़ों की कटाई और फोरलेन निर्माण में बरती गई कोताही ने स्थिति और बिगाड़ी है। नालों और खड्डों में मलबा डंप करने से भूस्खलन और पानी के प्राकृतिक बहाव में बदलाव आया है।

विधानसभा सत्र में विकास और जनकल्याण की योजनाओं पर चर्चा के बजाय राजनीतिक विरोध-प्रदर्शन को प्राथमिकता देने से जनता निराश है। साथ ही, किसी विधायक पर लगे आरोपों पर न्यायालयिक निर्णय से पहले राजनीतिक शोर मचाना भी उचित नहीं है। बेरोजगार युवाओं की संविदा और अस्थायी भर्तियों में शोषण, तथा वित्तीय संकट के बावजूद जश्न कार्यक्रमों का आयोजन जनता की नाराजगी बढ़ा रहा है। हिमाचल को विकास की रफ्तार वापस पाने के लिए आपदा प्रबंधन को मजबूत करने, पर्यटन को बढ़ावा देने, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और बेहतर रेल संपर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं पर गंभीरता से काम करना आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# लापता बच्चों की समस्या गंभीर, बहस को अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत


**लालजी जायसवाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में हर साल बड़ी संख्या में बच्चे लापता होते हैं, और यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में सुनवाई के दौरान चिंता व्यक्त की कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है।

अदालत ने कहा कि गोद लेने की कठोर प्रक्रिया के कारण लोग अवैध तरीके अपनाते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा प्रभावित होती है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने लापता बच्चों के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का छह सप्ताह का समय मांगा। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं और उनकी जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशित की जाए। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, मानव तस्करी और बच्चों के अपहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वर्ष 2013 और 2014 के बीच लगभग 6,700 बच्चे लापता हुए, जिनमें से 45 प्रतिशत अवयस्क थे। इनमें कई बच्चे बाल-श्रम, यौन शोषण या भीख मांगने के लिए मजबूर किए गए। वर्ष 2024-25 में लगभग 45 हजार बच्चों को शोषण से बचाया गया। एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि देश में अभी भी 47 हजार से अधिक बच्चे लापता हैं, जिनमें 71 प्रतिशत नाबालिग लड़कियां हैं।

इस समस्या में प्रशासनिक लापरवाही, परिवारों की जागरूकता की कमी और समाज में सामूहिक सतर्कता की कमी मुख्य कारण हैं।

कई बार पुलिस प्रारंभिक प्रतिक्रिया में यह मान लेती है कि बच्चा स्वयं लौट आएगा, जिससे खोज के महत्वपूर्ण शुरुआती घंटे व्यर्थ चले जाते हैं। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच समन्वय की कमी भी बच्चों की खोज और तस्करी को रोकने में बाधक बनती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा



कि नवजात बच्चों की चोरी के मामलों में जिम्मेदार अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए। यह केवल कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी प्रश्न है। अस्पतालों में सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी में कमी इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा देती है। बच्चों के लापता होने के पीछे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं। परिवारों में संवाद की कमी, घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव और स्कूल में दबावपूर्ण माहौल बच्चों को घर छोड़ने या अपराध की ओर प्रेरित करते हैं। कुछ बच्चे रोजगार या बेहतर भविष्य की उम्मीद में अपराध के जाल में फंस जाते हैं, जहां से लौटना कठिन होता है। यह स्पष्ट करता है कि यह संकट केवल अपराध नियंत्रण का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक कारकों से भी जुड़ा है। मिशन वात्सल्य और खोया-पाया जैसे पोर्टल कुछ बच्चों को उनके परिवारों से जोड़ने में मदद कर रहे हैं, लेकिन उनका प्रभाव सीमित और असंगठित है। शिकायतों पर समय पर कार्रवाई न होने के कारण बच्चे और अधिक जोखिम में पड़ जाते हैं। इससे पता चलता है कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है; उनका प्रभावी कार्यान्वयन भी आवश्यक है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग, पारदर्शी जांच प्रक्रिया, परिवार और समुदाय स्तर पर जागरूकता, स्कूलों में परामर्श सेवाओं का सशक्तिकरण और कड़े कानूनी उपाय जरूरी हैं। बच्चों की सुरक्षा केवल प्रशासन या कानून का काम नहीं है, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

बच्चों की सुरक्षा केवल कानून या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें परिवार, स्कूल और समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उन्हें शोषण और अपराध से बचाना, और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि समन्वित और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। बच्चों की सुरक्षा, जीवन और भविष्य की रक्षा के लिए तत्काल, ठोस और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पुस्तकों के अध्ययन के प्रति कम होता युवाओं का रुझान चिंता का विषय



**केशव शर्मा रसिक**
लेखक व शिक्षाविद, घुमारवीं

आज के दौर में जहां विज्ञान और तकनीक ने जीवन को अत्याधुनिक बना दिया है, वहीं एक चिंताजनक तस्वीर समाज के सामने उभरकर आ रही है।

युवाओं में पुस्तकों के अध्ययन के प्रति निरंतर रुझान कम होता जा रहा है। कभी पुस्तकालय और किताबें, युवा पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी हुआ करते थे, परंतु अब यह स्थान मोबाइल फोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल मनोरंजन साधनों ने ले लिया है। पढ़ने की संस्कृति का क्षय केवल व्यक्तिगत हानि नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज और राष्ट्र के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

वर्तमान समय में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया एप्स, ऑनलाइन गेम और ओटीटी प्लेटफॉर्म, युवा मन को पल-पल आकर्षित करते हैं, जिससे ध्यान भंग होता है और पुस्तक पढ़ने का धैर्य व रुचि कम होती जाती है। इसके अलावा आज की पीढ़ी हर जानकारी 'एक क्लिक' में प्राप्त कर लेना चाहती है, जबकि पुस्तकें गहराई और विश्लेषण का माध्यम हैं, जिनके लिए समय और स्थिरता की आवश्यकता होती है। करियर की दौड़, प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव और समय की कमी का बहाना भी पुस्तकों से दूरी बढ़ा रहा है।

पहले गांव-शहरों में सार्वजनिक पुस्तकालय व सामाजिक केंद्र हुआ करते थे, परंतु अब उनमें खालीपन देखने को मिलता है। युवाओं में बुक रीडिंग की प्रवृत्ति कम होने से जहां उनकी कल्पना शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास हुआ है तथा उनमें भाषा-ज्ञान और अभिव्यक्ति क्षमता में कमी हुई है। युवाओं की एकाग्रता, धैर्य एवं विश्लेषणात्मक सोच में गिरावट आई है। युवाओं की इतिहास, संस्कृति और साहित्य से दूरी बढ़ी है और सामाजिक व नैतिक मूल्यों का भी क्षरण हुआ है। किताबें केवल ज्ञान का भंडार ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला



भी हैं। जो समाज पुस्तकें पढ़ना छोड़ देता है, वह धीरे-धीरे अपनी बौद्धिक शक्ति और संवेदनशीलता खो देता है।

युवाओं में पुस्तकों के अध्ययन के प्रति रुचि जगाने के लिए उनमें प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करनी होगी तथा परिवार व शिक्षण संस्थानों को बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने और पढ़ने का वातावरण बनाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। इसके अलावा पुस्तकालयों का पुनर्जीवन और समय-समय पर पुस्तक मेलों का आयोजन करके युवाओं में प्रेरणा और उत्साह पैदा करने के प्रयास करने होंगे। प्रेरणादायक साहित्य और युवा लेखन को बढ़ावा, नई पीढ़ी को लेखन व पठन की दिशा में अग्रसर करता है।

विशेष अभियान चलाकर पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करना, जैसे 'हर माह एक पुस्तक,' 'नो मोबाइल डे,' 'बुक क्लब' आदि का आयोजन करके युवाओं को पुस्तकों से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। अतः युवाओं में पुस्तक-पठन की रुचि कम होना, केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाला भारत विचारशील, संवेदनशील, शिक्षित और सशक्त बने, तो पुस्तकों का महत्व समझना और समझाना आवश्यक है। पुस्तकों से प्रेम ही राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बनाएगा, अन्यथा तकनीक के शोर में ज्ञान की आवाज दबकर रह जाएगी, क्योंकि किताबें इंसान को सोचने और समझने की अनोखी क्षमता देती हैं। पढ़ने से दृष्टिकोण विकसित होता है, और व्यक्ति सही-गलत का फैसला अधिक स्पष्टता से कर पाता है। जब सोच गहरी होती है, तो चुनौतियां बड़ी लगती नहीं, बल्कि सीखने के अवसर बन जाती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी के मंडलायुक्त राज कृष्ण परूथी ने उपमंडल सरकाघाट में एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों कार्यालयों में चल रहे सभी कार्यों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों से लंबित मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार को स्पष्ट आदेश देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडलायुक्त ने एसडीएम व तहसील कार्यालयों में चल रहे रिक्त पदों की स्थिति की भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि स्टाफ की कमी से जनता को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### एसडीएम ने बच्चों को दिया नशामुक्ति संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) जोगिंदरनगर मनीश चौधरी अपना विद्यालय कार्यक्रम के तहत गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंथल पहुंचे। इस अवसर पर सीडीपीओ चौंतड़ा बी.आर. वर्मा और आयुर्वेद विभाग के डॉ. गौरव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों को सरकार की योजनाओं, विशेषकर सुखशिक्षा योजना के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. गौरव ने व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। एसडीएम ने विद्यार्थियों से संवाद किया, उन्हें आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय और लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा दी। उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील करते हुए बताया कि नशा जीवन में गिरावट का मार्ग है। मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल मुकता टंडन ने प्रशासन का धन्यवाद किया और कहा कि 'अपना विद्यालय' पहल बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा रही है।

### बाला कामेश्वर व सतकुडी नाग का देव मिलन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुकेत की पावन धरा सुंदरनगर में शनिवार को एक ऐतिहासिक और भव्य देव मिलन देखने को मिला, जब सरोआ सराज के आराध्य देव सतकुडी नाग पहली बार सुंदरनगर पहुंचे। हलेल के बाला कामेश्वर (टिका) भी आतिथ्य के लिए यहां पहुंचे। दोनों देवताओं के मिलन के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और छिंज की देवधुनों ने पूरे शहर को देवमय बना दिया। देव कुडी नाग के गुर डोले राम के अनुसार देवता पहली बार सुंदरनगर पहुंचे हैं और वर्तमान में दोनों देवता संघाख में श्रद्धालुओं के घर देउली पर विराजमान हैं। यहां से देवता कांगू गांव में भी आतिथ्य ग्रहण करेंगे। देव आगमन पर सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सोनी ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया।

### रिजुल बने चिकित्सा अधिकारी, संभाला कार्यभार

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** पढ़ियारखर गांव के राजीव शर्मा और उपासना शर्मा के होनहार पुत्र रिजुल शर्मा ने मेडिकल ऑफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सा अधिकारी का दायित्व संभाल लिया है और अब वे जनजातीय क्षेत्र भरमौर (चंबा) के सिविल अस्पताल में सेवाएं देंगे। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेरचौक से 2017-2023 बैच में पूरी की है। वर्तमान में रिजुल शर्मा सिविल अस्पताल भरमौर में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में ड्राफ्टसमैन हैं, जबकि माता उपासना शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं। रिजुल शर्मा की उपलब्धि से पढ़ियारखर व बरोट क्षेत्र में खुशी की लहर है, वहीं स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य संजय कुमार, निशा ठाकुर, कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार सहित समूचे स्टाफ ने उन्हें तथा उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी है।

### चुराग स्कूल में बच्चों को बताए कानूनी अधिकार

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडलीय विधिक सेवा समिति करसोग द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चुराग में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, नशा-मुक्त समाज, भारत का संवैधानिक ढांचा, आपदा प्रबंधन एवं दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बार एसोसिएशन करसोग के अधिवक्ता राकेश दत ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त करसोग न्यायिक परिसर की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों, अधिकारों तथा कर्तव्यों के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई विषयों पर जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रिंसिपल बलबीर वनियाल मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा की भावना से निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अनिता रानी आज़ाद ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार और अक्षरा कुमारी के मार्गदर्शन में यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। समापन पर दोनों अधिकारियों ने सभी अतिथियों, स्टाफ और एनएसएस वॉलिंटियर्स का आभार व्यक्त किया। वॉलिंटियर्स ने कहा कि यह शिविर उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव और जीवनभर की सीख लेकर आया है।

### गरीब परिवार को दी 12,600 रुपए की मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत समैला के कटोह गांव निवासी राज कुमार की माता का बीमारी के कारण निधन हो गया। राज कुमार बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इस कठिन समय में युवा शक्ति युथ क्लब खल्याणा ने मानवता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार को ₹12,600 की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सहायता राशि में नीलम कौशल ने ₹2,100 का योगदान दिया। क्लब के प्रधान नरेन्द्र पाल (काकु), उप प्रधान कर्म सिंह (संजू), सचिव प्रीतम चंद सहित राजीव, सुनील व अन्य सदस्यों ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य लगातार जारी रहेंगे।

### अनक्लेम्ड धन लेने की प्रक्रिया समझाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे अभियान आपका पैसा, आपका अधिकार के तहत कोटली में पंजाब नेशनल बैंक ने शुक्रवार को अनक्लेम्ड जमा राशि से संबंधित विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया। यह अभियान 31 दिसंबर तक देशभर में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को निष्क्रिय खातों और अनक्लेम्ड धन की प्राप्ति प्रक्रिया से अवगत कराना है। शिविर का आयोजन हिमाचल ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, राज्य सहकारी बैंक और एलडीएम कार्यालय मंडी के सहयोग से किया गया। लगभग 50 प्रतिभागियों को अधिकारियों ने निष्क्रिय बचत खाते, सावधि/आवर्ती जमा तथा अन्य योजनाओं से संबंधित अनक्लेम्ड धन प्राप्त करने की सरल प्रक्रिया समझाई। साथ ही बैंक खातों के नियमित सत्यापन और जागरूकता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया तथा उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### घाटी की समस्याओं को उठाने का आह्वान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट-छोटाभंगाल चौहार घाटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर ने घाटियों के समस्त लोगों से आग्रह किया है कि महाविद्यालय मुल्थान, अस्पताल टीडी की समस्या सहित क्षेत्र की सभी लंबित समस्याओं को लेकर तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जाकर संयुक्त रूप से अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने बताया कि शीतकालीन सत्र 26 नवंबर से आरंभ होकर 5 दिसंबर तक चलेगा, ऐसे में सभी सदस्य अपनी-अपनी राय दें ताकि दलगत रूप से धर्मशाला जाकर मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के समक्ष समस्याएं रखी जा सकें और समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

### सरकाघाट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंदनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस यूनिट और रेड रिबन क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने एड्स से जुड़े संदेशों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। साथ ही एड्स के दुष्परिणामों व रोकथाम पर आधारित एक वीडियो भी दिखाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने विद्यार्थियों से सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शबनम और डॉ. नवीन कुमार ने किया। अंत में विद्यार्थियों ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# तीन साल में अपने क्षेत्र का दौरा न करने वाले मंडी में मनाएंगे जश्न : महेंद्र सिंह

## पूर्व मंत्री बोले-जश्न उन लोगों के जख्मों पर नमक, जिन्होंने आपदा में खोया सब कुछ

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** चुनाव जीतने के बाद तीन साल तक अपने क्षेत्र की जनता का हाल पूछने में नाकाम रहे विधायक मंडी में जश्न की तैयारी कर रहे हैं। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाला यह जश्न उन लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने का प्रयास है जिन्होंने न केवल आपदा में अपने घर-बार, जमीन-जायदाद अपितु अपने जिगर के टुकड़े भी खो दिए। आपदा में सबसे प्रभावित सराज व धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई सरकारी घोषणाएं महज कागजी फरमान साबित हुए हैं।

यह आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी फरमानों को हकीकत में बदलने के लिए प्रतिनिधि को अपना ऐशो आराम छोड़कर जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना पड़ता है न कि ध्यान बंटाने के लिए भाषणबाजी का सहारा। जो विधायक चुनाव जीतने के बाद अपने चुनाव क्षेत्र का दौरा तक न कर पाए वह जनता का हमदर्द साबित होने के लिए बड़े-बड़े भाषण देते हैं, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि ऊंची आवाज में बोला झूठ सच साबित नहीं हो सकता। चुनाव जीतने के बाद सिर्फ अपने विकास में लगे विधायक को यह समझना चाहिए था कि झूठ बोलकर गुमराह करके ठगी गई जनता बहुत जल्दी हिसाब मांगेगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्होंने कभी अपने हितों को तरजीह नहीं दी। कभी उपेक्षित क्षेत्रों में शुमार धर्मपुर हलका जिला बनने का दम भरने लगा था, लेकिन आज हालत ऐसे हो चुके हैं कि मुट्ठीभर लोग लूट खसूट कर रहे हैं व उनका नेता विधानसभा में झूठ बोल रहा है। विधायक बताए कि किसने नोटिफिकेशन जारी करके मनरेगा कामगारों से सैलरी स्लिप मांगी है। पूर्व मंत्री ने बताया कि प्रदेश व जिला में अव्वल रहने वाला धर्मपुर ब्लॉक आज खिसक कर कहां पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अपने 3 दशकों के कार्यकाल में उन्होंने पंचायतों के काम में कभी दखल नहीं दिया और न पंचायत प्रतिनिधियों को प्रताड़ित किया। उन्होंने बताया कि भाजपा की विचारधारा रखने व स्वच्छ छवि वाले पंचायत प्रतिनिधियों को प्रताड़ित किया जाना शर्मनाक है।



### अधिकारियों की उदासीनता, सड़कों की बदहाल स्थिति पर तीखा प्रहार

**महेंद्र** सिंह ने अधिकारियों की उदासीनता व सड़कों की बदहाल स्थिति पर कड़ी टिप्पणी की। जयराम सरकार के समय धर्मपुर में बने भवनों पर वर्तमान विधायक चूना डिस्टेंपर का बजट ही ले आएं तो यह उनकी बड़ी उपलब्धि कही जाएगी। अफसर पांच बजते ही सरकारी गाड़ियां लेकर फरार हो जाते हैं। एनएच के हाल बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि सत्याग्रह का फायदा यह हुआ कि दफ्तर हमीरपुर से उठाकर शिमला पहुंच गया। गांवों की सड़कों के हाल तो रामभरोसे हैं अफसर तेल के पैसे न होने का रोना रो रहे, लेकिन विधायक तपोवन में तपस्या कर रहे हैं और जनता अपनी किस्मत को कोस रही है।

# बीबीएमबी कॉलोनी सलापड़ में 10 दिन से पानी की भारी किल्लत, मचा हाहाकार

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) कॉलोनी सलापड़ में पिछले दस दिनों से पेयजलापूर्ति सुचारू न होने से हजारों नौकरी पेशा लोगों में हाहाकार मची हुई है। बीबीएमबी प्रशासन का पेयजल की नियमित आपूर्ति के लिए उदासीन रवैया बरतने का सिलसिला इसलिए भी लंबा हो चला है, क्योंकि पानी की पाइपों में पन बिजली संबंधी पानी की सिल्ट (गाद)का जमा होना व जगह जगह पानी का रिसाव इत्यादि बताया जा रहा है और यह गंभीर हालत अब की नहीं बल्कि वर्षों की बताई जा रही है जिससे कई बार गंदले पानी की आपूर्ति भी होती रही है। समय रहते ऐसी स्थिति को न संभालने से स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल असर पड़ता है स्वाभाविक ही अंदाजा लगाया जा सकता है। बीएसएल परियोजना के बाहर लगते घनी आबादी वाले स्थान में प्रदेश जल शक्ति विभाग द्वारा सीमित जल प्रदाय सुविधा देने से बीबीएमबी कर्मियों को लाइन में लगना पड़ रहा है और बर्तन खाली भी देखे जा सकते हैं। पानी के लिए हाहाकार मचने से लोग पानी के टैंकर खरीदकर लाने को छत मजबूर हैं जिससे समय और धन की बर्बादी हो रही है। पानी फिल्टरेशन के इंतजाम कहीं न कहीं गड़बड़ाने से यानि संबंधित विभाग बीबीएमबी प्रशासन की लचर कार्यशैली के चलते सलापड़ स्थित बीएसएल परियोजना बीबीएमबी की आवासीय कॉलोनी के कर्मचारी दु:खी हैं।



- बर्तन खाली, टैंकर की मदद से भी पानी लाने को मजबूर लोग
- पाइपलाइन में सिल्ट और रिसाव से पेयजल आपूर्ति ठप, कर्मचारी परेशान

## प्रवासी पक्षियों ने किया मंडी का रुख

# साइबेरिया, चीन, तिब्बत व यूरोप से पहुंचे पक्षी, वन विभाग सतर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सर्दियों की शुरुआत के साथ ही दुनिया के कई हिस्सों से प्रवासी पक्षियों ने मंडी का रुख कर लिया है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिए बड़ा आकर्षण बना हुआ है। साइबेरिया, चीन, तिब्बत और यूरोपीय देशों से पहुंचे ये पक्षी ब्यास नदी और आसपास के जलाशयों को अपना निवास स्थान बना रहे हैं तथा इस वर्ष इनकी संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रही है।

मंडी शहर के पास विक्टोरिया ब्रिज इन दिनों विशेष आकर्षण का केंद्र है, जहां रड्डी शेल्डक, साइबेरियन स्टोनचैट, कॉमन सैंडपाइपर, टफ्टेड डक, सिट्रीन वैगटेल, लिटिल कॉर्मोरेंट, ग्रेलैग गूज, व्हिस्कर्ड टर्न, ग्रेट कॉर्मोरेंट, रेड-वॉटल्ड लैपविंग, कॉमन शेल्डक, वुड सैंडपाइपर, ओरिएंटल डार्टर, पोंड हेरॉन और ऐशी क्राउन



स्पैरो लार्क जैसे पक्षी ब्यास की ठंडी धाराओं में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं; इन्हें शिकारी तत्वों से बचाने के लिए वन विभाग ने जल निकायों के आसपास चौबीसों घंटे निगरानी रखने का निर्णय लिया है और स्थानीय लोगों से अवैध शिकार रोकने में सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम वन अधिकारी को दें।

### जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किए बच्चे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार सरकाघाट मुनीष कुमार शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिफालघाट पहुंचे। अपना विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम ने इस स्कूल को गोद लिया है। उन्होंने इस दौरान बच्चों से रूबरू होते हुए उनके शिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को जीवन में एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इसके उपरांत उन्होंने अपना विद्यालय स्कूल अडाप्शन स्कीम के तहत स्कूल की विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा यह कार्यक्रम शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की पहल है। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार मुनीष कुमार ने छात्रों को बताया कि नशा किस तरह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि नशा पढ़ाई, करियर और पारिवारिक संबंधों सीधे तौर पर प्रभावित करता है। यह छोटी-सी लत जीवन को पूरी तरह बर्बाद कर सकती है।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 100 सीबीएसई स्कूल स्थापित: चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सजाओ पिपलू में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक, प्रतिस्पर्धात्मक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। इसी दिशा में राज्य में 100 नए सीबीएसई पैटर्न के विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जो ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं के विकास और भविष्य की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया। इस दौरान एसएमसी प्रधान रक्षा देवी भी उपस्थित रही। विधायक ने स्कूल स्टेज को आधुनिक स्वरूप देने तथा स्टेडियम में टाइल लगाने के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने साई इंजीनियरिंग फाऊडेशन के संस्थापक राज कुमार वर्मा द्वारा विद्यालय में लाइब्रेरी खोलने के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सजाओपिपलू को हुए नुकसान की मुरम्मत के लिए 15 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की भी घोषणा की।



### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश

**विधायक** चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। साथ ही शिक्षकों व अभिभावकों से बच्चों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया।

# नवभारत जनविकास फाउंडेशन के प्रयासों से युवाओं को मिल रहा सशक्त रोजगार मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नवभारत जनविकास फाउंडेशन द्वारा कार्यालय धनोटू में डाटा ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला की अध्यक्षता फाउंडेशन के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने की, जिनकी दूरदर्शी दिशा-निर्देशों ने कार्यक्रम को अत्यंत सार्थक और परिणामोन्मुख बनाया। कार्यशाला में कोर्डिनेटर सिधु राम भारद्वाज, मीरा देवी, जॉन हेड इंचार्ज और नियुक्त डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे।

फाउंडेशन द्वारा विभिन्न पंचायतों में संचालित किए जा रहे डिपुओं के लेखा-जोखा प्रबंधन को पूरी तरह सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान डाटा ऑपरेटरों को सभी आवश्यक प्रक्रियाओं, दस्तावेजों के सही रखरखाव और कार्य पद्धति के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि भविष्य में डिपुओं का संचालन और भी अधिक दक्षता और सहजता के साथ हो सके। नवभारत जनविकास फाउंडेशन अपने उद्देश्यों के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने और महंगाई के दौर में आमजन को राहत प्रदान करने की दिशा में लगातार प्रभावी पहल कर रहा है। फाउंडेशन की इन पहलों से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है बल्कि आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा मिल रही है।




उत्कृष्ट डाटा ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यशाला में युवाओं के साथ ब्रह्मदास चौहान।

> **कार्यशाला** में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने फाउंडेशन एवं उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की।
>
> **- बुद्धि सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी, नवभारत जनविकास फाउंडेशन।**

### संघ पर की अनुचित टिप्पणी पर भाजपा की कड़ी आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने धर्मशाला विधानसभा में राजस्व मंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संबंध में दिए गए असत्य, आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा किया गया यह वक्तव्य न केवल प्रदेश की राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि उन करोड़ों स्वयंसेवकों का भी गहरा अपमान है, जो राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों में लगातार समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी, अनुशासित और समाजोन्मुख संगठन है, जिसने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्पक्ष भाव से समाज की सेवा की है। ऐसे संगठन पर इस प्रकार की छिछली और भ्रामक टिप्पणी किसी भी मंत्री के पद की मर्यादा के अनुरूप नहीं है और यह प्रदेश की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। राकेश डोगरा ने कहा कि भाजपा इस बयान की कड़ी निंदा करती है और यह मांग करती है कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

# कांग्रेस नेता कौशल के एससी/एसटी निगम के चेयरमैन बनने पर नाचन में खुशी का माहौल



प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्व महासचिव चंद्र कौशल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं में लड्डू बांटे।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के नाचन विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल सिंह कौशल को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम हिमाचल प्रदेश स्थित सोलन का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इसको लेकर राज्यपाल द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को क्षेत्रीय लोगों ने कांग्रेस नेतृत्व की ओर से एक बेहतर निर्णय बताया है, जिससे समाज के कमजोर तबके के हितों को और बढ़ावा मिलेगा। शनिवार को प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव चंद्र कौशल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सिविल न्यायालय परिसर सुंदरनगर में अधिवक्ताओं के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और लाल सिंह कौशल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंद्र कौशल ने कहा कि लाल सिंह कौशल का सामाजिक अनुभव, संघर्षशील कार्यशैली और समाज के वंचित वर्गों के प्रति उनकी संवेदनशीलता निगम के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएगी। वहीं इस नियुक्ति पर लाल सिंह कौशल और चंद्र कौशल ने इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

# स्कूलों में मुख्यातिथि के इंतजार में बच्चों को देर रात तक रोकना दुर्भाग्यपूर्ण : दिलीप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट से भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर द्वारा जारी ब्यान में कहा कि सरकाघाट के शिक्षण संस्थानों में एक नई और चिंताजनक परंपरा तेजी से उभर रही है। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी को मुख्य अतिथि बनाकर बुलाया जा रहा है।

स्कूलों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के चयन को लेकर सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में विवाद खड़ा हो गया है। समारोह में कांग्रेस के पदाधिकारी को आमंत्रित किया जा रहा है जिसे समाज और सरकाघाट के लोगों द्वारा अयोग्य माना गया है। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों के अभिभावकों द्वारा दिए गए पैसों से मुख्य अतिथि के साथ आए ठेकेदारों को सम्मानित करना गंभीर चिंता का विषय है। विधायक ने यह भी सवाल उठाया है कि जब सरकाघाट में अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी, सेवानिवृत्त अधिकारी, चुने हुए प्रतिनिधि, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग मौजूद हैं, तो फिर स्कूल जैसे पवित्र और गैर-राजनीतिक मंच पर ऐसे लोगों को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है? साथ ही विधायक ने कहा कि स्कूल के समारोहों में ऐसे व्यक्तियों को बुलाया जाना चाहिए जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हों और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए जाने जाते हों। स्कूलों के वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह बच्चों की प्रतिभा और मेहनत को सम्मानित करने का मंच है। ऐसे कार्यक्रमों में राजनीतिक भाषणों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मसेरन के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्य अतिथि का इंतजार करवाते हुए बच्चों को देर रात तक स्कूल में रोके रखना बेहद चिंताजनक है। ऐसे कार्यक्रम स्कूल समय में होने चाहिए, न कि रात में बच्चों की सुरक्षा को जोखिम में डालकर। रात को लड़के-लड़कियों के घर लौटने की जिम्मेदारी कौन लेगा?

**कार्यक्रम** आदर्श स्कूल बालीचौकी में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीचौकी में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साह आयोजित किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल ने बतौर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सेवानिवृत प्रधानाचार्य होशियार सिंह ठाकुर और युद्धवीर सिंह ठाकुर विशेष अतिथि शामिल हुए।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्याम लाल ठाकुर ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की उपलब्धियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय ने शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटी, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी गिद्धा, भंगड़ा, राजस्थानी शानदार नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की नाटी आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों के जोश और प्रतिभा की सभी ने सराहना की। इस दौरान मुख्यतिथि विजय पाल सिंह विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की दिशा तय करती है। इसलिए विद्यार्थी बुरी संगत का त्याग कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कहा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। भविष्य में कामयाब होने के लिए विद्यार्थी अभी से एक लक्ष्य को निर्धारित करें। उस लक्ष्य को पाने के लिए समय सीमा तय करें और उसी के तहत अपनी पढ़ाई और प्रयत्न को जारी रखें। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को 10 हज़ार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कौर सिंह व कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्याम लाल ठाकुर भी उपस्थित रहे।



बालीचौकी स्कूल के वार्षिक समारोह में होनहारों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि।

- शिक्षा जीवन की दिशा करती है तय: विजय पाल

### इनको मिला सम्मान

**इस** कार्यक्रम के बाद मुख्यातिथि ने शिक्षा, खेलकूद और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसमें तान्या, सुखमान प्रीत कौर, प्रिया शर्मा, आन्या शर्मा, डकेश राज, ईशा ठाकुर, मिनेंद्र सिंह, ठाकुर सैन, सचिन, गीतांजलि, रश्मि ठाकुर, कृतिका देवी, ममता, प्रवीण कुमार, संजना कुमारी, ईशा ठाकुर, ईशा संधु, भारती, नीरज ठाकुर, इशिका, गुलाब सिंह, वर्मिका, गीतांजलि, स्नेहा, सोनिया ठाकुर, गुंजन, ललित कुमार, मनोज कुमार, नोबल ठाकुर, भारती राज, राजेश कुमार, आणिया, दिव्या, डिंपल, आदित्य, रोहित कुमार, पवन, नरेश ठाकुर, हितेश, बबीता ठाकुर, रिया, करण, ज्योति और कुसम समेत अन्य शामिल है।

# सड़क सुरक्षा और नशे पर नकेल के लिए एक्शन में जिला प्रशासन

## डीसी ने दिए संबंधित विभागों को समन्वित और निर्णायक कार्रवाई के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**डीसी** ऊना जतिन लाल ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नशे में संलिप्तता से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी नकेल कसने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित और निर्णायक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वह शनिवार को डीआरडीए बैठक हाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एन-कॉर्ड) के तहत गठित जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, जिले के सभी एसडीएम, पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डीसी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं और नशे से जुड़े मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभाग समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीड, गलत ओवरटेकिंग और लापरवाही से ड्राइविंग सड़क हादसों के प्रमुख कारण बनते हैं। ऐसे में इसपर तत्काल और सख्त काबू की आवश्यकता है।


डीसी की अध्यक्षता में हुई गठित जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक।

### बाजारों में चिन्हित होंगे 'नो वेंडिंग-नो पार्किंग जोन

**डीसी** ने कहा कि प्रत्येक उपमंडल में मुख्य बाजार के एक हिस्से को 'नो वेंडिंग-नो पार्किंग जोन' के रूप में चिन्हित किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम स्थानीय व्यापार मंडलों के साथ विचार-विमर्श कर एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव भेजेंगे। 300-400 मीटर का छोटा निर्धारित क्षेत्र भी भीड़ से राहत देने में पर्याप्त हो सकता है। उन्होंने मुख्य बाजारों में लोडिंग-अनलोडिंग का समय निर्धारण करने को भी कहा। उन्होंने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम, पीडब्ल्यूडी और नगर निकायों की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### स्पीड लिमिट का सख्ती से होगा पालन, एनएच पर बढ़ेगी निगरानी

**उपायुक्त** ने नगर निगम ऊना क्षेत्र में गति सीमा का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन श्रेणी के अनुसार 20-40 किमी प्रति घंटा की स्पीड लिमिट लागू रहे और शहर के प्रवेश द्वारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सूचनात्मक बोर्ड लगाए जाएँ। जिलेभर में नेशनल हाईवे पर 40-65 किमी प्रति घंटा की गति सीमा सुनिश्चित की जाएगी। मैहतपुर-दौलतपुर एनएच पर लगातार निगरानी और बड़ूही-मुबारिकपुर मार्ग पर लाइटिंग, रंबल स्ट्रिप, साइन बोर्ड और बैरिकेडिंग अनिवार्य किए गए।

### स्कूलों में रोड सेफ्टी और नशा निवारण गतिविधियों की दैनिक रिपोर्ट दें

**उपायुक्त** ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा और नशा निवारण विषय पर दैनिक गतिविधियां आयोजित की जाएं और इसकी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। उपनिदेशक शिक्षा को निर्देश दिए कि वे सभी प्रिंसिपल को निर्देशित करें कि वे अपने संस्थान के आसपास नशे की गतिविधियों पर निगरानी रखें। इसे लेकर उपनिदेशक उनसे मासिक रिपोर्ट लें।

### नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्रों की सख्त मॉनिटरिंग

एन-कॉर्ड बैठक में डीसी ने नशा निवारण और पुनर्वास केंद्रों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। प्रत्येक भर्ती मरीज की एंट्री और एग्जिट का रिकॉर्ड अद्यतन रहे तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुशंसा के बिना किसी व्यक्ति को भर्ती न किया जाए। उन्होंने बाहरी राज्यों से अवैध शराब सप्लाई पर भी पुलिस और आबकारी विभाग को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## ऊना में नगर निगम पार्किंग स्थलों में 20 मिनट पार्किंग के देने होंगे 10 रुपए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के आयुक्त एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि शहर में नगर निगम की सभी पार्किंग में 20 मिनट तक वाहन पार्क करने का शुल्क केवल 10 रुपए निर्धारित किया गया है। ओल्ड बस स्टैंड पार्किंग पर भी यही दर लागू होगी।

यह पहल खासतौर पर उन लोगों की सुविधा के लिए की गई है, जो थोड़े समय के लिए आते हैं और त्वरित, सुलभ पार्किंग चाहते हैं। आयुक्त ने कहा कि यह कदम शहर में पार्किंग अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में अहम साबित होगा। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने हाल ही में ऊना शहर में अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर भीड़भाड़ को लेकर अन्य अहम आदेश भी जारी किए थे, जिससे यातायात और सार्वजनिक स्थानों की व्यवस्था और बेहतर बने। नगर निगम का यह नया शुल्क निर्धारण प्रशासन के प्रयासों को और प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

## खुरवाई में दस मरले खरीद कर 10 कनाल सरकारी भूमि पर किसके इशारे पर हुआ कब्जा: दविंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


दविंद्र भुट्टो ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने उपमंडल बंगाणा प्रशासन पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के खुरवाई क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा महज दस मरले निजी भूमि लेकर करीब दस कनाल सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन इस पूरे मामले पर अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि इतने बड़े स्तर पर सरकारी भूमि पर कब्जा आखिर किसके इशारे पर हो रहा है और प्रशासन इस ओर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा। भुट्टो ने कहा कि दूसरी ओर बंगाणा प्रशासन, बंगाणा बाजार में दुकानदारों के दुकानों के आगे बने छज्जों को लेकर लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि प्रशासन के पास बाजार में छज्जों को हटवाने का पर्याप्त समय और संसाधन हैं, तो खुरवाई में दस कनाल सरकारी भूमि पर बने अवैध कब्जे क्यों नहीं दिख रहे? उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह दोहरा रवैया जनता के बीच कई सवाल खड़े कर रहा है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता और सरकार की आड़ में कुछ लोग मनमानी कर रहे हैं और प्रशासन उन लोगों के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारें आती जाती रहती हैं, पर प्रशासन की निष्पक्षता उसका असली चेहरा है। बंगाणा प्रशासन किसी की कठपुतली न बने और कानून को बराबरी से लागू करे। दविंदर भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता सब देख रही है और जानती है कि किसके संरक्षण में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे पनप रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द इस मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करे, ताकि सरकारी भूमि को बचाया जा सके और कानून व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा विकास और पारदर्शिता की राजनीति करती आई है, और इसी सिद्धांत पर चलते हुए वह प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह बिना किसी दबाव और पक्षपात के जनता से जुड़े मुद्दों पर काम करे।

### मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर जागरूकता सत्र आयोजित

## उद्योग 4 .0 तकनीकों को अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**मैहतपुर** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र के एमएसएमई उद्यमियों, स्थानीय औद्योगिक संघ और सरकारी प्रतिनिधियों ने उद्योग 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस सत्र का आयोजन सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) द्वारा सरकार और उद्योग विभाग (राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऊना) के सहयोग से किया गया था। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की लघु एवं मध्यम विनिर्माण इकाइयों के लिए डिजिटल परिवर्तन को व्यावहारिक और किफायती बनाना था।

इस दौरान मुख्यातिथि जिला उद्योग केंद्र ऊना के प्रबंधक घनश्याम ने योजनाओं, तकनीकी मार्गदर्शन और नई तकनीकों के लिए सहायता प्रदान करके उद्योगों के आधुनिकीकरण में सहयोग देने के लिए उपस्थित विभागों और एजेंसियों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए, मैहतपुर की इकाइयों को धीरे-धीरे मैन्युअल, कागज-आधारित प्रणालियों से डिजिटल और डेटा-संचालित संचालन की ओर रुख करना होगा। स्थानीय औद्योगिक संघ के अध्यक्ष सीएस कपूर ने अन्य पदाधिकारियों और उद्यमियों के साथ इस पहल की सराहना की और सदस्य इकाइयों को आगामी डिजिटलीकरण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर के प्रशासनिक अधिकारी, दीपक वर्मा ने भविष्य के जागरूकता सत्रों और जमीनी स्तर पर समन्वय में पूर्ण स्थानीय सहयोग का आश्वासन दिया। सीईएल के विशेषज्ञों ने व्यावहारिक और किफायती डिजिटल तकनीकों जैसे स्वचालन, एलओटी-आधारित निगरानी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मैहतपुर इकाइयों में दैनिक विनिर्माण कार्यों में लागू करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सरल, उद्योग-संबंधित उदाहरण साझा करके दिखाया कि कैसे छोटे-छोटे हस्तक्षेप भी मापनीय सुधार ला सकते हैं।


प्रबंधन और उत्पादन निगरानी डैशबोर्ड जैसे क्षेत्रों में केंद्रीय समर्थन का किया अनुरोध।

उन्होंने प्रदर्शनों में मशीन डाउनटाइम को कम करने, अस्वीकृति और दोष दरों को कम करने, ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, तथा कार्यस्थल पर तीव्र और अधिक सटीक निर्णय लेने के लिए वास्तविक समय उत्पादन और रख-रखाव डेटा का उपयोग करने जैसे उपयोग मामलों पर भी ध्यान केंद्रित किया। मैहतपुर की औद्योगिक इकाइयों ने इन समाधानों को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई और पूर्वानुमानित रखरखाव, डिजिटल इन्वेंट्री प्रबंधन और उत्पादन निगरानी डैशबोर्ड जैसे क्षेत्रों में केंद्रित समर्थन का अनुरोध किया। कई उद्यमियों ने क्लस्टर के भीतर स्मार्ट विनिर्माण के लाभों को प्रदर्शित करने के लिए पायलट परियोजनाओं में भाग लेने की इच्छा भी व्यक्त की।

## सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित: अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**बोले-जनता से लेकर सरकारी कर्मचारी मांगों को लेकर सड़कों पर कर रहे प्रदर्शन**

**प्रदेश** भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य तथा राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी, पेंशनर्स और आम नागरिक लगातार अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, जो यह दर्शाता है कि सरकार आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रही है। अजय ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आर्थिक प्रबंधन की स्थिति इतनी खराब है कि सुक्खू सरकार केंद्र सरकार की मदद के बिना एक दिन भी नहीं चला सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने समय-समय पर हिमाचल को हरसंभव सहायता दी है, लेकिन उसके बावजूद प्रदेश सरकार इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करने के बजाय लगातार केंद्र को कटघरे में खड़ा करने की राजनीति कर रही है। उनका कहना है कि कांग्रेस सरकार के कई मंत्री और वजीर हर मुद्दे पर केंद्र सरकार को दोष देकर अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। भाजयुमो नेता अजय ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है और परियोजनाओं की फाइलें केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। उन्होंने दावा किया कि कर्मचारियों के लंबित वेतन, पुरानी पेंशन व्यवस्था से जुड़े मुद्दे और विभिन्न विभागों में बढ़ती अव्यवस्था से आम जनता परेशान है। इसके बावजूद सरकार जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी को तरजीह दे रही है।

## बाथड़ी में ट्रक पलटा, दो घायल

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत बाथड़ी में अनियंत्रित होकर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो लोग जख्मी हुए हैं। ट्रक नंबर पीबी 02 बीवी 9555 बाथड़ी मोड़ पर पलटने से चालक रणजीत सिंह पुत्र सलखन सिंह निवासी गांव व डाकघर भूराकौना, तहसील पट्टी, जिला तरन तारन (पंजाब) तथा परिचालक हरप्रीत सिंह पुत्र साहिब सिंह निवासी गांव व डाकघर भगवानपुरा, तहसील पट्टी, जिला तरन तारन (पंजाब) घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बाबा सिद्ध चानों जी महाराज की मूर्ति स्थापना 3 को

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ में क्षेत्र की सुख समृद्धि और माल पशु की भलाई के लिए बाबा सिद्ध चानों जी महाराज को समर्पित दहाजा एवं मूर्ति स्थापना समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बाबा सिद्ध चानों मंदिर कमेटी संतोषगढ़ के मुख्य सेवादार नानक चंद पहेश ने बताया कि 3 दिसंबर को बाबा जी की मूर्ति स्थापना समारोह में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 3 दिसंबर को बाबा बिधिया व बाबा सुखा की अगुवाई में पुबोवाल, हीरा कुंगड़त, ललड़ी टाहलीवाल से होते हुए नगर संतोषगढ़ की परिक्रमा कर स्थानीय बाबा सिद्ध चानों मंदिर में स्थापित की जाएगी। इसके बाद 6 दिसंबर शनिवार को धहाजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लुधियाना पंजाब के उद्योपति व समाजसेवी तरलोक सिंह मुख्यातिथि कर होंगे। प्रति वर्ष होने वाले इस धार्मिक आयोजन में इस बार भगत जखेड़ा वाले बाबा सिद्ध चानों की कई मनमोहक झाकियों को प्रस्तुत करेंगे। दहाजा आयोजन में मुख्य आकर्षण बाबा सिद्ध चानों जी की बड़ी झाकी होगी। जिसमें बाबा सिद्ध चानों महाराज की हाथी की सवारी को प्रदर्शित किया जाएगा। यह सवारी संतोषगढ़ वार्ड पांच स्थित बाबा सिद्ध चानों मंदिर से शुरू होकर स्वां नदी में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ समाप्त की जाएगी। इस मौके पर संगत के लिए लंगर वितरित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र सहित जिलावासियों और आसपास के क्षेत्र के सिद्ध चानों महाराज में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## अंब वन रेंज के कर्मियों ने किया अंतरराज्यीय लकड़ी तस्करी का प्रयास विफल, 7 वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, अंब**

**अंब** वन रेंज के कर्मचारियों ने अवैध लकड़ी व्यापार के खिलाफ शुक्रवार रात को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध परमिट के लकड़ी ले जा रहे सात वाहनों को जब्त किया। यह अभियान दो रणनीतिक स्थानों पर चलाया गया। गगरेट ब्लॉक के कर्मचारियों ने थपालन रोड पर दो वाहनों को पकड़ा, जबकि अंब रेंज की टीम ने अंब-नादौन रोड पर पांच वाहनों को रोका।

बंगाणा और कांगड़ा-हमीरपुर के ज्वालामुखी व रंगस क्षेत्रों से आए इन वाहनों में (युकलिप्टस) के साथ-साथ शीशम, ओई और कम्बल जैसी प्रतिबंधित प्रजातियां लदी पाई गईं। एक अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अधिकारियों ने पाया कि तीन वाहन विशेष रूप से प्रतिबंधित लकड़ी (शीशम, ओई, कम्बल) को कांगड़ा से पंजाब ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसके चलते, ब्लॉक अधिकारी ज्वार ने पुलिस थाना अम्ब में इन तीन वाहनों के



अंब वन रेंज के कर्मचारियों ने बिना परमिट के लकड़ी ले जा रहे वाहन को जब्त किया।

खिलाफ भारतीय वन अधिनियम (आईएफए), हिमाचल प्रदेश व्यापार विनियमन अधिनियम और हिमाचल प्रदेश भूमि पारगमन नियमों के तहत एफआईआर (एफआईआर) दर्ज करने के लिए औपचारिक शिकायत दी है। वहीं, शेष वाहनों को वन विभाग के अन्य नियमों के उल्लंघन के तहत विभागीय हिरासत में लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) ऊना के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत की गई है। उनके मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम वन माफिया पर नकेल कसने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हिमाचल प्रदेश से कोई भी वन उपज अवैध रूप से राज्य के बाहर न जा सके।

## ऊना मंडल भाजपा ओबीसी मोर्चा का गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा विधानसभा क्षेत्र ऊना के ओबीसी मोर्चा मंडल ऊना व बसदेहड़ा का गठन कर विभिन्न भाजपा कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल ऊना के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लालसिंगी के पवन सैनी को सौंपी गई है, तो उपाध्यक्ष पद पर अप्पर अरनियाला के सुनील दत्त, देहलां के सहदेव चौधरी, भड़ौलियां के कपिल देव व कुठार खुर्द के मोहन लाल को नियुक्त किया गया है। महामंत्री पद के लिए रामपुर के हरीश कुमार व सुनेहरा के जोगिंद्र पाल को चुना गया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए अबादा वराना के शाम लाल और सचिव पद के लिए लोअर अरनियाला के पंकज सैनी, रक्कड़ के नरेश कुमार, बहडाला के रुपिंद्र कुमार, जनकौर के दलविंद्र सैनी को नियुक्त किया गया है। ओबीसी मोर्चा मंडल बसदेहड़ा के अध्यक्ष पद पर नंगड़ा के रोशन लाल को नियुक्त किया है, तो उपाध्यक्ष पद पर रायेपुर सहोड़ा के सुच्चा राम, अजोली के भूमन सिंह, मलूकपुर के भूमन सिंह, नंगड़ा के सुरिंद्र सिंह व फतेवाल से बलवीर चौधरी को चुना गया है। महामंत्री पद के लिए चढ़तगढ़ के रोशन लाल व जखेड़ा के कुलविंद्र सिंह का चयन किया है। सचिव पद की जिम्मेदारी पेखूबेला के विक्रम, सनोली के बचित्र सिंह, मजारा के सुरिंद्र सिंह व उदयपुर के रामपाल को दी गई है। इसके अलावा, बसदेहड़ा मोर्चा के सदस्यों में रविंद्र कुमार, तिलक राज, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, पुनीत चंद, डिंपल साहिल, राज कुमार राजू, गुरनाम सिंह, दलाबर सिंह, राज कुमार सेठी, सुरिंद्र सिंह, सुखविंद्र सिंह व रामपाल को चुना गया है। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन में जिम्मेदारी देने के लिए सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती व जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास का धन्यवाद किया है।

## ऊना जिले में शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा प्रक्रिया तेज, कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में सार्वजनिक सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंसों की व्यापक समीक्षा प्रक्रिया को तेज कर दिया है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के पूर्व निर्णय के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप की जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट जतिन लाल ने बताया कि जिले के प्रत्येक उपमंडल में उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जिसमें एसडीएम, डीएसपी, संबंधित एसएचओ, तहसीलदार तथा वन विभाग के रेंज अधिकारी शामिल हैं। ये समितियां सभी शस्त्र लाइसेंसों की विस्तृत जांच करेंगी।

पुलिस अधीक्षक ऊना को निर्देश दिए गए हैं कि शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17 (बी, सी एवं डी) के अनुरूप आवश्यक रिपोर्ट समय पर उप-मंडल स्तरीय समितियों को भेजी जाएं। समितियों को आदेश जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर लाइसेंस के निलंबन, रद्दीकरण या निरस्तीकरण संबंधी संस्तुतियां जिला कार्यालय को भेजनी होंगी। उपायुक्त ने बताया कि कुछ लाइसेंसधारकों द्वारा विशेष परिस्थितियों में छूट के लिए आवेदन मिले हैं।

ऐसे मामलों में समितियां फसल सुरक्षा या आत्मरक्षा के आधार पर जारी लाइसेंसों की प्राथमिकता से समीक्षा करेंगी। समीक्षा के दौरान प्रतिष्ठा, व्यवहार, भूमि विवाद, आपराधिक संलिप्तता और शांति भंग की घटनाओं की विशेष जांच की जाएगी। जिनके विरुद्ध कोई नकारात्मक रिकॉर्ड नहीं पाया जाएगा, उन्हें हथियार नियमानुसार वापस किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया जिले में शांति व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक दूरदर्शी और सकारात्मक कदम है। उन्होंने सभी लाइसेंस धारकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरीके से उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है।

## एचआईवी के प्रति जागरूकता और भ्रांतियों पर डाला प्रकाश



चौकीमन्यार कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय एड्स-डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**चौकीमन्यार** कॉलेज में रेड रिबन क्लब एवं रेडक्रॉस क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय एड्स-डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सगुन डोगरा द्वारा किया गया। एड्स/एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करने के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से जागरूकता रैली रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता को रचनात्मक रूप से व्यक्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रतिभाशाली नारों के माध्यम से संदेश दिया कि एचआईवी/एड्स से लड़ने के लिए जानकारी सहयोग और संवेदनशीलता आवश्यक है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएस राणा ने कहा कि आज हम यहां विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एकत्रित हुए हैं। इस दिन का उद्देश्य केवल जानकारी देना ही नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त भ्रांतियां को दूर करना और यह संदेश देना है कि ज्ञान संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के माध्यम से हम इस बीमारी से लड़ सकते हैं। रेड रिबन क्लब एवं रेडक्रॉस क्लब की संयोजिका डॉक्टर सगुन डोगरा के कुशल निर्देशन से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ राम सिंह, प्रोफेसर नवीन शर्मा, सुपरिंटेंडेंट राकेश, अमन आदि मौजूद रहे।

## विधायक विवेक ने कोटलाकलां के महादेव मंदिर में किया श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को कोटलाकलां स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने स्वामी श्री मंगलानंद जी महाराज के साथ देवाधिदेव महादेव के दरबार में शीश नवाकर क्षेत्र की समस्त जनता के कल्याण, सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। स्वामी मंगलानंद जी ने आशीर्वचन में जीवन के महत्व, अध्यात्मिक अनुशासन और लोककल्याण की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा न सिर्फ धर्म का मार्ग दिखाती है, बल्कि जीवन में सकारात्मक सोच और सदाचार को भी स्थापित करती है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की भूमि संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत से भरपूर है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता, सदभाव और आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन महादेव मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है और यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने स्वामी मंगलानंद जी के तप, सेवा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से क्षेत्र का सतत विकास और जनता का कल्याण संभव होगा। विधायक विवेक शर्मा ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जनहित के सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं और विकास की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

## कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक के लगाए आरोपों पर किया पलटवाटर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, युवा नेता दिनेश खत्री, सुदेश शर्मा, अभिषेक सहित अन्य नेताओं ने पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनके विधायक विवेक शर्मा ने कोई मनगढ़ंत बयान नहीं दिया, बल्कि संविधान में उल्लेखित प्रावधानों के आधार पर ही कहा है कि पूर्व विधायक अयोग्य घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ की जनता ने पूर्व विधायक को 2022 में भारी समर्थन देकर विधानसभा तक पहुंचाया था, लेकिन जनता के विश्वास का सम्मान करने के बजाय उन्होंने दलबदल का रास्ता चुना, जो जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत निर्णय था। लोक निर्माण विभाग बंगाणा और जल शक्ति विभाग थानाकला में भ्रष्टाचार के आरोपों को कांग्रेस नेताओं ने निराधार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों में पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप विकास कार्य जारी हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार विपक्ष का काम केवल आरोप लगाना रह गया है, जबकि वर्तमान विधायक और सरकार जमीनी स्तर पर विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता स्वयं सही और गलत का निर्णय करेगी तथा कांग्रेस कुटलैहड़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रोणखर गांव के आरव मोदगिल भारतीय नौसेना में बने लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा की खरयालता पंचायत के रोणखर गांव के आरव मोदगिल ने प्रदेश, ऊना जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर उन्होंने भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है। आरव की इस उपलब्धि से परिवार, ग्रामवासी और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। आरव मोदगिल बचपन से ही सेना में जाने का सपना देखते थे।

उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ पूरी की और आगे चलकर नेवी में चयन के लिए आवश्यक ट्रेनिंग और परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कड़े चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद उनका लेफ्टिनेंट के रूप में चयन होना, उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। परिजनों का कहना है कि आरव ने हमेशा देश सेवा को प्राथमिकता दी और कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी। उनकी सफलता से


स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने आरव मोदगिल को बधाई दी।

जहां परिवार गौरवान्वित है, वहीं गांव के युवाओं में भी सेना में भर्ती होने को लेकर नया उत्साह पैदा हुआ है। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी आरव मोदगिल की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा कि उनका यह कदम अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बनकर आरव ने न केवल अपने गांव का मान बढ़ाया है, बल्कि देश सेवा की राह में एक महत्वपूर्ण कदम भी रखा है। वहीं, आरव मोदगिल ने इसका सारा श्रेय अपनी दादी सत्या देवी को दिया है, जिन्होंने कठिन समय में पिता सहित परिवार सदस्यों का पालन-पोषण कर सभी बेटे तथा बेटियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचाया। आरव मोदगिल के पिता जीवन मोदगिल प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

# रांगडी के लीचट निपटान के लिए जीबी पंत से करें बात

## डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सभी हितकारकों को जारी किए अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



डीसी जिला पर्यावरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करती हुईं, रांगडी प्लांट के लीचट निपटान और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर निर्देश देते हुए।

जिला पर्यावरण योजना की प्रगति, पर्यावरण कानूनों के प्रवर्तन की जांच के लिए जिला पर्यावरण समिति, कुल्लू की बैठक उपायुक्त तोरुल रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने सभी विभागों को अनुपालना के निर्देश देते हुए कहा कि रांगडी प्लांट से निकलने वाले लीचट के उचित निपटान के लिए जीबी पंत संस्थान से बातचीत करें तथा रांगडी में फ्रेश वेट वेस्ट की कम्पोस्टिंग के लिए बड़ा शेड बनाएं तथा गीला सूखा कचरा पृथक्करण करने पर टीडीसी क्षेत्र में व्यापक आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) करें। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन इकाई के लिए सभी विकास खण्ड एवं शहरी निकायों को भूमि चिन्हित करने, गाडियों को सेनेटरी वेस्ट इंसीनरेटर प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने, कंपोस्टर और इंसीनरेटर श्रेडर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी हितधारकों को ठोस अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किये। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण व शहरी निकाय स्वच्छता, गीला व सूखा कूड़ा का सही निष्पादन करना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में यहां साफ़ सुथरे पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिल सके।

उन्होंने कहा कि अपशिष्ट पदार्थ की स्त्रोत पर ही पृथक्करण करने के लिए उचित कदम उठाएं तथा उन सभी जगह को, जहां लोग कूड़ा फेंकते हैं, स्वच्छ रखने के लिए प्रयास करें, जहां आवश्यक हो अहवेलना करने वालों के चालान करें ताकि लोग खुले में कूड़ा फेंकने की आदत को रोक सकें। बैठक में शहरी निकायों के अधिकारियों की ओर से जानकारी दी गई कि कुल्लू तथा मनाली में नगर परिषद क्षेत्र से एकत्रित होने वाले कूड़े के उचित निष्पादन के लिए कंपोस्टर व श्रेडर स्थापित किया जा रहे हैं। जिससे यहां एकत्रित होने वाले कूड़े का उचित निष्पादन किया जाएगा।

उन्होंने लोगों द्वारा कूड़े की डंपिंग किए जाने वाले सभी स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने तथा उल्लंघना करने वालों पर जुर्माना करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी ऐसे हॉटस्पॉट की पहले सफाई सुनिश्चित करें तथा उसके उपरांत लोगों को जागरूक करें की इन स्थानों पर पुन कूड़ा न फेंका जाए। उन्होंने घरेलू खतरनाक अपशिष्ट पदार्थ के निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि नगर परिषद के अंतर्गत इस प्रकार के अपशिष्ट को एकत्रित करने के लिए तीन स्थान निर्धारित किए गए हैं। जहां इसका एकत्रीकरण किया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, टीडीसी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सभी खंड विकास अधिकारी, नगर परिषद कुल्लू और मनाली, नगर पंचायत, भुंतर व बंजार, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पशुपालन, खनन, जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की कलेक्शन के लिए एक दिन करें तय

**उपायुक्त** ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की कलेक्शन के लिए भी सभी नगर पंचायत में एक-एक दिन तय किए जाएं तथा लोगों को इस संबंध में जानकारी दी जाए। ताकि निर्धारित दिन में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को निर्धारित स्थान पर पहुंच सकें। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक तथा अधिनियम में प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रयोग पर सख्ती से पाबंदी लगाने के लिए चालान करने के भी निर्देश दिए।

# कुल्लू स्पीड ऑफ फेस्टिवल में दूसरे दिन भी महिला व पुरुष राइडर्स ने ट्रैक पर दिखाया जौहर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**



देशभर के कुल 130 प्रतिभागियों में 8 महिलाएं भी प्रतियोगिता में ले रही भाग।

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित खेल मैदान में आयोजित हो रहे कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड के दूसरे दिन भी राइडर्स की रफ्तार का रोमांच जारी रहा। शनिवार को दूसरे दौर के मुकाबलों में फोर व्हीलर और टू व्हीलर श्रेणी में क्वालीफाई करने वाले प्रतिभागियों ने रेस के लिए बनाए ट्रैक पर जौहर दिखाया।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के कुल 130 महिला व पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें कुल 8 महिला प्रतिभागी हैं। हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी अलग अलग कैटेगरी में महिला व पुरुष प्रतिभागियों का क्वालीफाई राउंड हुआ जिसमें भारी संख्या में राइडर्स ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे चंडीगढ़ से आए दीपम पोलारिस ने यूएस मेड गाड़ी के साथ यहां प्रतिस्पर्धा में भाग लिया जो सबके लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस तरह की गाड़ियां पूरे देश में चार से ज्यादा नहीं है। दीपम ने कहा कि वह इस तह की कई प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं और यहां आकर ठंडे मौसम का भी लुत्फ उठाया। वहीं, कुल्लू के शुभम खजुरिया ने बताया कि इस तरह के खेलों से काफी कुछ सीखने को मिलता है और युवा को नशे से दूर रखने का एक अच्छा साधन है। इसी तरह युवाओं में खूब जोश नजर आया। इस दौरान मैदान के चारों ओर मोटर स्पोर्ट्स चाहवानों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी रही। सनद रहे गत वर्ष भी कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड का आयोजन किया गया था। जिसे मोटर स्पोर्ट्स के चाहने वालों ने खूब पसंद किया था। इसी कड़ी में इस वर्ष भी युवाओं को नशे से दूर रखने बारे जागरूकता फैलाने व यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ढालपुर में गुरिल्ला संघ की बैठक पहली को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ कुल्लू की बैठक सोमवार एक दिसंबर को ढालपुर कुल्लू में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। बैठक मे विशेष तौर पर राष्ट्रीय चेयर मैन प्रीतम ठाकुर रहेंगे। बैठक में 15 जनवरी को जो स्कीम विभाग व सरकार पेश करेगी उस पर विशेष चर्चा की जाएगी। पॉलसी की जानकारी सोमवार तक लग जाएगी। इस बैठक को अति आवश्यक समझे जो जो स्कीम का फायदा उठाना चाहते हैं वे बैठक में आ जाएं अन्यथा संगठन इसका कोई भी उतरदाई नहीं होगा। संगठन के सभी ग्रुप प्रधान सर्किल प्रधान सभी बैठक मे भाग लें।

### बढ़िया भाषण देने पर स्मृति व दिव्यांशी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं के तत्वधान में पीएम श्री रावमा पाठशाला हरिपुर में बाल मुक्त भारत अभियान एवं वो दिन योजना के अंर्तगत एक दिवसीय संयुक्त जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बाल विवाह अधिनियमों व बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया। बाल विवाह संबंधी अधिनियमों के बारे पर्यवेक्षक दीपक शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी। मासिक धर्म स्वच्छता बारे में स्वास्थ्य विभाग से आए पर्यवेक्षक मनीषा शर्मा व मीना शर्मा ने विस्तार से बताया। मासिक धर्म के दौरान खान पान का विशेष ध्यान रखने एवं पौष्टिक व संतुलित भोजन लेने बारे जानकारी दी। सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने एवं इस्तेमाल उपरांत ठीक प्रकार से निपटान बारे समझाया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा स्मृति द्वारा बाल विवाह पर भाषण और छात्रा दिव्यांशी द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता पर भाषण दिया गया। इस दौरान दोनों छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्य नीलम सूद ने बच्चों को पढ़ाई की ओर ध्यान देने एवं लक्ष्य प्राप्त करने के कठिन परिश्रम करने सहित बाल विवाह बारे समझाया। पर्यवेक्षक मधु ने विभागीय योजनाओं बारे जानकारी दी। इस शिविर में बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। शिविर में पर्यवेक्षक प्रोमिला, अनिला शर्मा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### छोटे बच्चों को होने वाली डायरिया, कुपोषण से बचाव के बारे में दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर की अध्यक्षता में नवजात शिशु रोग के एकीकृत प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आरएच कुल्लू में सीएचओ और एएनएम के लिए जिला स्तरीय आईएमएनसीआई प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें नेर चौक मेडिकल कॉलेज से आई सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर अन्वेषा नेगी ने सभागार में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को होने वाली बीमारियों जैसे न्यूमोनिया, डायरिया, कुपोषण से कैसे बचाव किया जाए के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और पोषण और स्तनपान के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर इस तरह के जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है ताकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अनेकों योजनाओं कि विस्तार से जानकारी उपलब्ध किया जा सके और स्वास्थ्य विभाग कर्मियों की हौसला अफजाई की जा सके। शिविर के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीपीओ डॉक्टर राकेश ठाकुर, डॉक्टर उषा ठाकुर,जन शिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत तथा सुपरवाइजर प्रेम चंद उपस्थित रहे।

### कुल्लू में उद्यान विभाग की नर्सरियों में 53,424 उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधे तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में उद्यान विभाग की नर्सरियों में 53,424 उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधे तैयार है। बागवान ज़रूरत के मुताबिक प्राप्त कर सकते हैं ।जिला कुल्लू के बागवानों को भविष्य में अच्छी और रोगमुक्त उपज सुनिश्चित करने के लिए, उद्यान विभाग ने हिमाचल प्रदेश फल नर्सरी पंजीकरण और विनियमन अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नर्सरियों से ही फलदार पौधे खरीदने का आग्रह किया है।उपनिदेशक बागवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने अपनी विभागीय नर्सरी (फल विकास परियोजना बजौरा) में शरद ऋतु में लगाए जाने वाले कुल 53,424 फलदार पौधे तैयार किए हैं, जो 10 दिसंबर से मांग अनुसार उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।तैयार किए गए पौधों में मुख्य रूप से सेब, प्लम, नाशपाती, जापानी फल, आड़ू, अखरोट, कीवी, खुर्मानी, बादाम, पिकान नट और फुपू शामिल हैं। विवरणः सेब के पौधे विभिन्न रूट स्टॉक जैसे एमएम-111,एम -9, एम 7, एम-4, एमएम -106, एमएम-27, त्र-10, जी-41, जी-935, जी-11 इत्यादि पर तैयार किए गए हैं। बागवानों द्वारा अभी तक 34,300 फलदार पौधों की मांग विभाग को जमा की जा चुकी है। जिन किसानों व बागवानों ने अभी तक अपनी मांग जमा नहीं की है, उनसे सम्बंधित व नजदीकी विभागीय कार्यालय में जल्द से जल्द मांग जमा करने का अनुरोध किया गया है।

### सहकारिता के सिद्धांतों को जर्मनी स्तर तक पहुंचाने में वीना ने पूरा जीवन किया समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला सहकार संघ सीमित कुल्लू ने संघ की महाप्रबंधक के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया है। जिला सहकार संघ सीमित के अध्यक्ष अनिल कुमार सूद और संघ के निदेशक श्याम लाल ठाकुर, दौलत राम ठाकुर संघ के समस्त कर्मचारियों, संघ के सभी दुकानदारों की ओर से संघ की पूर्व महाप्रबंधक वीना गुलेरिया के निधन पर शनिवार को शोक सभा के माध्यम से शोक प्रकट करते हुए और दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल सूद ने कहा कि स्व. वीना गुलेरिया का जाना हमारे सहकारी संघ के लिए बहुत बड़ी क्षति है। महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने सहकारी संघ को सशक्त बनाने और सहकारिता के सिद्धांतों को जर्मनी स्तर तक पहुंचाने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका कार्यकाल ईमानदारी, पारदर्शिता और सदस्यों के प्रति सेवा की भावना का प्रतीक था। उनका नेतृत्व सहकारी आन्दोलन के कई साथियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत रहा। इस कठिन घड़ी में हम आपके दुख में समान रूप से भागीदारी है। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू सहकारी संघ कुल्लू के प्रत्येक सदस्य की ओर से हम विना गुलेरिया जी को उनकी अद्धितीय सेवाओं के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

# 'वन बूथ टेन यूथ' अभियान के तहत युवाओं को जोड़ेगा भाजयुमो: चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



भाजपा युवा मोर्चा के सचिव रुचिन चौहान प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए।

भाजयूमो के प्रदेश सचिव एवं वन बूथ टेन यूथ अभियान के प्रदेश सह संयोजक रुचिन चौहान ने कहा है कि भाजयुमो प्रदेशभर में वन बूथ टेन यूथ अभियान के तहत युवाओं को जोड़ेगा। यह बात उन्होंने शनिवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि एक से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत 80 हजार युवाओं को जोड़ा जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश के 8007 बूथों में एक बूथ टेन यूथ अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के युवाओं को राजनीति में जोड़ा जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि चार दिसंबर को प्रदेश की झूठी सरकार का विधनसभा में घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस के लिए प्रदेश भर से युवा जायेंगें। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि पहली कैविनेट की मीटिंग में एक लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी जबकि एक वर्ष में पांच लाख युवाओं को नोकरी दी जाएगी। अब हर युवा सरकार से पूछेगा कि अभी तक कितने युवाओं को नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटी से सत्ता में आई सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा जनजागरण अभियान के तहत केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा और निक्कमी व झूठी सरकार की जनविरोधी नीतियों को भी जनता तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले कहा कि स्थाई नौकरी दी जाएगी और अब वन मित्र,पशु मित्र,ट्रैफिक मित्र जैसी भर्तियां खोली जा रही है जो युवाओं के साथ छल है। इस अवसर उनके साथ प्रदेश सचिव चंदन पंडित,प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक जनेश ठाकुर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल विष्ट, जिला महामंत्री रमेश विष्ट व मनाली मंडल के अध्यक्ष अमित सेन उपस्थित रहे।

# रोहतांग का निरीक्षण आज करेगा मनाली प्रशासन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोहतांग की बहाली को लेकर रविवार को मनाली प्रशासन दर्रा का निरीक्षण करेगा। निरीक्षण टीम की रिपोर्ट पर रोहतांग की बहाली निर्भर रहेगी। गौर हो कि जिला प्रशासन ने गत दिनों अधिसूचना जारी कर दर्रे को 30 नवंबर तक खुला रखने का निर्णय लिया था। एक नवंबर को रोहतांग दर्रे की बहाली निरीक्षण टीम की रिपोर्ट पर निर्भर रहेगी। हालांकि मनाली लेह मार्ग को भी आगामी सात दिसंबर तक बहाल कर दिया गया है तथा आने वाले कुछ दिन अभी हिमपात के भी आसार नहीं है। इस कारण रोहतांग दर्रे के अभी बहाल रहने की उम्मीद है। कुल्लू मनाली आ रहे पर्यटकों की रोहतांग दर्रा ही पहली पसंद बना हुआ है। दर्रे में एक फीट से अधिक बर्फ पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

दूसरी ओर खिली धूप के बीच मनाली लेह मार्ग पर शनिवार को भी वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। शनिवार को भी दोनों ओर से वाहन आए गाए। लेह जाने वाले वाहनों में सामान लेकर जा रहे ट्रकों की संख्या अधिक है। दूसरे दिन शनिवार को मनाली की ओर से 167 वाहन लेह व जांस्कर की ओर जबकि 54 वाहन लेह व जांस्कर की ओर से मनाली आए। दारचा से शिंकुला होते हुए जांस्कर के लिए भी वाहनों की आवाजाही सुचारु है। उपायुक्त लाहुल स्पीति किरण भंडाना ने कहा कि लेह मार्ग सात दिसंबर तक बहाल रहेगा लेकिन आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

# कांग्रेस सरकार लगातार सदन की गरिमा को कर रही है आहत: कपूर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार लगातार सदन की गरिमा को आहत कर रही है। विधानसभा को अपनी राजनीतिक हताशा व निजी कुंठा का मंच बना चुकी है, जबकि सदन का उद्देश्य जनता, विकास और नीतियों पर गंभीर चर्चा करना होता है। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत नेगी द्वारा आरएसएस जैसी राष्ट्रसेवा, अनुशासन और समर्पण की प्रतीक संस्था पर की गई अभद्र टिप्पणी बेहद निंदनीय है। यह केवल राजनीतिक बौखलाहट नहीं, बल्कि प्रदेश की जागरूक जनता और देशभर में सेवा-भाव से कार्यरत लाखों स्वयंसेवकों का अपमान है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस बयान पर तुरंत प्रदेश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी विफलताओं और जनता में बढ़ते आक्रोश से घबराकर कांग्रेस सरकार लगातार भटके हुए, गैर-जिम्मेदार और असंगत बयान दे रही है। कभी सेना की निष्ठा पर प्रश्न, कभी राष्ट्र की एकता पर संदेह, कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर निराधार आरोप, कभी विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और अब सदन में आरएसएस पर अनरगल बयान बाजी यह सब कांग्रेस की जर्जर, दिशाहीन और हताश राजनीतिक सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सब इसलिए कर रही है ताकि जनता का ध्यान सरकार की झूठी गारंटीयों और ठप पड़े विकास कार्यों से हटाया जा सके। अखिलेश कपूर ने स्पष्ट कहा कि विधानसभा किसी की निजी पीड़ा, कुंठा या राजनीतिक नौटंकी का मंच नहीं है। प्रदेश की जागरूक जनता सब देख रही है और ऐसे गैर-जिम्मेदार बयानों का जवाब समय आने पर अवश्य देगी।

# पर्यटन नगरी मनाली में यातायात व्यवस्था चरमराई: गौतम ठाकुर

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में लगातार यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। एक किलोमीटर दूर जाने के लिए घंटों लग रहा है।इस से स्थानीय लोगों के साथ साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। तंग सड़कें बेतरतीब तरीक़े से खड़े वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। मनाली थाने में पुलिस बल की भी भारी कमी है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख तुरंत प्रभाव से अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल मनाली के लिए पचास पुलिस जवान या गृह रक्षकों की तैनाती की मांग की। मनाली के सभी स्टेकहोल्डर्स ने गिरते हुए पर्यटन को नई दिशा तथा दशा सुधारने के लिए मनाली डेवलपमेंट कोंसिल का गठन कर रखा है,जिस में मनाली होटलियर एसोसिएशन, लग्जरी कोच यूनियन, हिम आंचल टैक्सी आपरेटर यूनियन, आटो यूनियन, हिमाचल प्रदेश ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन, बाइकर्स एसोसिएशन तथा कई अन्य एसोसिएशन जुड़ी हुई है। मनाली डेवलपमेंट कोंसिल की ओर से गौतम ठाकुर ने कहा कि अगस्त में आई आपदा से सड़कों के टूट जाने पश्चात ट्रैफिक जाम की भयंकर समस्या बनी हुई है।अलेऊ,वशिष्ठ, बांहग से माल रोड़ पहुंचने में एक एक घंटे का समय लग रहा है, एक तो टूटी सड़क वजह है और दूसरी यातायात व्यवस्था से जुड़े पुलिस कर्मियों की कमी के चलते ट्रैफिक जाम कई किलोमीटर तक लग रहा है। गौतम ठाकुर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दिसंबर महीने में घाटी पर्यटकों से गुलजार हो सकती है, निश्चित रुप से प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही रहेगी,ऐसे में सरकार अगर अतिरिक्त रिजर्व फोर्स मनाली में तैनात नहीं करती है तो मनाली के सभी स्टेकहोल्डर्स को बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# विद्यार्थी कुल्लू की संस्कृति से हो रहे रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** केरल के श्री सबरीसा कालेज के मास्टर ऑफ़ सोशल वर्क स्टूडेंट्स की एक टीम हिमाचल प्रदेश के मनाली दौरे पर आई है। यह टीम एक दिसंबर तक मनाली के आसपास के गांव व स्कूलों का भ्रमण कर यहां के वातावरण व संस्कृति का आदान प्रदान करेंगे। इस टीम का उद्देश्य सामाजिक विकास के नज़रिए को जानना है जिसमें वातावरण पर खास ध्यान दिया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता हरीशकुमार, अश्वथी अनिल, अर्जुन केसी, और ओशीन मैग्डलिन के नेतृत्व में डिपार्टमेंट की पीजी टीम इस पहल को लीड कर रही है। उनका मुख्य लक्ष्य हिमाचल के ग्रामीणों के ज्ञान सिस्टम पर एक मोनोग्राफ तैयार करना है। इस मोनोग्राफ का मकसद स्थानीय लोगों द्वारा प्राकृतिक आपदाओं और क्लाइमेट चेंज के असर से निपटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक तरीकों को डॉक्यूमेंट तैयार करना है। टीम में 22 स्टूडेंट और 4 फैकल्टी हैं। सपोर्ट हेवन हिल्स एडवेंचर की कैंप मैनेजर प्रियंका धवन ने बताया कि वह टीम के लिए सभी व्यवस्थाएं कर रही है।

# कृतिका शर्मा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर खिताब

## केडी स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केडी स्टार स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान स्टूडेंट ऑफ द ईयर को सम्मानित करते हुए।

केडी स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाशिंग का छठा वार्षिक समारोह शनिवार को अटल सदन कुल्लू में धूमधाम से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में भारतीय गणितीय मॉडलिंग एवं सिमुलेशन अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष व रिटायर्ड प्रोफेस्सर (गणित) आई आई टी कानपुर डॉ. मोहन के. कादलबाजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डिस्को डांस, सेमी-क्लासिकल, वन-एक्ट प्ले, डांडिया, साउथ इंडियन डांस, भांगड़ा और कुल्लवी नाटी जैसे आकर्षक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर डॉ. कदलबाजू ने मंच से अपने संबोधन में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने वर्षभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को भी विशेष सम्मान दिया गया। जेईई उत्तीर्ण करने पर आर्यन ठाकुर, युवराज ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, निखिल ठाकुर और शौर्या नेगी व नीट उत्तीर्ण करने पर समाईरा चाबा, सरयू जम्बाल और आनंदिता बाली को सम्मानित किया गया।

समारोह में कृतिका शर्मा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजिंदर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। साथ ही उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी बढ़चढ़ भाग लेने की अपील की।

### अटल सदन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

## चकाचक वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक का क्षतिग्रस्त हाइवे बनकर तैयार

# मनाली में अब दूर होगी जाम की समस्या

**अनंत ज्ञान, मनाली**



वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक का क्षतिग्रस्त हाइवे बनकर तैयार, अब धीरे-धीरे विंटर सीजन भी गति पकड़ने लगा।

25 और 26 अगस्त को आई आपदा से क्षतिग्रस्त मनाली का फोरलेन हाइवे तीन महीने बाद फिर चकाचक हो गया है। डबललेन सड़क को ब्लैकटॉप कर चकाचक किया गया है। शनिवार से इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी गई। इससे मनाली में यातायात जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

भूतनाथ मंदिर से वोल्वो बस स्टैंड तक लगभग एक किलोमीटर सड़क लगभग छह जगह क्षतिग्रस्त हुई थी। कुल्लू से मनाली को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया गया। जिसके कारण इस फोरलेन हाइवे को बनाने का कार्य देरी से शुरू किया गया। कुछ दिन पहले इस सड़क को जोड़ा गया था। एनएचएआई ने इसके तुरंत बाद सड़क की टारिंग का कार्य भी शुरू किया। इस सड़क को टारिंग के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया है।

इसके बाद अब क्लाथ, आलू ग्राउंड में टारिंग का कार्य किया जा रहा है। ब्लेक टॉप होने के बाद लोगों को धूल से राहत ती मिलेगी साथ ही बाहन चालकों को भी ऊबड़ खाबड़ रास्तों से राहत मिलेगी । हालांकि कुल्लू मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पर पड़े बड़े बड़े गड्ढे अभी नहीं भरे गए हैं। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि फोरलेन हाइवे बहाल हो गया है।

उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से अपील की है कि बाई पास रोड के किनारे कोई भी अपनी गाड़ी खड़ी ना करें।

# सांफिया फाउंडेशन 13 दिसंबर को मनाएगा समावेश उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

दिव्यांगजनों के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही कुल्लू की सांफिया फाउंडेशन 13 दिसंबर को कुल्लू में समावेश उत्सव का आयोजन करने जा रही है। यह जानकारी सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने यहां शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के छह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह उत्सव आयोजित किया जा रहा है। वहीं, दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने जा रहा है। दिल्ली के विज्ञान भवन में 3 दिसंबर को उन्हें देश के राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

भारद्वाज ने कहा कि दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों को लेकर वह कार्य कर रहे हैं। आश बाल विकास केंद्र, जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र, थेरेपी ऑन व्हील्स जैसे विभिन्न कार्यक्रम उनकी ओर से करवाए जा रहे है। स्पेशल बच्चे जो अपने रोजमर्रा के कार्य करने में सक्षम नहीं है। उनकी थेरैपी संस्था द्वारा करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि 2012 से उन्होंने इस काम की शुरुआत की थी। और अब कुल्लू जिला में दिव्यांगता के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आश बाल विकास केंद्र के माध्यम से अब तक 1400 बच्चे उनके सेंटर में आ चुके हैं। तो वहीं बहुत से ऐसे बच्चे है बीते साल भी 84 बच्चों ने आश बाल विकास केंद्र में थेरैपी का लाभ लिया है। तो वही घाटी में 76 बच्चे थेरेपी ऑन व्हील्स के माध्यम से सुविधा ले रहे है।

उन्होंने कहा कि कुल्लू में पहले इस तरह की सुविधाएं नही थी लेकिन अब संस्था के माध्यम से बहुत से ऐसे बच्चे है। जो थेरेपी लेकर अपने सामान्य जीवन जी रहे है। ऐसे में उन्हें इसके लिए राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे संस्था और भी कार्य इस क्षेत्र में करेगी। वही संस्था के 6 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में समावेश उत्सव भी मनाया जाएगा। इस प्रेसवार्ता के दौरान साम्फिया के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल भी मौजूद रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### 1.4 किलोग्राम चरस के साथ तस्कर दबोचा

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** एसआईयू सिरमौर की टीम नशे की रोकथाम करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसआईयू टीम ने मुकाम गोजर के पास आरोपी तालिब अंसारी पुत्र खलील अंसारी निवासी नजद सरिये वाली गली मुस्लिम बस्ती विकासनगर जिला देहरादून उत्तराखंड उम्र 28 वर्ष के कब्जा से 1 किलो 4 ग्राम चरस बरामद की है। जिस आरोपी के विरुद्ध एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### खेलों से होता है मानसिक-शारीरिक विकास : प्रधानाचार्य

**अनंत ज्ञान, नाहन।** साल 1783 में स्थापित प्रदेश के सबसे पुराने स्कूलों में शुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक शमशेर स्कूल नाहन की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन ऐतिहासिक चौगान मैदान नाहन में किया गया। शमशेर स्कूल नाहन के प्रधानाचार्य आरके चौहान ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए हर वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे हिस्सा लेते हैं और खास बात यह है कि स्कूल में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चे से प्रतियोगिता का हिस्सा बने है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिताएं वरिष्ठ और कनिष्ठ दो वर्गों में आयोजित की जा रही है, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी यहां 100 मी दौड़ और 50 मी वॉक का आयोजन किया है, ताकि यह बच्चे भी अपने आप को समाज से अलग ना समझे। उन्होंने बताया कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है और इसके साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बच्चे नशे से भी दूर रहते हैं इसलिए खेलकूद बच्चों के जीवन में एक अहम रोल अदा करता है।

### बृजलाल ठाकुर बने सह संयोजक

**अनंत ज्ञान, अर्की।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग जयनगर मंडल के संयोजक संजीव कुमार ने जानकारी दी कि भाजपा जयनगर सोशल मीडिया सह-संयोजक व मीडिया कार्यसमिति सदस्यों की भाजपा शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श कर सूची जारी की है। जिसमें ब्रिज लाल ठाकुर को सह संयोजक और राजेन्द्र कुमार, इशांत,राजेन्द्र कुमार, कुंता देवी, नीरज कुमार, प्रेम कुमार, मनोज कुमार ललित कुमार,गगनदीप व नरेंद्र कुमार को मंडल कार्य सदस्य नियुक्त किया गया।

### सैनवाला गांव के पास युवक से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** पुलिस स्टेशन कालाअंब टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि सैनवाला गांव में एक युवक विक्रम कुमार निवासी गांव सलानी डाकघर सैनवाला तहसील नाहन जिला सिरमौर बोरू में अवैध शराब भरकर सैनवाला से सलानी की तरफ को जा रहा है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि सूचना पर टीम तुरंत हरकत में आई तभी सलानी-कटोला बाई फरगेशन के पास आरोपी अपने कंधे पर एक बोरु उठाए सलानी की तरफ जा रहा था। एसपी ने बताया कि पुलिस ने जांच की बोरु को नीचे उतरवाकर खोलकर चेक किया गया तो बोरु के अन्दर 9 बोतल कांच शराब देशी मार्का नाटी नंबर-1 संतरा बरामद की गई। जिस पर पुलिस थाना काला आम्ब में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### यूको बैंक आरसीटी में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** यूको बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक तमन्ना मोदगिल की अगुवाई में तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित अवितरित धन वापसी अभियान के तहत सोलन-चंबाघाट रोड स्थित यूको बैंक आरसीटी में जागरूकता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर की सभी बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी तथा आईआईटी निदेशक भी उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 50 लाभार्थियों ने भाग लिया और अपनी अवितरित राशि से जुड़ी जानकारी एवं सहायता प्राप्त की। इस अवसर पर जानी-मानी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को आरबीआई के इस अभियान, दावा प्रक्रिया और राशि वापसी की संपूर्ण विधि के बारे में जानकारी दी। एलएमडी तमन्ना मोदगिल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के शिविर में डीफ खाते से कुल 6,58,523 की राशि सफलतापूर्वक प्राप्त कराई गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को सरल, पारदर्शी और परेशानी-मुक्त प्रक्रिया के माध्यम से उनकी जमा राशि उपलब्ध कराना है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिरमौर की टीम थर्ड

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रदेश वॉलीबॉल संघ द्वारा जिला मंडी के संधोल में आयोजित प्रथम 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिला सिरमौर की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला सिरमौर बालिबाल संघ के सचिव भूपेंद्र चौहान ने बताया कि प्रदेश वॉलीबॉल संघ प्रदेश में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष से पहली बार लड़कों और लड़कियों के लिए अंडर-18 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सभी जिलों के साथ-साथ स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीमों ने भी भाग लिया। सिरमौर की टीम ने हिमानी, सृष्टि ठाकुर, गुनजन, नव्या ठाकुर, अर्पिता, नीतिका, अंतरा, वंशिका, जान्वी, मननत ठाकुर, ऋतु शर्मा और वंशिका शर्मा जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तीसरा स्थान हासिल किया। जिला संघ ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की आशा जताई है।

### स्टेनो-कंप्यूटर ट्रेनियों को प्रदान किए डिप्लोमे

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सत साहिब स्टेनो और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सेरीघाट में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वालों को पुरस्कार और एक साल का कोर्स पूर्ण करने वालों को डिप्लोमा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीसी कंडाघाट के पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह ठाकुर ने की और ग्राम पंचायत ममलीग के उप-प्रधान संजीव कुमार मुख्यातिथि और समाजसेवी बलदेव ठाकुर विशिष्ट अतिथि बतौर उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण केंद्र की सह समन्वयक डॉ रीता परिहार अतिथि स्वागत के साथ केंद्र का विजन प्रस्तुत किया। केंद्र प्रभारी रमा परिहार ने केंद्र की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों एवं समाज हित में किए जा रहे योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उनकी कौशल दक्षता के साथ उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में एक साल का डिप्लोमा पूर्ण कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिज्ञासा प्रथम, विशाल द्वितीय और चांदनी तृतीय रही। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में इस ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का प्रशिक्षण केंद्र संचालन के लिए इसके संस्थापकों और संचालकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो युवा साधनों की कमी के कारण शहरों में जाकर यह प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सकते उनके लिए यह मील पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग, स्टाफ, इस केंद्र के प्रशिक्षणार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# सोलन अस्पताल में मरीजों का पुराना रिकॉर्ड नष्ट कर किया जाएगा डिजिटल

## 1992 से 2020 तक जमा हो चुकी है डेढ़ लाख फाइल्स, स्टॉक रखना बना मुसीबत

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में करीब 30 वर्ष से पुराना मरीजों का रिकॉर्ड मेंटेन करना चुनौती बन चुका है। ऐसे में पुराना रिकॉर्ड नष्ट कर डिजिटाइज किया जाएगा।

अस्पताल प्रशासन ने अब वर्षों से धूल फांक रही मरीजों की फाइल्स को नष्ट करने करने का निर्णय लिया है। इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने रूपरेखा तैयार कर ली है। हालांकि यहां लगभग डेढ़ लाख से भी अधिक फाइलें हैं, जिन्हें एक-दो दिन में डिस्ट्रॉय नहीं किया जा सकता। ऐसा करने में हॉस्पिटल मैनेजमेंट को कई महीनों का समय लग जाएगा। हॉस्पिटल से मिली जानकारी के हिसाब से फिलहाल इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। धीरे-धीरे पहले जो जरूरी रिकॉर्ड है उसे रखा जाएगा और बाकी सभी नष्ट के लिए कहीं और शिफ्ट करने की योजना है। गौरतलब है कि सोलन हॉस्पिटल में 1992 से लेकर आज तक जितने भी मरीजों को यहां एडमिट किया गया।

दरअसल जैसे ही कोई मरीज हॉस्पिटल में उपचार के लिए आता है और ओपीडी में चेक करने के बाद यदि उसे वार्ड में भर्ती किया जाता है तो एक फाइल बनाई जाती है। यह फाइल तब तक चलती है जब तक मरीज को डिस्चार्ज न किया जाए। इस बीच मरीज को क्या उपचार दिया गया है, कौन सी दवाई




दी है, कौन सा इंजेक्शन लगाया गया है। इस सब की पूरी डिटेल इस फाइल में लिख दी जाती है। जब मरीज डिस्चार्ज होता है तब फाइल हॉस्पिटल मैनेजमेंट के पास जमा कर दी जाती है। ऐसी कुल मिलाकर डेढ़ लाख से भी अधिक फाइल फिलहाल हॉस्पिटल में पड़ी हुई हैं, लेकिन अब इसे रखने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे संभालने के लिए एक तरफ तो स्टाफ की कमी है तो वहीं दूसरी तरफ बहुत ज्यादा संख्या में फाइलें होने से अब हॉस्पिटल मैनेजमेंट के लिए भी मुश्किल बढ़ने लगी है। यहां किसी मरीज की फाइल ढूंढना अब नाको चने चबाने जितना मुश्किल हो गया है। हालांकि हॉस्पिटल मैनेजमेंट अब आने वाले दिनों में इन फाइलों को कंप्यूटराइज्ड रखने की तैयारी भी कर रहा है, लेकिन उसके लिए भी मैनपावर की आवश्यकता होगी।

**कमेटी का होगा गठन**

रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय करने से पहले इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इन दिनों इसको लेकर सोलन हॉस्पिटल मैनेजमेंट कसरत कर रहा है। इस कमेटी में हॉस्पिटल के ही चार से पांच डॉक्टरों को रखा जाएगा। इनकी निगरानी में पहले सारा रिकॉर्ड इकट्ठा होगा और उसके बाद यह तय किया जाएगा कि इसमें से कौन सा ऐसा रिकॉर्ड है जो नष्ट करना है। हालांकि डेथ-बर्थ का रिकॉर्ड पहले की तरह ही रहेगा। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने साफ कर दिया है कि 1992 से 2020 तक का पूरा रिकॉर्ड हॉस्पिटल मैनेजमेंट डिस्ट्रॉय करने जा रहा है, लेकिन इस अवधि में जो भी बच्चे हॉस्पिटल में पैदा हुए हैं या फिर जिन लोगों की यहां डेथ हुई है, उनका रिकॉर्ड जस का तस रखा जाएगा।

"अस्पताल में एडमिट मरीजों का रिकॉर्ड 1992 से अब तक मेंटेन रखा गया पर इससे मेंटेन रखना चुनौती बना हुआ है। इसका डिजिटाइजेशन कर 2020 तक का पुराना रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय किया जाएगा। इसके लिए पूरा रिकॉर्ड सबमिट किया जाएगा और उसके बाद उसे डिस्ट्रॉय कर दिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को अपना पुराना रिकॉर्ड चाहिए तो वह हॉस्पिटल में संपर्क कर सकता है अन्यथा बाद में यह रिकॉर्ड नहीं मिल पाएगा।
– डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।


# स्यार में लाखों रुपए की लागत से लगाई गई हाई मास्ट लाइट बंद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

स्यार में जल शक्ति विभाग के सामने ग्राम पंचायत दाड़लाघाट द्वारा लाखों रुपए की लागत से लगाई गई हाई मास्ट लाइट पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है।

हैरानी की बात है कि इस ओर न तो ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों का ध्यान जा रहा है और न ही प्रशासन कोई संज्ञान ले रहा है। इसके अलावा पंचायत द्वारा सड़क किनारे लगाई गई स्ट्रीट लाइटें भी लंबे समय से बंद हैं। लाइटें बंद होने से स्थानीय लोगों और दुकानदारों को रात के समय सड़क पार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। कई दिनों से शिकायतों के बावजूद न ग्राम पंचायत दाड़लाघाट और न ही विद्युत विभाग के अधिकारियों की ओर से इस समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम उठाया गया है। स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों का कहना है कि कस्बे को रोशन करने के उद्देश्य से लगाई गई हाई मास्ट लाइटें तथा सड़क किनारे की लाइटें पंचायत की अनदेखी के कारण अब अंधेरे में बुत की तरह खड़ी हैं। जिस लाइट से पूरे क्षेत्र में उजाला होता था, वह अब शोपीस बनकर रह गई है।

लोगों ने बताया कि लाइटें ठीक न होने से चोरी जैसी वारदातों की आशंका बढ़ गई है। वहीं तेज रफ्तार वाहनों के बीच हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस समस्या का खामियाजा आम जनता, दुकानदारों और



खराब पड़ी हाई मास्ट लाइट।

राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत तथा संबंधित विभागों से जल्द से जल्द लाइटें ठीक करवाकर क्षेत्र में पूर्व की भांति रोशनी बहाल करने की मांग की है।

उधर, कनिष्ठ अभियंता विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट हितेश गौतम का कहना है कि हाई मास्ट लाइट का रख-रखाव ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के अधीन है। वहीं, सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जा रहा है और इन्हें जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। प्रधान ग्राम पंचायत दाड़लाघाट बंसी राम भाटिया का कहना है कि इस मास्ट लाइट को कई बार ठीक करवाया जा चुका है, लेकिन यह बार-बार खराब हो जाती है। पंचायत के पास इसे लगातार दुरुस्त करने के लिए पर्याप्त बजट नहीं है।

## सिरमौर में कोटपा अधिनियम सख्ती से किया जा रहा लागू : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने कहा है कि सिरमौर जिला में कोटपा अधिनियम को सख्ती से लागू किया जा रहा है और नियमों की अवहेलना कर रहे तंबाकू विक्रेताओं के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है जिसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रियंका वर्मा ने नाहन कैंट स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

डीसी प्रियंका वर्मा ने कहा कि सिरमौर जिला में कोटपा अधिनियम को सख्ती से लागू करते हुए ऐसे तंबाकू विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जो शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बेच रहे है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है उन्होंने समाज को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए शुरू किए गए अभियान में समाज के लोगों से भी सहयोग की अपील की। वार्षिक समारोह में पहुंची डीसी ने स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलकूद गतिविधियों में भी भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैंट स्कूल के बच्चों ने साल भर में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जो बेहद सराहनीय है।

## सोलन कॉलेज में 'हैवी मेटल्स पॉल्यूशन इन डस्ट' विषय पर हुई कार्यशाला

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय सोलन के केमिस्ट्री क्लब लावोईसीएर ने 'हैवी मेटल्स पोल्लुशन इन डस्ट' विषय पर एक इंटरेक्टिव लेक्चर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग



सोलन कॉलेज में कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

लिया। इस सत्र के संसाधन व्यक्ति डॉ. विकास भारद्वाज, निदेशक (रसायन), जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ रहे।

उन्होंने धूल में भारी धातुओं के स्रोत, प्रभाव और पर्यावरणीय जोखिमों को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने संसाधन व्यक्ति का स्वागत किया और छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने तथा प्रदूषण नियंत्रण के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार और डॉ. अनिल ठाकुर भी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. रमेश कुमार ने संसाधन व्यक्ति, प्राचार्या तथा विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने केमिस्ट्री क्लब-लैवॉजियर के सदस्यों के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की, जिनकी बदौलत कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सोलन में पशु प्रेमियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में पशु प्रेमियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान में लगभग 50 से अधिक लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और करीब 140 नागरिकों ने इस पिटीशन पर हस्ताक्षर किए। यह पिटीशन उस निर्णय के विरोध में है, जिसके अनुसार देशभर के स्कूलों, कॉलेजों, न्यायालय परिसरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों से जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया है। पशु-प्रेमियों का मानना है कि जब तक सरकार पशुओं के पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन और सुरक्षित व्यवस्था नहीं बनाती, ऐसे कदम उठाना अमानवीय और अव्यवहारिक है। वर्तमान में किसी भी संस्था या व्यक्ति के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि इन सभी जानवरों को एक साथ सुरक्षित रूप से एकत्रित कर, उनका संपूर्ण संरक्षण और देखभाल कर सकें। पशु प्रेमियों ने सरकार एवं संबंधित प्राधिकरणों से आग्रह किया है कि इस निर्णय को पुन: विचाराधीन रखा जाए और पहले पुनर्वास, भोजन, चिकित्सा व आश्रय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## रेणुकाजी बांध विस्थापितों ने प्रबंधन पर लगाए अनदेखी के आरोप



मोहतु गांव के बांध विस्थापित पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

अनंत ज्ञान,नाहन

रेणुका जी बांध विस्थापितों ने बांध प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर विस्थापितों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं जिला मुख्यालय नाहन में शनिवार को क्षेत्र के मोहतु गांव के बांध विस्थापित पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बांध विस्थापितों ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन द्वारा असल भूमि मालिकों को उनका मालिकाना हक नहीं दिया गया और गलत तरीके से उनकी जमीनों का पैसा दूसरे लोगों को दिया गया जो पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने यह भी कहा कि बाँध विस्थापितों को अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि उनको किस किस्म की जमीन का कितना मुआवजा दिया जा रहा है जिससे बाँध विस्थापित असमंजस की स्थिति में है।

बांध विस्थापितों का यह भी आरोप है कि प्रबंधन अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि कौन विस्थापित हाउसलेस है और कौन लैंडलेस। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक यह भी तय नहीं हो पाया है कि बांध विस्थापितों को किस स्थान पर विस्थापित किया जाएगा। बांध विस्थापितों ने सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि बांध विस्थापितों उनके मालिकाना हक दिया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## राकेश डोगरा ने राजस्व मंत्री के संघ के विरुद्ध बयान पर जताई कड़ी आपत्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने धर्मशाला विधानसभा में राजस्व मंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संबंध में दिए गए असत्य, आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा किया गया यह वक्तव्य न केवल प्रदेश की राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि उन करोड़ों स्वयंसेवकों का भी गहरा अपमान है, जो राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों में लगातार समर्पित रहते हैं।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी, अनुशासित और समाजोन्मुख संगठन है, जिसने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्पक्ष भाव से समाज की सेवा की है। ऐसे संगठन पर इस प्रकार की छिछली और भ्रामक टिप्पणी किसी भी मंत्री के पद की मर्यादा के अनुरूप नहीं है और यह प्रदेश की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है। राकेश डोगरा ने स्पष्ट कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बयान की कड़ी निंदा करती है और यह मांग करती है कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, ताकि प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति की शुचिता और गरिमा बनी रहे।

## अक्षिव दत्ता ने बैडमिंटन चैंपियनशिप डबल्स मुकाबले में जीता ब्रॉन्ज मेडल

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि जिला सोलन के अक्षिव दत्ता ने पंजाब विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 बैडमिंटन चैंपियनशिप में डबल्स मुकाबला खेला, जिसमें उनकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 23 नवंबर से 29 नवंबर तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित हुई।

जिला सोलन बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव यदविंदर सेन ने बताया कि अक्षिव दत्ता अपनी टीम के एकमात्र खिलाड़ी थे, जो इस पूरे चैंपियनशिप में अपराजित रहे। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में ब्रॉन्ज मेडल हासिल करना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है और वह ऐसा करने वाले जिले के पहले खिलाड़ी बने हैं। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन सोलन के अध्यक्ष विजय वर्मा ने भी अक्षिव दत्ता को राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि अक्षिव ने पूरे हिमाचल प्रदेश की बैडमिंटन बिरादरी को गर्व महसूस कराया है। पूरे जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से उन्होंने अक्षिव को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उनके



खेलो इंडिया में ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद अक्षिव दत्ता।

माता-पिता को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और आश्वस्त किया कि एसोसिएशन भविष्य में हर क्षेत्र में उनका सहयोग करती रहेगी। अक्षिव के माता-पिता ने सभी उन व्यक्तियों का दिल से धन्यवाद किया जिन्होंने हर कदम पर अक्षिव का मार्गदर्शन किया और उसकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से योगेश चौहान, ईशान सर और विवेक सर का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में अक्षिव इस समय अभ्यास कर रहा है, साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और कोचों का भी धन्यवाद किया।

## जगत सिंह नेगी द्वारा आरएसएस पर की गई बयानबाजी राष्ट्र विरोधी : मेला राम शर्मा

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिला के भाजपा नेताओं ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की है। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत, मेला राम शर्मा और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर आदि नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करके राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा विधानसभा के भीतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में की गई अनाप-शनाप बयानबाजी को राष्ट्र विरोधी करार दिया है।



मीडिया में बयान जारी करते भाजपा नेता।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण के कार्यों और व्यक्ति निर्माण के कार्यों में सदैव अपनी अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस एकमात्र ऐसा संगठन है जो राष्ट्र एवं सनातन के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। भाजपा नेताओं ने कहा की राजस्व मंत्री को अपनी और विधानसभा की संवैधानिक गरिमा को ध्यान में रखते हुए अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय समुदाय किन्नौर की शालीनता और सौहार्द स्वभाव की संस्कृति को भी तार तार किया है और किन्नौर संस्कृति की मान मर्यादाओं को लांघकर विधानसभा के भीतर अनाप-शनाप बयानबाजी करना एक मंत्री पद पर आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता।

भाजपा नेताओं ने जगत सिंह नेगी को उद्दंड और बेलगाम मंत्री बताते हुए विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि ऐसे अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले मंत्री को विधानसभा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा नेताओं ने नेगी को याद कराते हुए कहा की क्या वह मंडी जिले के सराज क्षेत्र में उनके ऊपर फेंके गए जूते की वारदात को भूल गए हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि वह इसी तरह अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहे तो प्रदेश के दूसरे क्षेत्रों में भी उनके साथ जूत-पुलाव होते हुए देर नहीं लगेगी।

## धौला कुआं में सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते सिगरेट के धुएं से लोग परेशान

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** धौला कुआं क्षेत्र में इन दिनों शाम होते ही सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर सिगरेट के धुएं की समस्या गंभीर होती जा रही है। बाजार, बस स्टैंड और मुख्य चौराहों पर खुलेआम धूम्रपान से राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यह समस्या सीमित थी, लेकिन अब शाम के समय सड़कों पर धुएं का गुबार साफ नजर आने लगा है। चिंताजनक बात यह भी सामने आ रही है कि बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों से जुड़ी कुछ युवतियां भी खुलेआम सिगरेट पीती देखी जा रही हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर सख्ती से रोक लगाई जाए, चालान काटे जाएं और नियमित निगरानी की जाए, ताकि आम लोगों को इस जहरीले धुएं से राहत मिल सके।

**शिकंजा**

**एनसीबी ने जारी किए गैर-जमानती वारंट, जहरीले कफ सिरप और साइकोट्रोपिक डायवर्जन में बड़ा खुलासा**

# कालाअंब के डिजिटल विजन के मालिकों के खिलाफ वारंट जारी

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** लंबे समय से चल रहा है ड्रग डायवर्सन नेटवर्क के खिलाफ अब नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ( एनसीबी ) ने सख्त कार्रवाई आरंभ कर दी है। इसी कड़ी में जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कलाअंब स्थित डिजिटल विजन के तीन मालिकों के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए हैं।

**600 करोड़ का ड्रग रैकेट मामला**




बता दें कि चंडीगढ़ से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में यह मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद एनसीबी ने डिजिटल विजन के मालिकों के खिलाफ साइकॉट्रॉपिक पदार्थों के अवैध डायवर्सन के लिए गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं, जिसके चलते अब डिजिटल विजन के तीनों मालिकों की गिरफ्तारी तय है।

गौर हो कि जिला सिरमौर के कालाअंब स्थित डिजिटल विजन फार्मा के एक जहरीले कफ सिरप के मामले में लंबे समय से जांच चल रही थी। बताते हैं कि इस कफ सिरप के सेवन से फरवरी 2020 में उधम सिंह नगर में 12 शिशुओं की मौत हो गई थी जिसके बाद डिजिटल विजन के उत्पादों की जांच शुरू की गई और यह तय हुआ कि जिस कफ सिरप से बच्चों की मौत हुई वह कफ सिरप डिजिटल विजन फर्म द्वारा निर्मित किया जा रहे थे। सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के मुताबिक 600 करोड़ रुपए के ड्रग डायवर्जन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में चंडीगढ़ स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद कालाअंब स्थित डिजिटल विजन के मालिकों के खिलाफ साइकॉट्रॉपिक पदार्थों के अवैध डायवर्जन के लिए गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं।

अंबाला निवासी पुरुषोत्तम लाल गोयल और उनके बेटे कोनिक गोयल और मानिक गोयल, सात राज्यों में फैले अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए एजेंसी के रडार पर हैं। इससे पहले, फर्म के पार्टनर अनुज कुमार को एजेंसी ने एक नवंबर को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच कर रही एनसीबी की विशेष जांच टीम ने एजेंसी के अधिकारियों को बताया कि एक नई जांच में 611 किलोग्राम से अधिक साइकोट्रोपिक पाउडर, 573 किलोग्राम ट्रामाडोल बल्क मिश्रण और 12 लाख साइकोट्रोपिक गोलियां, 50,000 ट्रामाडोल एम्पुल और 5,000 मिडाजोलम शीशियां जब्त की हैं। इस नई जब्ती के साथ, 34 लाख से ज्यादा साइकॉट्रॉपिक टैबलेट, 10.57 लाख कफ सिरप की बोतलें, 1613 किलोग्राम कच्चा माल और 573 किलोग्राम ट्रामाडोल बल्क मिश्रण का भंडाफोड़ हुआ है, जिसमें सात राज्यों में फैले 600 करोड़ रुपए के ड्रग डायवर्जन नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है।

**अब तक 15 लोगों को हो चुकी है गिरफ्तारी**

**एजेंसी** अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के अनुसार, मेसर्स डिजिटल विजन साइकॉट्रॉपिक पदार्थों के अवैध डायवर्जन के लिए एक बड़े पैमाने पर अंतरराज्यीय नेटवर्क में प्राथमिक निर्माण और आपूर्ति स्रोत के रूप में काम करता था। जांच से पता चला है कि फर्म ने जोधपुर और देहरादून की फर्जी वितरक फर्मों को ट्रामाडोल कैप्सूल और कोडीन फॉस्फेट कफ सिरप की एक बड़ी खेप व्यवस्थित रूप से आपूर्ति की, जो केवल कागजों पर ही मौजूद थीं। गौर हो कि डिजिटल विज़न फार्मा के पहले भी एक जहरीले कफ सिरप से संबंधित मामले में उलझी हुई थी, जिसके सेवन से फरवरी 2020 में उधमपुर में 12 शिशुओं की मृत्यु हो गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### गीता जीवन का मार्ग, शांति का स्रोतः मनोहर लाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता जीवन जीने का मार्ग और शांति का स्रोत है। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर अर्जुन को दिया गया कृष्ण का उपदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत के काल में था। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, महामंडलेश्वर अवधेशानंद महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि गीता महोत्सव अब देश-विदेश में आयोजित होने लगा है, जिससे इसका संदेश वैश्विक स्तर पर फैल रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति, समाज और नेतृत्व के हर क्षेत्र में गीता का कर्तव्य-केन्द्रित संदेश मार्गदर्शक है। मुख्यातिथियों ने भी गीता को मानवता का शाश्वत ज्ञान बताया। धामी ने कहा कि कुरुक्षेत्र अब अंतरराष्ट्रीय गीता भूमि के रूप में स्थापित हो चुका है। धर्मेंद्र लोधी ने गीता को योग, ब्रह्मविद्या और मनोविज्ञान की सर्वोत्तम कृति बताया। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता का ज्ञान विश्व शांति का मार्ग है। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन और गीता पूजन के साथ संत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

### नगर परिषद भूमि की जल्द हो चारदीवारी : विपुल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने रेवाड़ी में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 14 परिवादों की सुनवाई की, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। मंत्री ने रेवाड़ी नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में परिषद की सभी भूमि की निशानदेही कराकर उनकी चारदीवारी के लिए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। बैठक में नयागांव दौलतपुर स्थित नगर परिषद भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उन्होंने कहा कि कोर्ट में प्रभावी पैरवी के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया जाए और जिन भूखंडों का निर्णय हो चुका है, उनकी चारदीवारी सात दिनों के भीतर टेंडर कराई जाए। पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायत पर मंत्रि ने निर्देश दिए कि जब तक कॉलोनी में स्थायी जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं बनती, बिल्डर निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराता रहे। पानी में टीडीएस अधिक पाए जाने पर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। साथ ही ओसी जारी करने में लापरवाही पाए जाने पर नगर योजनाकार विभाग के संबंधित अधिकारी को रूल-7 के तहत चार्जशीट करने के आदेश दिए। भूमि विक्रय विवाद में पूर्व तहसीलदार को चार्जशीट करने और दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश भी जारी किए। बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, उपायुक्त अभिषेक मीणा सहित अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वदेशी से ही मजबूत होगा देश : नागर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाना होगा और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी होगी। आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान के तहत बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित रेल यात्री संपर्क कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर उन्होंने लोगों से भारतीय उत्पाद खरीदने की अपील की। इस दौरान मंत्री एवं कार्यकर्ताओं ने स्टेशन परिसर में स्वदेशी अपनाओ के स्टिकर लगाकर यात्रियों को जागरूक किया। मंत्री ने बताया कि पूरे हरियाणा में यह अभियान सक्रिय रूप से चल रहा है और राज्यभर में जल्द ही ऐसी स्वदेशी दुकानें शुरू की जाएंगी, जहां केवल भारतीय उत्पाद उपलब्ध होंगे। रोहतक में खेल अभ्यास के दौरान एक खिलाड़ी की मृत्यु पर उन्होंने गहरा दुख व्यक्त किया। नागर ने कहा कि सरकार ने तत्काल कार्रवाई की है और सभी जिलों के अधिकारियों को स्टेडियमों एवं खेल सुविधाओं की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कार्यक्रम में समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

# हरियाणा की बहनों ने मेहनत से देशभर में कमाया सम्मान : मुख्यमंत्री सैनी

## सरकार ने 65 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को बनाया सशक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की बहनों ने अपनी मेहनत, कौशल और इच्छाशक्ति से न सिर्फ अपने परिवारों को सशक्त बनाया है, बल्कि पूरे देश में हरियाणा का नाम रोशन किया है। यह आत्मनिर्भर भारत की वह सच्ची तस्वीर है जहां हर घर में हुनर है और हर हाथ को काम मिला है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित स्वयं सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह आज आत्मनिर्भर भारत के वास्तविक स्तंभ बन चुके हैं। जब कोई महिला सिलाई मशीन से काम शुरू करती है, डेयरी खोलती है या हस्तशिल्प तैयार करती है, तो वह केवल आय अर्जित नहीं करती, बल्कि समाज के भविष्य की दिशा तय करती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार अब तक 65,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त कर चुकी है। लाखों महिलाएं बैंक ऋण, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग और विपणन सहायता के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं। प्रदेश की महिलाएं पापड़, अचार, डेयरी उत्पाद, हस्तशिल्प, जैविक खेती, डिजिटल सेवाओं और छोटे उद्योगों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। आज वे डिजिटल पेमेंट, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन मार्केटिंग में भी दक्षता दिखा रही हैं।

सीएम सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में हरियाणा के स्वयं सहायता समूहों की सराहना की है। रोहतक जिले की ब्लॉक प्रिंटिंग इकाई में 250 से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण लेकर काम कर रही हैं। गुरुग्राम के शंकर की ढाणी गांव की 250 महिला सदस्य डेयरी और मोटे अनाज आधारित उत्पादों से अपनी आजीविका चला रही हैं। चांदू गांव की पूजा शर्मा को 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था—यह महिलाओं की बदलती भूमिका और सफलता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट के तहत स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों का कौशल और अनुभव अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म उद्योगों की निवेश सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए, लघु उद्योगों की 10 करोड़ और मध्यम उद्योगों की 50 करोड़ रुपए कर दी गई है। स्वयं सहायता समूहों को अब तक 548 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता जारी की जा चुकी है। रिवॉल्विंग फंड को 10,000 से बढ़ाकर 20,000 रुपए और सामुदायिक निवेश निधि को 50,000 से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपए कर दिया गया है। पांच लाख रुपए तक के ऋण पर स्टांप शुल्क भी माफ है।

# केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



रेलवे, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को स्टेशन के आधुनिकीकरण परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। विस्तृत समीक्षा के बाद, अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर खुशी जताई। निरीक्षण के दौरान, रेलवे और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के राज्य मंत्री रवनीत सिंह, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए, वैष्णव ने कहा कि चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास स्टेशन के तौर पर पुनर्विकसित किया जा रहा है। कई इनोवेशन किए गए हैं, जिनमें से एक मॉड्यूलर डिजाइन है, जिसमें प्री-फैब्रिकेटेड डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है। यह स्टेशन रूफ प्लाजा के जरिए पंचकूला और चंडीगढ़ शहर के दो सिरों को जोड़ेगा। स्टेशन को 462 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। काम तेजी से चल रहा है। टीम स्टेशन को तेजी से पुनर्विकसित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर विश्व-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। चंडीगढ़ स्टेशन एक मुख्य गेटवे के तौर पर बहुत अहमियत रखता है, जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब की प्रसिद्ध जगहों पर जाने वाले ज्यादातर पर्यटकों और यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने सेमी कंडक्टर लेबोरेटरी, मोहाली का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने एससीएल में रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने बताया कि एससीएल को 4500 करोड़ रुपए के निवेश से आधुनिक बनाकर विस्तार दिया जा रहा है। एससीएल लेटेस्ट टेक्नोलॉजी अपना रहा है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चंडीगढ़ में रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम सफल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया केंद्रीय कार्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय रिटेल ऋण आउटरीच अभियान के तहत चंडीगढ़ क्षेत्र में शनिवार को एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई से पधारे महाप्रबंधक डीके अर्जवानी ने की। क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और एसडी कॉलेज, सेक्टर-32 के प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को सेंट गृह लक्ष्मी योजना, सेंट होम लोन, सेंट व्हीकल लोन और सेंट गोल्ड लोन सहित प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं की जानकारी दी। ग्राहकों की शंकाओं के समाधान हेतु प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। मुख्यातिथि डीके अर्जवानी ने बैंक की रिटेल योजनाओं, ग्राहक सेवा पहल और डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सेंट ईज' के महत्व पर प्रकाश डाला तथा साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में 45.45 करोड़ रुपए रिटेल ऋण स्वीकृत किए गए।

# लीमा ने पाम ऑयल और भ्रामक लेबल्स पर दूर कीं गलतफहमियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उपभोक्ताओं में खाद्य तेलों को लेकर भ्रम और ऑनलाइन गलत सूचनाओं के बीच, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने छह-भाग की नई पॉडकास्ट सीरीज लॉन्च की है। इसका उद्देश्य भारतीय परिवारों को विज्ञान-आधारित और सोच-समझकर विकल्प अपनाने में मदद करना है। सीरीज के पहले दो एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ और क्रिएटर लीमा महाजन को अतिथि के रूप में बुलाया गया।



उन्होंने स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबलों पर चर्चा करते हुए कई मिथकों को तोड़ा। पहले एपिसोड में उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी तेल पूरी तरह स्वस्थ या हानिकारक नहीं है, संतुलन और रोटेशन जरूरी हैं। दूसरे एपिसोड में उन्होंने 'नो पाम ऑयल' लेबल की भ्रामकता पर ध्यान दिलाया और श्रोताओं को पैकेट दावों से परे देखने के लिए कहा। सीरीज में बताया गया कि पाम ऑयल में टोकोट्राइनॉल्स और कैरोटेनॉइड्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं और यह कोलेस्ट्रॉल-मुक्त होता है। आईसीएमआर-एनआईएन 2024 दिशानिर्देशों के अनुसार, संतुलित आहार में विभिन्न प्लांट-बेस्ड तेलों का रोटेशन जरूरी है, जिसमें पाम ऑयल भी एक स्वस्थ विकल्प है।

# आर्किटेक्ट शिवदत्त शर्मा को मिला प्रतिष्ठित फ्रांसीसी सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत में फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने प्रख्यात आर्किटेक्ट शिवदत्त शर्मा को फ्रांस के प्रतिष्ठित सम्मान शेवेलियर डीएल'ऑर्दे डेस आर्ट्स एट डेस लेटर्स (नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स) से नवाजा। यह प्रतिष्ठित फ्रांसीसी सम्मान उन्हें आधुनिक आर्किटेक्टचर में उनके असाधारण योगदान, स्विस-फ्रेंच आर्किटेक्ट ले कॉर्बूजिए की विरासत के प्रति उनके जीवनभर के समर्पण, और भारत-फ्रांस के बीच सांस्कृतिक संवाद को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए दिया गया।

स्वयं सीखे हुए शर्मा ने चंडीगढ़ में अपने करियर की शुरुआत की और ले कॉर्बूजिए की टीम में शामिल होकर गवर्नमेंट म्यूजियम और म्यूजियम ऑफ एवोल्यूशन ऑफ लाइफ जैसी परियोजनाओं में योगदान दिया। बाद में इसरो में चीफ आर्किटेक्ट के रूप में उन्होंने अनुसंधान परिसरों को स्थानीय जलवायु और संसाधनों के अनुरूप डिजाइन किया। सम्मान स्वीकारते हुए शर्मा ने इसे अत्यंत प्रतिष्ठित बताते हुए फ्रांस की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। उनके कार्य और 'शर्मा प्रैक्टिस' ने आधुनिक भारतीय आर्किटेक्टचर में एक विशिष्ट पहचान और पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्थापित की है।

## देश-विदेश

# पाकिस्तानी नेता बोले- गुजरात हरियाणा और राजस्थान हमारे हैं

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मंत्री सैयद सरदार अली शाह ने कहा कि गुजरात, हरियाणा और राजस्थान हमारे हैं। उन्होंने कहा कि हम इसे साबित करके दिखाएंगे। सिंध असेंबली में अली शाह ने भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सिंध से जुड़े बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अगर भारत सिंध पर टिप्पणी कर सकता है, तो वे भी भारत के राज्यों पर दावा कर सकते हैं।

दरअसल राजनाथ सिंह ने 23 नवंबर को कहा था कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए।

पाकिस्तान ने सोमवार को राजनाथ के बयान पर आपत्ति जताते हुए उसे गलत, भड़काऊ और खतरनाक बताया था। पाकिस्तान ने कहा कि ऐसे बयान अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की तय सीमाओं के खिलाफ हैं। पाकिस्तान ने मांग की कि भारत के नेता इस तरह के बयान से बचें, क्योंकि इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। पाकिस्तान ने भारत के अंदरूनी मामलों पर बयानबाजी करते हुए कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 248 पहुंची

**एजेंसी, अगम।** इंडोनेशिया में भूकंप और सुनामी के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 248 हो गई है तथा अधिकारियों को मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। भूकंप और सुनामी के कारण तबाह हुए इंडोनेशिया के कई क्षेत्रों में प्रभावित लोगों तक पहुंचने के लिए देश के बचावकर्मियों को शनिवार को संघर्ष करना पड़ा। सड़कें खराब होने और संचार बाधित होने से इन इलाकों से संपर्क कट गया है और राहत एवं बचाव विमान उत्तरी सुमात्रा प्रांत के मध्य तपनौली जिले व अन्य जिलों में मदद और आपूर्ति पहुंचा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# न्यायाधीशों का काम तनावपूर्ण, मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेना जरूरी : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधान** न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीशों का काम घंटों लंबा होने के साथ-साथ अत्यंत तनावपूर्ण होता है, जिसके लिए उन्हें अवकाश के दौरान स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। 'अखिल भारतीय न्यायाधीश बैडमिंटन चैंपियनशिप' के उद्घाटन समारोह में मीडिया से बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि न्यायधीशों को अपनी उम्र के हिसाब से मनोरंजन गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'न्यायाधीशों के काम के घंटे लंबे होते हैं और उनके काम का स्वरूप बहुत तनावपूर्ण होता है। बैठने के घंटे भी लंबे होते हैं। सभी न्यायाधीशों को किसी मनोरंजक गतिविधि में हिस्सा लेना चाहिए और इसे अपनी आदत बना लेनी चाहिए। उन्हें खुद को तरोताजा करने के लिए मनोरंजन की जरूरत होती है।' सीजेआई कांत ने कहा कि 'उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बड़ी संख्या में इस समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि वे अपने स्वास्थ्य और भलाई को लेकर सचेत हैं।' इस समारोह में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मौजूद थे। समापन और पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता रविवार को पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# लेबनान सेना ने इसराइल सीमा पर बढ़ाई सैनिकों की संख्या

**एजेंसी, जिबकिन वैली (लेबनान)**

**लेबनान** की सेना ने इसराइल की सीमा से लगे क्षेत्रों में अपने सैनिकों की संख्या में बढ़ोतरी की है। इसराइल और हिज्बुल्ला के बीच 14 महीने तक युद्ध के दौरान लेबनान की सीमा से सटे ये इलाके भी प्रभावित हुए थे।

**10,000 सैनिकों को सीमा पर किया तैनात**

लितानी नदी के दक्षिण एवं इजराइल की सीमा के उत्तर में स्थित इस क्षेत्र के कुछ हिस्से पहले हिज्बुल्ला का गढ़ हुआ करते थे। सेना के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इसराइल-हिज्बुल्ला युद्ध समाप्त होने के बाद से लेबनान की सेना ने लगभग 10,000 सैनिकों को सीमा पर तैनात किया है, लितानी नदी के किनारे तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 11 नाकों को बंद कर दिया गया है और भारी मात्रा में अप्रयुक्त आयुध को नष्ट किया जा रहा है। सेना के जवान शुक्रवार को स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के दर्जनों पत्रकारों को सीमा से लगे दुर्गम इलाकों के दौरे पर ले गये। सैनिक उन जगहों पर देखे जा सकते थे, जहां कभी हिज्बुल्ला के लड़ाके होते थे। (अनंत ज्ञान)

# नौसेना को मिला चौथा स्वदेशी एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरि'

## भारत को समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में होगी आसानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**मझगांव** डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित नीलगिरि श्रेणी का चौथा युद्धपोत तारागिरी मुंबई में शनिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत बनाया गया यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता पाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।

यह फ्रिगेट कई तरह से इस्तेमाल होने वाले मल्टी-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्धपोत प्रोजेक्ट-17 अल्फा फ्रिगेट्स (पी-17ए) का हिस्सा है, जो गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट्स का एक वर्ग है, जिसका निर्माण वर्तमान में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में नौसेना के लिए किया जा रहा है। एमडीएल में प्रोजेक्ट 17 ए के तहत सात स्टेल्थ फ्रिगेट बनाए जा रहे हैं, जिसमें से दूसरा जहाज 'उदयगिरि' इसी साल 01 जुलाई को सौंपा गया था।

अग्रिम पंक्ति के मल्टी मिशन स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 अगस्त को विशाखापत्तनम के नौसेना बेस पर नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल किया। 'तारागिरि' (यार्ड 12653) नीलगिरि श्रेणी का चौथा युद्धपोत है, जिसे आज नौसेना को सौंपा गया है। नौसेना के मुताबिक तारागिरि पहले के आईएनएस तारागिरि का नया रूप है, जो एक लिएंडर-क्लास फ्रिगेट था। यह जहाज 16 मई 1980 से 27 जून 2013 तक भारत के समुद्री बेड़े का हिस्सा था, जिसने देश को 33 साल की शानदार सेवा दी। यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट फ्रिगेट नेवल डिजाइन, स्टेल्थ, फायरपावर, ऑटोमेशन और सर्वाइवेबिलिटी में एक बड़ी छलांग दिखाता और वॉरशिप बनाने में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### पाक ने भारत पर पीछे हटने का आरोप लगाया, भारतीय वक्ता बोले- इल्जाम झूठा, ईमेल-कॉल रिकॉर्ड दिखाए

# लंदन में भारत-पाकिस्तान की डिबेट कैंसिल

**एजेंसी, लंदन**

**ब्रिटेन** में ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत-पाकिस्तान के बीच 27 नवंबर को होने वाली डिबेट कैंसिल हो गई। पाकिस्तान और भारत के वक्ताओं को इस डिबेट में हिस्सा लेना था। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर बैठक से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनियन में होने वाली डिबेट से पहले आखिरी मौके पर भाग गए, इसलिए उन्हें 'वॉकओवर' (बिना लड़े मिली जीत) मिल गया। इसके बाद भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक ने आरोपों को झूठा बताते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी टीम ही आखिरी वक्त पर बहस में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद डिबेट को रद्द करना पड़ा। दीपक ने सबूत के तौर पर ईमेल और कॉल रिकॉर्ड पेश किए। उन्होंने कहा कि, भारतीय टीम बहस के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान ने डिबेट कैंसिल करवा दी।

मामले में ऑक्सफोर्ड यूनियन ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है। ऑक्सफोर्ड यूनियन में वीरवार रात भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच डिबेट होना तय था। इस डिबेट को ओयू के अध्यक्ष मूसा हर्राज ने ऑर्गनाइज किया था। मूसा पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो, पूर्व राष्ट्रपति अहमद नवाज और इसरार खान के बाद इसके अध्यक्ष बनने वाले चौथे पाकिस्तानी हैं। मूसा पिछले महीने ह्र के अध्यक्ष बने हैं। वह पाकिस्तान के चर्चित नेता मोहम्मद रजा हयात हर्राज के बेटे हैं। भारत की तरफ से डिबेट में शामिल होने वाले 3 लोग- पूर्व चीफ जनरल एमएम नरवणे, बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट थे। पाकिस्तान की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल जुबैर महमूद हयात, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और पूर्व राजनयिक डॉ. मोहम्मद फैसल शामिल होने वाले थे। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली के बाद मुंबई की हवा हुई जहरीली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की तरह अब मुंबई भी गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में है, जहां औसत एक्यूआई 267 दर्ज किया गया है और कुछ इलाकों में यह 300 के पार है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने लोगों के लिए चेतावनी जारी की है और प्रदूषण कम करने के लिए 'रोड क्लीननेस एंड डस्ट कंट्रोल कैंपेन' शुरू किया है। साथ ही 50 से अधिक कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम रोक दिया गया है।



एक्यूआई 300 के पार

बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी सरकार को सख्त कदम उठाने की चेतावनी दी है। मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए बीएमसी ने 30 नवंबर तक पूरे शहर में 'रोड क्लीननेस एंड डस्ट कंट्रोल कैंपेन' चलाने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही बीएमसी ने मुंबई की 50 से ज्यादा कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम रोक दिया है। साथ ही बीएमसी ने शहर में ग्रैप-4 लागू करने की चेतावनी दी है। (अनंत ज्ञान)

# गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की हिरासत पांच दिसंबर तक बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रत्यर्पित किए गए गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत शनिवार को सात दिन और बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मुख्यालय में अत्यधिक सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई में बिश्नोई की हिरासत पांच दिसंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या और अन्य अपराधों के सिलसिले में वांछित अनमोल को 18 नवंबर को अमेरिका से लाया गया था। उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और करीबी साथी अनमोल को इससे पहले 19 नवंबर को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा गया था। (अनंत ज्ञान)

# 62 की उम्र में दोबारा दूल्हा बने ऑस्ट्रेलियाई पीएम

**एजेंसी, कैनबरा**



**अल्बनीज** ने 46 साल की जोडी हेडन से कैनबरा में पीएम ऑफिस में शादी की। जोडी फाइनेंशियल सर्विस में काम करती हैं। अल्बनीज ने फरवरी 2024 में हेडन से सगाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में पोस्ट किया- मैरिड। उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वे बो-टाई पहनकर अपनी मुस्कुराती दुल्हन का हाथ थामे दिख रहे हैं। अल्बनीज और हेडन सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे, जिसकी सभी लागतें निजी तौर पर उन्होंने अपने खर्च पर उठाई हैं। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की यह दूसरी शादी है। उन्होंने 2019 में अपनी पूर्व पत्नी कार्मेल टेबट से तलाक लिया था। यह शादी 19 साल चली। इस रिश्ते से उनका एक बेटा नाथन है। अल्बनीज और हेडन की मुलाकात 2020 में मेलबर्न में एक बिजनेस डिनर में हुई। थी। हेडन की भी यह दूसरी शादी है। हालांकि हेडन की पहली शादी और तलाक की जानकारी पब्लिक नहीं है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज को उनके अपने 'अल्बो' नाम से बुलाते हैं। एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### स्पिन के खिलाफ कमजोरी पर बोले राहुल-मेरे पास कोई पक्का जवाब नहीं

**एजेंसी, रांची।** कार्यवाहक वनडे कप्तान केएल राहुल ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम की स्पिन के खिलाफ लगातार बढ़ती मुश्किलें चिंता का विषय हैं, लेकिन वे इस गिरावट के ठोस कारण बताने में असमर्थ रहे। हाल के दो सत्रों में घरेलू पिचों पर भारतीय बल्लेबाजी बार-बार स्पिनरों के सामने लड़खड़ाई है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 3-0 और 2-0 की हार ने यह कमजोरी उजागर की है। राहुल ने कहा कि बल्लेबाजों को तकनीकी और रणनीतिक बदलाव करने होंगे और यह प्रक्रिया समय लेने वाली है। टीम उन वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी सुझाव लेगी जिन्होंने स्पिन को बेहतर ढंग से खेला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज तक टीम बेहतर तरीके से तैयार होगी। राहुल ने रांची की पिच को अनदेखा बताया, लेकिन पिछले मुकाबलों के आधार पर इसे रन बनाने के लिए अनुकूल बताया। टीम संयोजन पिच की स्थिति देखकर तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। कोहली की स्ट्राइक रोटेशन क्षमता की भी उन्होंने सराहना की। रविंद्र जडेजा की वापसी को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। ऋषभ पंत को अंतिम एकादश में शामिल करने पर कोई टिप्पणी न करते हुए उन्होंने संकेत दिया कि पंत केवल बल्लेबाज के रूप में भी खेल सकते हैं। एमएस धोनी की संभावित मौजूदगी पर उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों का उत्साह बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### मलेशिया, नीदरलैंड ने पुरुष जूनियर विश्व कप में जीत से की शुरुआत

**एजेंसी, मदुरै।** मलेशिया और नीदरलैंड ने शनिवार को यहां पूल-ई के मैचों में क्रमशः ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड को हराकर एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। मलेशिया ने दिन के पहले मैच में ऑस्ट्रिया को 5-1 से जबकि नीदरलैंड ने इंग्लैंड को 5-3 से हराया। मलेशिया के लिए दानिश खैरिल (56वें और 57वें मिनट) ने दो जबकि हैरिस उस्मान (28वें मिनट), एडम जोहरी (47वें मिनट) और नवीनेश पनिकर (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। ऑस्ट्रिया का एकमात्र गोल 56वें मिनट में जूलियन कैसर ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इससे पहले नीदरलैंड की इंग्लैंड पर जीत में जान वैनट लैंड (दूसरे और 49वें मिनट) ने दो मैदानी गोल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अलावा कैस्पर वैन डेर वीन (26वें मिनट) ने भी एक मैदानी गोल किया, जबकि जोप्पे वोलबर्ट (39वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर और डैनिलो ट्राइलिंग (54वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड के लिए गोल कैडेन ड्रेसी (11वें), माइकल रॉयडेन (29वें) और जॉर्ज फ्लेचर (49वें) ने किए। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में मिताली पारुलकर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



## वनडे क्रिकेट | रोहित-कोहली पर फोकस, सीरीज दिग्गजों की 2027 विश्व कप उम्मीदों के लिए अहम

# भारत-द. अफ्रीका के बीच रांची में महामुकाबला आज

**एजेंसी, रांची**



अब केवल वनडे में खेल रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिससे वह 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा भी मजबूत करने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन इस सीरीज से चयन संबंधी समस्याओं का समाधान भी करना चाहेगा। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज के दौरान चयन संबंधी मसलों के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा था।

रोहित और कोहली दोनों अब केवल एक ही अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में खेलते हैं। भारत को अगले दो महीनों में केवल छह एकदिवसीय मैच खेलने हैं। दक्षिण अफ्रीका के बाद भारतीय टीम तीन जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन वनडे मैच की सीरीज खेलेगी। ऐसे में सभी की निगाह भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों रोहित और कोहली पर टिके रहना स्वाभाविक है।

इन मैचों में उनके प्रदर्शन का 2027 के वनडे विश्व कप में उनकी संभावनाओं पर सीधा असर पड़ सकता है। हो सकता है कि यह उनके विश्व कप के भाग्य को पक्का न करे, लेकिन यह मैच उनके लिए ऑडिशन की तरह हो सकते हैं जिससे उनके भविष्य की राह भी सुनिश्चित होगी। संयोग से 2013 में इसी जेएससीए स्टेडियम में रोहित शर्मा पहली बार पूर्णकालिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले थे जिससे सीमित ओवर की क्रिकेट में उनका करियर ही बदल दिया। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी एक दशक से भी अधिक समय बाद फिर से यहां पहुंचा है जहां वह अपने करियर को फिर से नहीं दिशा देने की कोशिश करेगा।

भारत की यह एकदिवसीय सीरीज अगले वर्ष घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले खेली जा रही है जिसमें खिलाड़ियों का प्रदर्शन उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है। दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में दोनों मैच में हारने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर भी जांच के दायरे में हैं हालांकि उनके पद को किसी तरह का खतरा नहीं है क्योंकि उनका अनुबंध 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक है।

टेस्ट में मिली हार के बाद उनके रणनीतिक फैसलों और टीम चयन पर सवाल उठे। मुख्य कोच का पद संभालने के बाद से उनकी यह दूसरी बड़ी विफलता थी। ऐसे में यहां वनडे सीरीज गंभीर के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और सीमित ओवरों में भारत की दिशा को स्पष्ट करने का एक अहम मौका है।

अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए वनडे उनकी तात्कालिक प्राथमिकता नहीं होगी, फिर भी गंभीर भारत की सीमित ओवरों की रणनीति में स्थिरता लाने और उसे दिशा देने के लिए उत्सुक होंगे। इस सीरीज में भी भारतीय एकादश अभी तक तय नहीं हुई है और कई सीनियर खिलाड़ी टीम में नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है, जबकि नियमित कप्तान शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर चोटिल हैं।

उनकी अनुपस्थिति न केवल टीम की बल्लेबाजी को कमजोर करती है, बल्कि कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और मुख्य कोच गंभीर को भी अपनी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निभाने के लिए बाध्य करती है। मध्यक्रम की पहेली और भी नाजुक है। प्रबंधन को यह तय करना होगा कि ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को चुना जाए या फिर नितीश कुमार रेड्डी को। तिलक वर्मा ने खुद को भरोसेमंद बल्लेबाज साबित किया है और टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में रखना चाहेगा। यह भी देखना होगा कि अगर कप्तान केएल राहुल विकेटकीपिंग करते हैं तो क्या ऋषभ पंत को अंतिम एकादश में जगह मिलेगी या नहीं। बुमराह और सिराज की अनुपस्थिति में गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव पर होगी।दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज में जीत के बाद आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा। वह इस प्रारूप में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगा। तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति से गेराल्ड कोएट्जी और नांद्रे बर्गर जैसे गेंदबाजों के लिए भारतीय परिस्थितियों में जिम्मेदारी संभालने का रास्ता खुल गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज एक बार फिर धीमी पिचों पर अहम भूमिका निभाएंगे। दक्षिण अफ्रीका का बल्लेबाजी विभाग मजबूत है जिसमें क्विंटन डी कॉक, कप्तान तेम्बा बावुमा, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस और टोनी डी जॉर्जी आदि शामिल है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीकाः** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, प्रेनेलन सुब्रायन।

## जय शाह को उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से किया सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह को इंडियन ऑफ द ईयर पुरस्कार समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट में योगदान के लिए उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

शाह ने शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अपना पुरस्कार भारतीय महिला क्रिकेट और हाल ही में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम को समर्पित किया। शाह ने कहा, ''हरमन (हरमनप्रीत कौर) यहां हैं। झूलन (गोस्वामी) दी और मिताली (राज) भी यहां हैं और मैं यह पुरस्कार आप सभी को समर्पित करना चाहता हूं।'' शाह आईसीसी अध्यक्ष बनने से पहले दिसंबर 2024 तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव भी रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पुरुष और महिला क्रिकेटरों के बीच वेतन समानता लागू करने और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) शुरू करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। (अनंत ज्ञान)

## विश्व कप फुटबॉल के ड्रॉ का बहिष्कार करेगा ईरान

**एजेंसी, दुबई।** ईरान ने अगले सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले विश्व कप फुटबॉल 2026 के ड्रॉ का बहिष्कार करने का फैसला किया है, क्योंकि अमेरिका ने उसके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने दी। एजेंसी ने ईरानी फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता अमीर महदी अलवी के हवाले से शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों को वीजा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जो खेल संबंधी चिंताओं से परे हैं। अमेरिका ने इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। अलवी ने कहा कि महासंघ ने फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से संपर्क किया है और उम्मीद है कि वह इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेगा। फीफा ने भी इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जून में ईरान समेत 12 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इस सूची में हैती भी शामिल है, जिसने पिछले सप्ताह विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी। (अनंत ज्ञान)

## रोहित शर्मा-विराट कोहली पर वनडे सीरीज के बाद होगा बड़ा फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**अहमदाबाद में बोर्ड, कोच और चयनकर्ताओं की होगी अहम बैठक**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलने के बाद भारतीय टीम अब वनडे मुकाबलों में उतरेगी। टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी से फैंस उत्साहित हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर सवाल भी उतने ही बड़े हैं। क्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी वनडे में दिखाई गई लय बरकरार रहेगी? और क्या यह जोड़ी 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेल पाएगी?

सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने दोनों खिलाड़ियों को फिलहाल फिटनेस और फॉर्म पर ही ध्यान केंद्रित करने और भविष्य को लेकर किसी भी टिप्पणी से बचने की सलाह दी है। भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज शुरू होने से पहले ही असली मोड़ सामने आ गया है। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई तीसरे वनडे के बाद अहमदाबाद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करेगा। इसमें बोर्ड अधिकारी, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा रोहित और कोहली के 2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी भूमिका और रोडमैप पर स्पष्टता देना होगा।

एक बोर्ड सूत्र के अनुसार, 'रोहित और कोहली जैसे बड़े खिलाड़ियों को उम्मीदों और उनकी भूमिका के बारे में साफ संदेश दिया जाना जरूरी है। वे अनिश्चितता में नहीं खेल सकते।' सूत्रों के मुताबिक, रोहित को पहले ही यह बता दिया गया है कि वे केवल अपनी फिटनेस और प्रदर्शन पर ध्यान दें और भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। (अनंत ज्ञान)

## ओजस्विनी ने डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप जीती

**एजेंसी, नई दिल्ली**




ओजस्विनी सारस्वत ने यहां दिल्ली गोल्फ क्लब में 222 के कुल स्कोर के साथ 15वीं डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

इस प्रतियोगिता में 115 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें सारस्वत ने 222 अंकों के साथ ट्रॉफी जीती, जबकि केया बड़ुगु (225) दूसरे और योग्या भल्ला (232) तीसरे स्थान पर रही। अन्य खिलाड़ियों में प्रतियोगिता के अंतिम दिन एशम अग्निश ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पांचवें होल पर एक शानदार होल-इन-वन दर्ज किया। पिछले वर्षों की तरह इस साल भी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता से विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग अंक हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

## अदालत ने केएससीए अध्यक्ष पद के लिए शांत कुमार की उम्मीदवारी को मंजूरी दी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** केएन शांत कुमार को शनिवार को राहत मिली जब उच्च न्यायालय ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष पद के लिए उनके नामांकन पत्र को वैध घोषित कर दिया और निर्वाचन अधिकारी के पूर्व के फैसले को रद्द कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश का मतलब है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद को अब सात दिसंबर को होने वाले चुनावों के दौरान केएससीए अध्यक्ष पद के लिए चुनौती मिलेगी।

उच्च न्यायालय ने केएससीए के निर्वाचन अधिकारी से अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने को भी कहा। निर्वाचन अधिकारी के 24 नवंबर के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने कहा कि बाकी चुनावी प्रक्रिया उच्च न्यायालय द्वारा पहले तय किए गए कैलेंडर के अनुसार ही होनी चाहिए। शांत कुमार के नामांकन को इससे पहले तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया गया था। उन्होंने पीटीआई से कहा, ''इसे देखने का सिर्फ एक ही तरीका है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। मुझे बहुत राहत मिली है कि अदालत ने देखा कि मैं पात्र हूं और अब हम चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं।''

तो क्या उन्हें नया नामांकन दायर करने की जरूरत है? द प्रिंटर्स (मैसूर) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शांत कुमार ने कहा, ''जहां तक मैं समझ सकता हूं, (मौजूदा) नामांकन बरकरार रहेगा क्योंकि अदालत ने निर्वाचन अधिकारी का आदेश रद्द कर दिया है। निर्वाचन अधिकारी ने मेरा नामांकन खारिज कर दिया था। और यही (निर्वाचन अधिकारी का) आदेश है जिसे लेकर हम अदालत की शरण में गए थे, इसे रद्द करने की अपील की थी।'' उन्होंने कहा, ''तो अदालत ने निर्वाचन अधिकारी का मेरा आवेदन खारिज करने का आदेश रद्द कर दिया है। इसलिए नामांकन कायम है।'' (अनंत ज्ञान)

## अदिति अशोक संयुक्त 11वें स्थान पर, अवनि प्रशांत शीर्ष 20 में पहुंची

**एजेंसी, मलागा (स्पेन)**



भारत की गोल्फर अदिति अशोक यहां एंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना में दूसरे राउंड के बाद शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गई जबकि अवनि प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 20 में जगह बना ली।

इस प्रतियोगिता की पूर्व विजेता अदिति ने दूसरे राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और अब वह पांच अंडर 139 के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गई है। अवनि ने दूसरे राउंड में तीन अंडर 69 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड हासिल किया, जिससे उनका स्कोर चार अंडर हो गया और वह संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स (71) एक ओवर के कुल स्कोर पर 47वें स्थान पर जबकि हिताशी बख्शी (76) और दीक्षा डागर (75) दोनों संयुक्त 64वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## बीसीसीआई विजय मर्चेंट ट्रॉफी

### हिमाचल की अंडर-16 मेन टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बीसीसीआई विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2025 के लिए हिमाचल की मेन टीम का चयन कर लिया गया है। हिमाचल की टीम प्रतियोगिता में अपना पहला मैच सौराष्ट्र के साथ खेलेगा। यह मैच 7 से 9 दिसंबर तक विजयवाड़ा में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 12 से 14 दिसंबर तक हरियाणा के साथ, 18 से 20 दिसंबर तक दिल्ली के साथ, 23 से 26 दिसंबर तक महाराष्ट्र और 29 से 31 दिसंबर तक हैदराबाद के साथ होगा। सभी मैच विजयवाड़ा में ही खेले जाएंगे।

उधर, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने इस टीम का चयन हैदराबाद और विजयवाड़ा में पुरुष अंडर-16 अभ्यास मैच और बीसीसीआई विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए एक साथ किया है। अंडर-16 पुरुष टीम की कमान कांगड़ा के आदिल राणा को सौंपी गई है। इसके अलावा अभय चंदेल बिलासपुर, अखिलेश गौतम बिलासपुर, प्रिंस सुरिंदर ठाकुर बिलासपुर, अक्षित ठाकुर चंबा, कनिष्क शर्मा हमीरपुर, साहिल कुमार हमीरपुर, तनीश कुमार कांगड़ा, वेदांत शर्मा कुल्लू, आदिश मिन्हास मंडी, अथर्व आर्य शिमला, हार्दिक शर्मा सिरमौर, आर्यन मेहता सोलन, समीर सोलन, उत्तम परमार सोलन, भविष्य भारद्वाज ऊना, सुमित संधू ऊना, वैभव शर्मा ऊना को टीम में शामिल किया गया है।वहीं, अजय मोहन शर्मा कोच, तरुण कुमार शर्मा सहायक कोच, गुलशन चौधरी फील्डिंग कोच, अमृत शर्मा फिजियो, शुभम कथूरिया ट्रेनर, संदीप भास्कर वीडियो विश्लेषक, रवि कांत पार्श्व भुजा तथा मुकेश शर्मा को प्रबंधक का जिम्मा सौंपा गया है। (अनंत ज्ञान)

## महिला क्रिकेट | वुमंस प्रीमियर लीग का शेड्यूल घोषित, 5 फरवरी को होगा फाइनल

# मुंबई इंडियंस-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा डब्ल्यूपीएल का पहला मैच

**एजेंसी, मुंबई**




हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम चौथी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन मैच में नौ जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी।

डब्ल्यूपीएल का फाइनल पहली बार सप्ताहांत पर नहीं होगा। इस बार प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार (पांच फरवरी) को खेला जाएगा। ऐसा पुरुषों के टी20 विश्व कप से टकराव से बचने के लिए किया गया है जो उसी सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। टी20 विश्व कप की शुरुआत सात फरवरी (शनिवार) को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मैच से होगी।

इस बार डब्ल्यूपीएल 28 दिन तक चलेगा और इसमें 22 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन दो स्थानों पर किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की महिला आईसीसी विश्व कप जीत का गवाह बना डीवाई पाटिल स्टेडियम शनिवार को घोषित कार्यक्रम के अनुसार पहले 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें 10 और 17 जनवरी को होने वाले दो-दो मैच भी शामिल हैं। यहां बाकी सभी मैच शाम के सत्र में खेले जाएंगे।

इसके बाद लीग वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जहां शेष 11 मैच खेले जाएंगे। इसमें दो फरवरी को एलिमिनेटर और पांच फरवरी को होने वाला फाइनल शामिल है। यह पहली बार है जब डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी में खेला जाएगा, क्योंकि पिछले तीन टूर्नामेंट आईपीएल से ठीक पहले फरवरी-मार्च में आयोजित किए गए थे।

प्रतियोगिता के प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा पांचों टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, यूपी वॉरियर्स, गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स डबल राउंड-रॉबिन में एक-दूसरे के साथ दो बार खेलेंगी। लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल के समापन के दस दिन बाद भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी, जिसमें 15 फरवरी से नौ मार्च तक तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा।

### डब्ल्यूपीएल चौथे सत्र का कार्यक्रम

**नवी मुंबई में होने वाले मैच**

**9 जनवरीः** मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 10 जनवरीः यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 11 जनवरीः दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जायंट्स, 12 जनवरीः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम यूपी वॉरियर्स, 13 जनवरीः मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जायंट्स, 14 जनवरीः यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 15 जनवरीः मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स, 16 जनवरीः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स, 17 जनवरीः यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

**वडोदरा में होने वाले मैच**

**19 जनवरीः** गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 20 जनवरीः दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस, 22 जनवरीः गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स, 24 जनवरीः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 26 जनवरीः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस, 27 जनवरीः गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 29 जनवरीः यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 30 जनवरीः गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस, एक फरवरीः दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स।

**एलिमिनेटरः** तीन फरवरी, फाइनलः पांच फरवरी (दोनों वडोदरा में)।